राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 19 अक्टूबर 2025

वर्ष 07, अंक 21, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जंगली जानवर का हमला 7 ग्रामीण घायल वन विभाग की टीम जंगली जानवर की तलाश में जुटी...03

टूटा 256 यात्रियों का दीवाली सपना! मिलान से दिल्ली आने वाली Air- India की फ्लाइट तकनड्डुकी कारण से रद...12

## सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण एक्ट के तहत शुआट्स यूनिवर्सिटी के कुलपति और अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर की रद्द

**● अवैध धर्मांतरण केस में SHUATS के कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल, उनके भाई विनोद लाल और दूसरे आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश के अवैध धर्म परिवर्तन विरोधी कानून के तहत दर्ज 5 एफआईआर रद्द कर दी है**

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने सैम हिगिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के कुलपति और अन्य अधिकारियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 के तहत दर्ज एफआईआर और उसके बाद की आपराधिक कार्यवाही रद्द की। इन स्नढ्ढक्र पर लोगों का कथित रूप से जबरन ईसाई धर्म अपनाने का आरोप था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा कुलपति (डॉ.) राजेंद्र बिहारी लाल, निदेशक विनोद बिहारी लाल और संस्थान के अन्य अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इनकार करने के आदेश के खिलाफ अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिकाएं दायर की गई थीं। पक्षकारों ने कुछ FIR को एक साथ जोड़ने और उन्हें चुनौती देने की मांग करते हुए रिट याचिकाएं भी दायर कीं।

एक अन्य याचिका अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिकाओं का एक समूह है, जिसमें सभी एफआईआर रद्द करने और वैकल्पिक रूप से याचिकाकर्ताओं के खिलाफ उत्तर प्रदेश राज्य भर में दर्ज सभी समान आपराधिक शिकायतों/स्नढ्ढक्र को नैनी, इलाहाबाद स्थानांतरित करने और फिर उन सभी को एक साथ जोड़ने तथा वर्तमान याचिका के लंबित रहने तक उन पर बलपूर्वक कार्रवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया।

**जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने निम्नलिखित निष्कर्ष पढ़े-**

1. फतेहपुर जिले के कोतवाली पुलिस स्टेशन में दिनांक 15.02.2022 को दर्ज प्राथमिकी संख्या 224/2022 असाध्य कानूनी दोष से ग्रस्त है, क्योंकि इसे उस समय लागू उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम के अनुसार कानून के तहत दर्ज करने के लिए अन्यथा सक्षम नहीं व्यक्ति द्वारा दर्ज कराया गया। इसलिए एफआईआर और सभी परिणामी कार्यवाहियां रद्द की जाती हैं।

2. कोतवाली पुलिस स्टेशन में दर्ज क्रमशः FIR 55/2023 और FIR 60/2023 रद्द की जाती है, क्योंकि वे टीटी एंटनी के फैसले (जिसमें कहा गया कि एक ही अपराध पर कई एफआईआर दर्ज करना स्वीकार्य नहीं है) के अंतर्गत आते हैं। उक्त दोनों FIR से उत्पन्न होने वाली कोई भी परिणामी कार्यवाही भी समाप्त की जाती है।

3. संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत स्नढ्ढक्र रद्द करने की मांग करने वाली रिट याचिका न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के अनुसार, स्वीकार्य है। इस मामले के असाधारण तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए एफआईआर 224/2022 और एफआईआर 47/2023 रद्द करने की मांग वाली रिट याचिकाएं न केवल स्वीकार्य हैं, बल्कि विचारणीय भी हैं और इन्हें स्वीकार किया जाता है।

4. शिकायत का संस्थान और



एफआईआर 54/2023 में जांच अधिकारियों द्वारा एकत्रित सामग्री की गुणवत्ता, जांच की प्रामाणिकता के संबंध में कोई विश्वास पैदा करने में विफल रही है, जिससे यह एफआईआर रद्द करने का एक उपयुक्त मामला बन जाता है। एफआईआर नंबर 54/2023 और उससे संबंधित सभी कार्यवाहियां एतद्वारा निरस्त की जाती हैं।

5. हाईकोर्ट ने एफआईआर नंबर 538/2023 को निरस्त करने से इनकार करके एक त्रुटि की है, क्योंकि अधिनियम की धारा 4 में निहित प्रतिबंध के मद्देनजर, उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम के तहत कोई अपराध नहीं बनता। हालांकि, हम स्पष्ट करते हैं कि जहां तक भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 307, 386, 504 के तहत कथित अपराधों का संबंध है, इस मामले पर आगे विचार की आवश्यकता है। रिट याचिका को एक अलग सुनवाई के लिए अलग रखा गया। याचिकाकर्ताओं को दी गई अंतरिम सुरक्षा मामले के अंतिम निर्णय तक जारी रहेगी।

ये एफआईआर [224/2022, 47, 54, 55 और 60/2023] IPC की धारा 153ए, 506, 420, 467, 468 और 471 तथा उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 3 और 5(1) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल दिसंबर में SHUATS के कुलपति और अन्य अधिकारियों को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया। उसने कुछ अन्य मामलों में गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी थी। पिछले साल मई में एक सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने मौखिक रूप से कहा था कि धर्म परिवर्तन पर उत्तर प्रदेश कानून के कुछ हिस्से संविधान के अनुच्छेद 25 का उल्लंघन करते प्रतीत होते हैं।

**कोर्ट ने गिरफ़्तारी पर लगाई रोक**

गौरतलब है कि स्नञ्जस्-के कुलपति राजेंद्र बिहारी लाल और विनोद लाल पर विदेश से अवैध चंदा लेकर भारत में धर्म परिवर्तन का रैकेट चलाने, गरीब और कम आय वाले लोगों को लालच देकर या डरा कर उनका धर्म परिवर्तन करने, मारपीट, गैर इरादतन हत्या, गैंगरेप समेत कई आरोप हैं. सुप्रीम कोर्ट ने अवैध धर्मांतरण से जुड़े 5 मामलों में उन्हें राहत दी है. लेकिन आईपीसी की धारा 304, 306 और 504 के तहत दर्ज एक केस को जारी रखने के लिए कहा है. न्यायमूर्ति जे. बी. पारडीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने साफ किया है कि फिलहाल इस मामले में भी उनकी गिरफ्तारी नहीं होगीं।

## शैक्षणिक संस्थानों की संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को सर्कुलर जारी करने का दिया निर्देश

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि शैक्षणिक संस्थानों की संपत्ति का उपयोग वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जा सकता। यह नियम खेल के मैदानों पर भी लागू होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को इस बारे में निर्देश जारी करने का आदेश दिया है। यह फैसला गिरजा शंकर की याचिका पर आया, जिसमें एक कॉलेज में वाणिज्यिक मेले के आयोजन को रोकने की मांग की गई थी। यह निर्णय राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों पर लागू होगा।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक आदेश में कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में शैक्षणिक संस्थानों की अचल संपत्तियां जिनमें उनके खेल के मैदान भी शामिल हैं, का उपयोग किसी भी परिस्थिति में %वाणिज्यिक उद्देश्यों जैसे प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों या बिक्री के लिए नहीं किया जा सकता है।

चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को एक महीने के भीतर एक स्पष्ट और असंदिग्ध सर्कुलर जारी करने का निर्देश दिया, जिसमें राज्य भर के स्कूल और कॉलेज परिसरों में ऐसे गैर-शैक्षणिक उपयोग को प्रतिबंधित किया जाए। को

र्ट ने इस बात पर जोर दिया कि शैक्षणिक संस्थानों को संबद्धता या मान्यता देने के लिए अपना खेल का मैदान होना एक अनिवार्य विशेषता है। न्यायालय ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान के साथ खेल के मैदान के महत्व को किसी भी परिस्थिति में कम नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने के लिए होते हैं। इसलिए ऐसी संस्थाओं से संबंधित भूमि और भवन जिनमें उनके खेल के मैदान भी शामिल हैं, को किसी भी नाम से वाणिज्यिक गतिविधियों, जैसे प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों, मेलों या वस्तुओं की बिक्री आदि के लिए उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

कोर्ट ने कहा कि इन संस्थानों के बुनियादी ढांचे का उपयोग सख्ती से शैक्षिक गतिविधियों और उनसे जुड़ी गतिविधियों जैसे खेल आयोजनों, सांस्कृतिक और अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं के लिए ही किया जाना चाहिए, न कि किसी अन्य उद्देश्य के लिए।

हाईकोर्ट का यह आदेश हमीरपुर जिले के राठ स्थित ब्रह्मानंद डिग्री कॉलेज (सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान) के परिसर में एक व्यावसायिक 'मेला' आयोजित किए जाने के खिलाफ गिरजा शंकर द्वारा दायर जनहित याचिका (PIL) पर आया।

याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि क्योंकि यह कॉलेज सरकारी सहायता प्राप्त है, इसलिए इसकी भूमि का उपयोग निजी या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने पाया कि कॉलेज के खेल के मैदान में लगे मुख्य गेट के साइन बोर्ड विजय द्वार ब्रह्मानंद महाविद्यालय खेल स्थल को भी स्वामी ब्रह्मानंद मेला महोत्सव के होर्डिंग से ढक दिया गया, जिससे परिसर का वास्तविक शैक्षणिक उद्देश्य छिपा दिया गया। संलग्न तस्वीरों में खेल के मैदान पर वाणिज्यिक स्टॉल झूले और कपड़े आदि बेचने वाली दुकानें दिखाई गई थीं।

राज्य सरकार ने यह कहकर स्पष्टीकरण देने की कोशिश की कि एस.डी.एम. (उप-विभागीय मजिस्ट्रेट) राठ ने संस्थान के मैदान का अन्य गतिविधियों के लिए उपयोग करने के प्रतिबंध से अनभिज्ञ होकर मेले की अनुमति दी थी।

कोर्ट ने इस स्पष्टीकरण को पूरी तरह से भ्रामक करार देते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने पाया कि एसडीएम ने अनुमति देने के लिए जिस 2011 के सरकारी आदेश का हवाला दिया। वह केवल विरोध प्रदर्शनों और रैलियों से संबंधित था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि अनुमति प्रारूप में आंदोलन और राजनीतिक कार्यक्रम जैसे शब्दों को प्रदर्शनी से बदल दिया गया, जो कि एक ढोंग था।

कोर्ट ने जोर देकर कहा कि कोई भी सांविधिक कानून शैक्षणिक संपत्ति के व्यावसायिक उपयोग की अनुमति नहीं देता है। यह मामला महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों से जुड़ा है। इसलिए कोर्ट ने राज्य को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और शैक्षणिक संस्थानों के सभी स्तरों पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक सर्कुलर जारी करने का निर्देश दिया। रजिस्ट्री को भी आदेश की एक प्रति अनुपालन के लिए मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश को भेजने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में मनाया गया दीपावली उत्सव



**निगोहां।** निगोहां कस्बे में स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में शनिवार को दीपावली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीप प्रज्वलन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई सांस्कृतिक कार्यक्र?मो में सर्वप्रथम बच्चों द्वारा प्रार्थना की गई, फिर प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किया गया और राम-वनवास, सीता-हरण, हनुमान मिलन, राम-रावण युद्ध व राजतिलक इत्यादि प्रसंगों का मार्मिक मंचन किया गया। सीनियर व जूनियर छात्र - छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य व गीत प्रस्तुत किए गए। विद्यालय परिसर तालियों की गडगडाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा-11 की छात्रा अभिता त्रिपाठी व छात्र आर्यन शुक्ल द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अभय दीक्षित को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय में उपस्थित बच्चों को असत्य पर सत्य की विजय के साथ ही दीपावली का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अचानक पहुंचे अश्विनी वैष्णव, भीड़ प्रबंधन का लिया जायजा; यात्रियों से की बात

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचकर भीड़ प्रबंधन और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। निगरानी के लिए रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलवे कार्यालय और मंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। रेल मंत्री ने अजमेरी गेट की तरफ बनाए गए होल्डिंग एरिया, प्लेटफार्म और सीसीटीवी कैमरा निगरानी कक्ष का निरीक्षण किया। अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने यात्रियों से भी बात की। उन्होंने कहा, शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक साथ 75 हजार से अधिक यात्री पहुंचे।

## एमपी में अवैध खनन का विरोध करने पर दलित पर पेशाब किया, पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मध्य प्रदेश में फिर से दलित के साथ अमानवीय अत्याचार का शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। कटनी जिले के मटवारा गाँव में एक दलित युवक के साथ अमानवीय और दिल दहला देने वाली इस घटना ने पूरे राज्य सहित देश को स्तब्ध कर दिया है। अवैध खनन का विरोध करने पर चार लोगों ने कथित तौर पर राजकुमार चौधरी नामक युवक को लाठी-डंडों से पीटा, जातीय गालियां दीं और उसके चेहरे पर पेशाब कर दिया।

यह घटना 14 अक्टूबर की शाम को हुई, जब पीड़ित अपनी मां के साथ घर लौट रहा था। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है, लेकिन आरोपी अभी फरार हैं।

मटवारा गाँव में सरपंच रामानुज पांडेय द्वारा ग्राम पंचायत भवन निर्माण के लिए किये जा रहे अवैध बजरी खनन के मामले ने तूल पकड़ लिया।

एक गरीब दलित किसान पीड़ित राजकुमार चौधरी ने अपनी खेत के पास रामगढ़ा पहाड़ी पर सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध उत्खनन का विरोध किया। शिकायत के अनुसार उन्होंने बताया कि 13 अक्टूबर की शाम को उन्होंने खनन करने वाले राम बिहारी हलधर को रोका, तो उसे जातीय अपशब्दों से अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई।

### इस स्टेशन के रेलवे कर्मचारियों की अनूठी परंपरा, ट्रेन हादसा रोकने के लिए करते हैं मां काली की पूजा

**चक्रधरपुर।** सरक्षा एवं सुरक्षा के लिए हर वर्ष चक्रधरपुर स्टेशन के समीप रेलकर्मी करते है मां काली की धूमधाम से पूजा। पूजा के लिए स्टेशन काली पूजा समिति द्वारा भव्य पंडाल का निमार्ण किया जा रहा है। पूजा के आयोजकों ने बताया कि 1973 से काली पूजा की शुरूवात की गई थी। 20 से 23 अक्टूबर तक यहां कालीपूजा महोत्सव मनेगा। 20 अक्टूबर की शाम को पंडाल का उद्घाटन चक्रधरपुर रेल मंडल के डीआरएम तरुण हुरिया द्वारा किया जाएगा। वहीं पूजा उत्सव के दौरान 21 अक्टूबर को चक्रधरपुर मंडल सांस्कृतिक संघ की ओर से आकर्षक गीत संगीत रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वहीं 22 अक्टूबर को स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कराओके गायन का आयोजन होगा। आयोजक समिति ने कालीपूजा पंडाल को बनाने का कार्य कोलकाता के बापी टेंट हाउस को सौपा है। टेंट हाउस के 10 कारीगर दिन रात कार्य कर पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हुए है। पंडाल को काल्पनिक मंदिर का स्वरूप दिया जा रहा है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस बना हंगामे का अखाड़ा, किसानों का फूटा गुस्सा- जमकर की नारेबाजी

**● ......भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष राजेश रावत के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन, खाद और मुआवजा न मिलने पर गरजे किसान, बोले – "यह सम्पूर्ण नहीं मूर्ख समाधान दिवस है"।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**मोहनलालगंज/ लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील परिसर में शुक्रवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उस वक्त हंगामे का मैदान बन गया जब भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रावत के नेतृत्व में सैकड़ों आक्रोशित किसान तहसील पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। किसानों ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभा रहा है, जबकि ज़मीनी स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

जिलाध्यक्ष राजेश रावत ने मंच से तीखा हमला बोलते हुए कहा कि किसानों को समय से खाद नहीं मिल रही है, जिससे खेती बर्बादी के कगार पर है। वहीं, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में भी किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि ÷यह कार्यक्रम अब सम्पूर्ण समाधान दिवस नहीं बल्कि मूर्ख समाधान दिवस बन गया है, जहां समस्याएं सुनने के बाद भी हल नहीं होतीं।÷

सभा कक्ष के भीतर और बाहर, दोनों जगह किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और अपनी आवाज़ बुलंद की। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष रावत ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

इस बीच मौके पर पहुंचे एसडीएम पवन पटेल ने हालात संभालते हुए किसानों को शांत किया और उनकी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन लंबे समय तक चली नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन से तहसील परिसर में अफसरों-कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। किसानों के इस तेवर ने प्रशासन को भी चेतावनी दे दी है कि अब अगर समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलन और भी उग्र हो सकता है। तहसील में हुई इस गहमागहमी से सम्पूर्ण समाधान दिवस का पूरा माहौल राजनीतिक और जनआंदोलन के रंग में रंग गया।

## उपभोक्ताओं को बड़ी राहत, किस्तों में कर सकेंगे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत का भुगतान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** नया विद्युत कनेक्शन लेने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत (कीमत) उपभोक्ता अब किस्तों में चुका सकेंगे। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने नये कनेक्शन पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य किस्तों में लिए जाने का आदेश जारी कर दिया है। कनेक्शन के लिए आवेदन करते समय ही उपभोक्ता को किस्तों में भुगतान करने का विकल्प चुनना होगा।

गौरतलब है कि कृषि कनेक्शन को छोड़ अन्य सभी प्रकार के नये कनेक्शन सिर्फ स्मार्ट प्रीपेड मीटर से ही दिए जाने का आदेश सितंबर में जारी किया गया था। इस आदेश के बाद नये बिजली कनेक्शन की दरें सीधे छह गुणा तक अधिक हो गई। उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की लागत 6016 रुपये का भुगतान एकमुश्त करना पड़ रहा था। इस व्यवस्था से नया कनेक्शन लेने वाले गरीब उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ गई थी।

उपभोक्ताओं की दिक्कतों को देखते हुए पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने शनिवार को मीटर की लागत का भुगतान किस्तों में किए जाने का विकल्प देते हुए आदेश जारी किया है। विकल्प एक में यह है कि सिंगल फेज स्मार्ट प्रीपड मीटर के लिए आवेदक द्वारा झटपट पोर्टल पर आवेदन करते समय एकमुश्त धनराशि 6016 रुपये जमा की जा सकती है। विकल्प दो में यह है कि पोर्टल पर आवेदन के समय उपभोक्ता वर्तमान में प्रचलित कास्ट डाटा बुक में प्रविधानित सिंगल फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य किस्तों में जमा कर सकता है।

झुग्गी झोपड़ी व पटरी दुकानदारों के मामले में उपभोक्ता प्रीपेड मीटर की लागत के लिए दिए गए दो विकल्पों में से किसी एक विकल्प का चयन कर कर सकता है। पहला यह है कि 160 रुपये प्रति माह की



दर से 60 महीने तक तथा दूसरा कनेक्शन के समय 1000 रुपये का भुगतान करते हुए शेष राशि 125 रुपये प्रति माह की दर से 60 माह तक दे सकता है। झुग्गी झोपड़ी एवं पटरी दुकानदारों के अलावा अन्य उपभोक्ता यदि प्रीपेड मीटर की लागत का भुगतान किस्तों में करना चाहते हैं तो लाइसेंसी द्वारा मीटर की लागत 12 समान किस्तों में वसूली जाएगी। जिस पर 12.50 प्रतिशत की दर से स्थानांतरित बकाया शुल्क लागू होगा

## राहुल गांधी पटरी से उतरे हुए 'दलितों के नाम पर कर रहे राजनीति', बृजेश पाठक ने कांग्रेस पर साधा निशाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऊपर तीखा प्रहार करते हुए कहा- "राहुल गांधी पूरी तरह भ्रमित और पटरी से उतरे हुए हैं। उनको पता ही नहीं कि कहां क्या हो रहा है।" बृजेश पाठक ने रायबरेली में वाल्मीकि समाज के हरिओम की हत्या के दुखद मामले को लेकर कांग्रेस की तरफ से जारी घटिया राजनीति की आलोचना की।

फतेहपुर के हरिओम की हत्या मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा लगाए गए दलित उत्पीड़न के आरोपों पर बृजेश पाठक ने कहा- "भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दलित स्वाभिमान की लड़ाई प्राथमिकता से लड़ रही है। आज उत्तर प्रदेश में दलित समाज, पिछड़ा समाज सुख चैन की जिंदगी जी रहे हैं और जीवन के हर पहलू में उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिल है।"

**कांग्रेस शासित राज्यों में दलितों पर अत्याचार**

कांग्रेस सरकारों की आलोचना करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को याद करना चाहिए- जब उनकी सरकारें थीं, वह चाहे उत्तर प्रदेश हो या आज भी कर्नाटक, हिमाचल या तेलंगाना जैसे राज्य- वहाँ दलितों का क्या हाल है। कांग्रेस की सरकारें दलितों पर अत्याचार की सारी सीमाएँ लांघ चुकी हैं। आज उत्तर प्रदेश में माननीय मोदी जी के मार्गदर्शन में बेहतर ढंग से यूपी सरकार काम कर रही है।

फतेहपुर के वाल्मीकि परिवार को न्याय दिलाने के सवाल पर बृजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि योगी सरकार ने तय किया है कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। दोषियों को हर हाल में कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। योगी सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव मदद दी जाएगी। दोषियों को



इतनी कड़ी सजा मिलेगी कि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत नहीं करेगा।

**जाग चुका सनातन भाजपा के साथ एकजुट**

रायबरेली की घटना के बहाने बृजेश पाठक ने राहुल गांधी पर यूपी में सामाजिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने सलाह दी कि पहले राहुल गांधी अपने गिरेबान में देखें कि कांग्रेस सरकारों में दलितों पर किस तरह अत्याचार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लोगों में वर्ग विभेद, जाति विभेद न करें। आज सनातन जाग चुका है और एकजुट होकर भाजपा के साथ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्पदंश से महिला की मौत, मचा कोहराम



**लालगंज, प्रतापगढ़।** सर्पदंश से महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव की अड़तालिस वर्षीया राजकुमारी पत्नी राजकुमार उर्फ राजू शुक्रवार की दोपहर करीब तीन बजे गांव में बकरी चरा रही थी। इसी बीच घास के अंदर बैठे जहरीले सर्प ने महिला को डस लिया। महिला द्वारा घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। आननफानन में परिजन उसे इलाज के लिए सांगीपुर सीएचसी ले आये। यहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में चीखपुकार मच गयी। मृतका के दो पुत्र हैं, पति घर पर रहकर मजदूरी करता है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि महिला के शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पीड़ित ने की न्याय की गुहार

**चित्रकूट-** सरधुवा थाना क्षेत्र के सगवारा गांव के निवासी शिवदत्त मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र मे कहा है कि वह पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद से अपने गांव में रहता है। आरोप लगाया कि प्रत्येक माह मिलने वाली पेंशन को लेने के लिए उसकी पत्नी व बेटे उसे पीटते है और जान से मारने की धमकी देते है। पीड़ित ने न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

### कृषि भवन सभागार में 24 अक्टूबर को किसान दिवस कार्यक्रम का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि 24 अक्टूबर को किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि भवन सभागार प्रतापगढ़ में दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा।

### जल जमाव से परेशानी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के उसका बाजार कस्बा के रामनगर वार्ड में स्थित पंचायत भवन के सामने नाली जाम है। जिससे नाली में जल जमाव की समस्या बनी हुई है। जलजमाव से नागरिकों में संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना प्रबल है। यहां के नागरिकों ने प्रशासन से जल जमाव की समस्या दूर कराने की मांग की है।

### हनुमानगढ़ी चौराहे पर टूटी पाइपलाइन, सप्लाई बाधित



**तुलसीपुर।** जल निगम द्वारा बृहस्पतिवार रात बिना नगर पंचायत को सूचना दिए नई पाइपलाइन डालने का कार्य किया गया। इस दौरान नगर पंचायत की सीमेंट की पुरानी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे पानी की सप्लाई बाधित हो गई और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। साथ ही स्ट्रीट लाइट के तार भी कट गए, जिससे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और शॉर्ट सर्किट की स्थिति बन गई।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने कहा कि त्योहार के समय ऐसी लापरवाही से नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बिना सूचना कार्य कराने वाले जल निगम अधिकारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी। नगर पंचायत ने पहले ही जल निगम को त्योहारों के दौरान खोदाई कार्य न करने की चेतावनी दी थी, बावजूद इसके कार्य शुरू किया गया जिससे घंटों तक आवागमन प्रभावित रहा।

जानकारी मिलते ही नगर पंचायत कर्मी और जल निगम की टीम मौके पर पहुंची और रातभर सड़क की खोदाई कर पाइपलाइन की मरम्मत की गई, ताकि जलापूर्ति त्योहार के दौरान सुचारू रखी जा सके। जल निगम के जेई पवन कुमार सिंह ने बताया कि पाइपलाइन डालना अत्यावश्यक था। ड्रिल मशीन से सड़क के नीचे पाइप डालने की कोशिश की जा रही थी ताकि सड़क न खोदी जाए, लेकिन नीचे पुरानी सीमेंट लाइन आने से समस्या उत्पन्न हुई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**●जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 11 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 01 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील मुसाफिरखाना में 17 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दीपावली मेला ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को किया गया ब्रीफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चित्रकूट-** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अजीत कुमार एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा राजेश एस ने शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में दीपावली/कार्तिक अमावस्या मेला ड्यूटि में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया। अधिकारियों ने समस्त पुलिस बल को समय से ड्यूटी पर तैनात होने व सभी श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए। बताया कि दीपावली अमावस्या मेले को सकुशल संपन्न करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को आठ जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 17 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 22 थाना प्रभारी निरीक्षक, 35 निरीक्षक, 258 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 13 महिला उपनिरीक्षक, 892 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 124 महिला आरक्षी, 12 उपनिरीक्षक यातायात, 88 मुख्य आरक्षी/आरक्षी यातायात, 03 पीएससी कंपनी, 05 उपनिरीक्षक एलआईयू, 37 मुख्य आरक्षी/आरक्षी एलआईयू, 03 क्रेन, 03 एसचेक टीम, 02 डॉग स्क्वायड, 05 फायर टेण्डर, 02 फ्लड पीएसी की ड्यूटि लगाई गई है।

अधिकारियों ने कहा कि दीपावली बहुत बड़ा पर्व है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु चित्रकूट आते है। दीपावली मेला को सकुशल संपन्न कराना है। सभी श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करें। सभी श्रद्धालु तीर्थ क्षेत्र से सुखद अनुभूति लेकर जाएं, यही सबका दायित्व है। मेले के दौरान अफवाह से बचने का विशेष ध्यान दें। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में भीड़ बढ़ने पर सूचनाओं का आदान प्रदान करें। कोई भी समस्या होने पर उच्चाधिकारियों को अवगत अवश्य कराएं। कहा कि सभी संबंधित अधिकारी व पुलिस अधिकारी पूर्व के अनुभव का प्रयोग करते हुए मेला को सकुशल संपन्न कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अरविंद कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ फ्हद अली, क्षेत्राधिकारी कार्यालय यामीन अहमद सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## चोरी के ऑटो सहित वाहन चोर को पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** चोरी की घटनाओं के खुलासों के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा पुलिस टीम ने चोरी के ऑटो सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि बीते शुक्रवार को थाने के उपनिरीक्षक राजेश कुमार, सुभाष राम व आरक्षी राघवेन्द्र राजपूत द्वारा धनतेरस व दीपावली पर्व के दृष्टिगत बोडी पोखरी चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सूचना मिली कि एक अपराधी कुछ दिनों पूर्व नयागांव जनपद सतना (म0प्र0) से एक ऑटो चोरी किया है, वह लालापुर की तरफसे आ रहा है। इस पर पुलिस टीम ने अगरहुण्डा नहर पुलिया के पास पहुँचकर लालापुर की तरफसे आ रहे तीन पहिया वाहन ऑटो को रोककर पूछताछ की। जिस पर संदिग्ध ऑटो चालक ने अपना नाम कमल निषाद उर्फचिर्री निवासी बहादुरपुर कोतवाली कर्वी बताया। पुलिस टीम ने ऑटो का निरीक्षण करते हुए प्रपत्र मांगे तो वह नहीं दे पाया। जिसके बाद संदेह होने पर वाहन का विवरण वेबसाइट के माध्यम से चेक किया गया। जिस पर वाहन स्वामी का नाम भक्तराज त्रिपाठी निवासी जानकी कुण्ड दिखा। पुलिस टीम द्वारा मोबाइल नंबर के माध्यम से सम्पर्क करने पर वाहन स्वामी ने बताया कि उसका ऑटो बीती 14 अक्टूबर की रात घर के बाहर से दो व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट थाना-नयागांव जनपद सतना (म0प्र0) में दर्ज है। जिसके बाद पुलिस टीम ने पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह ऑटो चलाता है तथा उसने अपने साथी शिब्बू उर्फ शिवम निवासी रैपुरा के साथ मिलकर बीती 14 अक्टूबर की रात्रि जानकीकुण्ड से यह आटो चोरी किया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## गोशाला में बंधे बछड़े को तेंदुए ने बनाया निवाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर - महराजगंज तराई।** बरहवा रेंज के रामगढ़ मैटहवा गांव में रात तेंदुए ने गोशाला में बंधे एक बछड़े पर हमला कर उसे निवाला बना लिया। गांव के लोगों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़वाने की मांग की है। ग्राम निवासी रामनरेश चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 12 बजे उनकी गोशाला से मवेशियों के चिल्लाने की आवाज आई। टॉर्च जलाकर देखा तो तेंदुआ गोशाला में बंधे बछड़े पर हमला कर चुका था। शोर मचाने पर तेंदुआ बछड़े को खींचते हुए बाहर भाग गया और पास के गन्ने के खेत में चला गया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से तेंदुआ आसपास के इलाकों में सक्रिय है और मवेशियों को निशाना बना रहा है। गांव के तुलाराम यादव, ओमप्रकाश, अशोक मिश्रा, राजन व रमेश ने कहा कि तेंदुए के लगातार दिखने से लोग भयभीत हैं। वन विभाग को सूचना दी गई है और गांव में पिंजरा लगाने की मांग की गई है। बरहवा रेंजर बृजेश सिंह परमार ने बताया कि वन विभाग की टीम मौके पर भेजी गई है। ग्रामीणों से सतर्क रहने, बच्चों और मवेशियों को घर के अंदर सुरक्षित रखने तथा रात में अकेले न निकलने की अपील की गई है।

**झौव्वा गांव में रात भर जागते रहे ग्रामीण**

गौरा चौराहा। तुलसीपुर रेंज के ग्राम झौव्वा में रात तेंदुए की हरकतें फिर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। इसके बाद आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण पूरी रात टॉर्च और लाठी-डंडा लेकर पहरा देते रहे। पूर्व प्रधान अनूप पाल सिंह ने बताया कि धान की कटाई शुरू हो चुकी है, ऐसे में खेतों में काम करने वालों के लिए खतरा बढ़ गया है। ग्रामीण सलीम, हसन, गोपाल, हद्दीश, सैयद अली व रामदीन ने गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**प्रतापपुर पिपरा में दिखा तेंदुआ**

जरवा। तुलसीपुर रेंज के प्रतापपुर पिपरा दुर्गानगर गांव में भी रात तेंदुआ दिखने से अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर किसी तरह तेंदुए को भगाया। गांव के तकाऊ मौर्य, संजय, रामजी, ओमप्रकाश, पद्मावती, मुन्नालाल व राममनोहर ने बताया कि करीब 25 दिन पहले भी तेंदुआ एक कुत्ते और दो बकरियों को अपना शिकार बना चुका है। रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया कि मौके पर टीम भेजी गई है, हालांकि ताजे पगचिह्न नहीं मिले हैं। ग्रामीणों को जागरूक रहने की सलाह दी गई है और सुरक्षा को लेकर गांव में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

## धनतेरस पर, सजी बाजारें, ऑफर की बहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** धनतेरस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। दीपावली के आगमन से पहले ही बाजारों में रौनक छाई हुई दिखी। सड़कों पर चहल-पहल और रंग-बिरंगी सजावट ने त्योहार की चमक बढ़ा दी है। कपड़ा, आभूषण, ऑटोमोबाइल और बर्तन की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस पर्व मनाया जाता है। इस दिन खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। इसी परंपरा के चलते लोग सोना-चांदी, बर्तन, कपड़े और अन्य सामग्री की खरीदारी में जुटे हैं। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास ऑफर पेश किए हैं। कपड़ा व्यापारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि भीड़ के चलते बिक्री में तेजी आई है। तीन हजार की खरीद पर 500 रुपये छूट दी जा रही है। ऑटोमोबाइल व्यापारियो ने बताया कि बाइक बुकिंग पर 5,000 से 15,000 रुपये तक की छूट दी जा रही है और कई ग्राहकों को उपहार में चांदी के सिक्के भी दिए जा रहे हैं। झालर विक्रेताओ ने बताया कि इस बार देसी झालरों की मांग विदेशी झालरों से कहीं अधिक है। बर्तन बाजार में भी ग्राहकों की भीड़ देखने को मिल रही है। बर्तन विक्रेताओ ने बताया कि सिल्वर और गोल्ड टच वाले बर्तनों की मांग ज्यादा है। प्लेट, थाली, गिलास और प्रेशर कुकर भी डिमांड में हैं। इसके अलावा घरेलु सजावट, मूर्तियां व खिलौने की दुकानें भी सज गई हैं।

## मीडियम स्कूल में दीप एवं रंगोली कंपटीशन का हुआ आयोजन

**●राम कुमार स्मारक इंटर कालेज एवं आर के कान्वेंट इंग्लिश**

**उच्च कोटि की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाना जाता है रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** रामकुमार स्मारक इंटर कॉलेज एवं आरके कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल में दीपोत्सव एवं रंगोली कंपटीशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया।। विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों पर बहुत गर्व होता है जब छोटे बच्चों के मन में अपने देश के प्रति स्नेह देखने को मिलता है।राम कुमार स्मारक इंटर कालेज इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने रंगोली के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर को दर्शाया। शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक आयोजन करने वाला यह विद्यालय बच्चों के अंदर राष्ट्रभक्ति जागने का कार्य भी करता है। बच्चों को नैतिक जिम्मेदारियां, राष्ट्र के प्रति प्रेम, समाज के प्रति मर्यादा की भी शिक्षा देता है। बेहतर और उच्च कोटि की शिक्षा के लिए यह विद्यालय जाना जाता है। विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला द्वारा क्षेत्र के कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष सुविधा भी दी जाती है। तथा त्योहारों में त्योहारों के महत्व के बारे में भी बताया जाता है आर के कान्वेंट स्कूल जो की इंग्लिश मीडियम की शिक्षा देता है। लेकिन धार्मिक त्योहारों के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक करने का कार्य करता है। विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि दीपावली का त्यौहार हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण त्यौहार है क्योंकि इसी दिन भगवान राम 14 वर्ष के वनवास के उपरांत रावण का वध करने के उपरांत अयोध्या में आए थे। और अयोध्या वासियों ने अपने भगवान के आने की खुशी में अपने राजा राम के आने की खुशी में पूरी अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया था तब से लेकर अब तक दीपोत्सव का कार्यक्रम दीपावली का त्योहार पूरे देश में सनातन धर्म के लोग हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। खासकर हम सभी लोग अवध क्षेत्र में आते हैं इसलिए हम सभी लोगों में एक विशेष ही उत्साह होता। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला, प्राचार्य सुशील शुक्ला, व अन्य स्टाफ तथा विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## धनतेरस पर गुलजार रहे बाजार लोगों ने की जमकर खरीदारी नये वाहन, सोना, चांदी व बर्तन की हुई रिकॉर्ड बिक्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** धनतेरस पर बाजार गुलजार देखे गए, लोगों ने जमकर खरीदारी की चांदी, सोना और बर्तन की रिकॉर्ड बिक्री हुई बताते चलें कार्तिक माह (पूर्णिमान्त) की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र-मंन्थन के समय भगवान धन्वन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनने का निर्णय लिया है कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी जैन आगम में धनतेरस को धन्य तेरस 'या ध्यान तेरस 'भी कहते हैं। भगवान महावीर इस दिन तीसरे और चौथे ध्यान में जाने के लिये योग निरोध के लिये चले गये थे। तीन दिन के ध्यान के बाद योग निरोध करते हुये दीपावली के दिन निर्वाण को प्राप्त हुये। तभी से यह दिन धन्य तेरस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस दिन लोग सोने चांदी के आभूषण तांबा, पीतल के बर्तन आदि खरीदने हैं विधि विधान पूर्वक पूजन करते हैं तथा सुख समृद्धि के साथ धन्य धाम से परि पूर्ण होने की कामना करते हैं। बाजारों में सुबह से लेकर शाम तक चहल-पहल देखी गई। हिंदू धर्म में सनातन धर्म में धनतेरस का विशेष महत्व है। धनतेरस सुख समृद्धि का त्योहार माना जाता है ऐसे में लोग जमकर खरीदारी करते हैं नया वाहन, सोने चांदी के आभूषण व बर्तनों की जमकर खरीदारी होती है दुकानदारों को इस त्योहार से विशेष उम्मीद होती है। इस बार धनतेरस में जमकर बिक्री हुई दुकानदारों के चेहरे खिले रहे।

## प्राधिकरण सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:-** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के निर्देशन में शनिवार को प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने सदर तहसील क्षेत्र के विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने कुछ वृद्धजनों को आराम करते हुए एवं कुछ वृद्धजनों को टी.वी. देखते हुये पाया। उन्होंने वृद्ध संवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं व खान-पान के बारे में जानकारी ली। जिस पर सभी वृद्धजनों ने बताया कि भोजन व नास्ता समय से दिया जाता है। वृद्धजन फूलचन्द्र ने पैर में चोट लगी होने व ननकू द्वारा दमा की समस्या व चक्कर आने की समस्या बताई गई। जिस पर प्राधिकरण सचिव ने वृद्धजनों से चिकित्सक के आने की जानकारी ली, इस पर बताया गया कि बीती एक अक्टूबर को आए थे। प्राधिकरण सचिव ने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया गया कि मुख्य चिकित्साधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये प्रत्येक सप्ताह चिकित्सकों का कैम्प लगवाएं। प्राधिकरण सचिव ने वृद्धाश्रम में तैनात अधिकार मित्र रवि कुमार से उनके कार्य के बारे में पूंछा, जिनके द्वारा कोई सन्तोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिले 62 मामले, 7 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील डुमरियागंज़ में जिलाधिकारी डा0 राजागपति आर0 की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तहसील डुमरियागंज़ में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज़ में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 62 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-46, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-06, विकास-02, अन्य-08 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा राजस्व के 07 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन के भीतर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीएसओ देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तुलसीपुर ब्लॉक के सोनपुर धुतकहवा में हैंडपंप रिपेयरिंग के नाम पर लाखों का घोटाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर /तुलसीपुर-** विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनपुर धुतकहवा में भ्रष्टाचार का एक और मामला सामने आया है। पंचायत में हैंडपंप रिवोर /रिपेयरिंग और रिबोर कार्यों के नाम पर लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं, जबकि गांव के हैंडपंप आज भी जर्जर अवस्था में पड़े हैं। ग्रामीणों चिंनकान अजमल सोनू जयसवाल आदि का कहना है कि अधिकांश हैंडपंप महीनों से खराब हैं, लेकिन अधिकारी और पंचायत सचिव योगेंद्र व प्रधान ने कागज़ों में मरम्मत दिखाकर धन का बंदरबांट कर लिया। गांव के कई वार्डों में लगे हैंडपंपों से न तो पानी निकल रहा है और न ही उनकी सफाई-रखरखाव का कोई ध्यान दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की भारी किल्लत झेलनी पड़ी थी, बावजूद इसके पंचायत ने मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर डाले।

ग्रामीण असलम सोनू जायसवाल चिंनकान अजमल का कहना है कि "हम लोगों ने कई बार शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हैंडपंप आज भी सूखे पड़े हैं, और ग्राम पंचायत अधिकारी योगेंद्र व प्रधान सिर्फ फाइलों में काम पूरा दिखा रहे हैं।" सूत्रों के मुताबिक, पंचायत सचिव योगेंद्र ग्राम व पंचायत प्रधान और संबंधित तकनीकी सहायक /जे ई की मिलीभगत से रिबोर और रिपेयरिंग कार्यों का भुगतान कर दिया गया है, जबकि अधिकांश स्थानों पर काम हुआ ही नहीं। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उधर, जब इस मामले पर संबंधित ब्लॉक अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि "मामले की शिकायत मिली है, जांच कराई जाएगी, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी।" गांव के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही जांच नहीं हुई तो वे जिलाधिकारी और शासन स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों की पीड़ा और सरकारी लापरवाही से साफ है कि सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत कुछ और ही है – फाइलों में विकास और ज़मीन पर हकीकत में बदहाली।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन माह से वेतन न मिलने पर आशाओं, संगिनी का कलम बंद आंदोलन

**रेउसा सीतापुर-** प्रदेश की आशा और आशा संगिनी कार्यकर्ताओं ने तीन से चार महीनों से वेतन न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष सीमा सिंह के नेतृत्व में रेउसा सीएचसी की समस्त आशाओं ने कलम बंद आंदोलन का फैसला लिया है दीपावली के दो दिन बाद से उत्तर प्रदेश के सभी ब्लॉकों की आशा व आशा संगिनी सीएससी एवं पीएससी केंद्रों पर दो दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर बैठेंगी।

समिति की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार द्वारा पिछले कई महीनों से भुगतान न होने के कारण कार्यकर्ताओं को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों के समय भी वेतन न मिलना उनके परिवारों पर बोझ बन गया है। सीमा सिंह ने कहा कि यह आंदोलन केवल वेतन के लिए नहीं, बल्कि आशा बहनों की मेहनत और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने सभी आशाओं से एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। उन्होंने कहा, "जब तक हमारे खातों में रुका हुआ भुगतान नहीं आ जाता, तब तक यह कलम बंद आंदोलन जारी रहेगा।"

प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य कार्य स्थगित रहेंगे। उन्होंने कहा, "अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता, इसलिए संगठन की एकजुटता ही हमारी ताकत है।"

### उप्र- खुद को न्यायिक अधिकारी बताकर बैंक से धोखाधड़ी करने का प्रयास करने वाली महिला गिरफ्तार



**बिजनौर** जिले की पुलिस ने खुद को न्यायिक अधिकारी बताकर हर एक निजी बैंक से कर्ज लेने की कोशिश करने वाली महिला, उसके चालक और एक कथित पेशकार सहित तीन लोगों को जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने एक निजी बैंक से फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से 30 लाख रुपये का 'पर्सनल लोन' लेने का प्रयास किया था। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कृष्ण गोपाल ने बताया कि महिला की पहचान आयशा परवीन के रूप में हुई है, जिसने खुद को रामपुर में तैनात न्यायाधीश बताया था। उन्होंने बताया कि आयशा ने अनस नामक एक स्थानीय अधिवक्ता के साथ मिलकर बिजनौर स्थित बैंक शाखा में 30 लाख रुपये के कर्ज के लिए आवेदन किया और दस्तावेज जमा कराए। एएसपी ने बताया कि बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत कर दिया गया था और शुक्रवार को आरोपी महिला को रकम खाते में अंतरित करने के लिए बुलाया गया था। आयशा ने ऋण आवेदन के साथ देहरादून के एक बैंक का खाता विवरण (स्टेटमेंट) प्रस्तुत किया था, जिसमें लगभग डेढ़ लाख रुपये मासिक वेतन और खाते में कुल पांच लाख रुपये जमा दिखाए गए थे। बैंक अधिकारियों को दस्तावेजों पर संदेह होने पर उन्होंने देहरादून के संबंधित बैंक से खाता विवरण मंगवाया। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला के खाते में मात्र 40 हजार रुपये जमा थे और कोई वेतन भुगतान नहीं हुआ था। इसके बाद बैंक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। एएसपी के अनुसार, आयशा परवीन समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए धोखाधड़ी कर बैंक से ऋण लेने का प्रयास किया था। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### उप्र- शामली में ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, महिला की मौत, पति गंभीर रूप से घायल

**शामली** जिले के झिंझाना थाना इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे एक महिला की मौत हो गई और उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि झिंझाना थाना क्षेत्र में करनाल-मेरठ राजमार्ग पर केरटू गांव के पास शुक्रवार शाम तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार कुसुम (40) की मौत हो गई और उसका पति सुमेर गंभीर रूप से घायल हो गया। झिंझाना थाना प्रभारी (एसएचओ) वीरेंद्र कसाना ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मोटरसाइकिल सवार लोगों को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और घायल का उपचार जारी है। कसाना ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब कुसुम और सुमेर मोटरसाइकिल से जसोई गांव से करनाल लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

# जंगली जानवर का हमला 7 ग्रामीण घायल वन विभाग की टीम जंगली जानवर की तलाश में जुटी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र के नीबा डेहरा गांव में बीती रात जंगली जानवर के हमले से अफरा-तफरी मच गई देर रात ग्रामीणों पर एक अज्ञात जंगली जानवर ने हमला कर कई लोगों को घायल कर दिया। अचानक हुए इस हमले से पूरा गांव दहशत में आ गया जानकारी के अनुसार, रात के समय गांव के कई लोग अपने घरों के बाहर सो रहे थे। तभी एक जंगली जानवर ने अचानक धावा बोल दिया। हमले में अमीर हसन, साबिर, श्यामलाल, बकरीदी, जब्बार, चुन्ना और सिरातुल उर्फ छोटे गंभीर रूप से घायल हो गए ग्रामीणों का कहना है कि जानवर ने कई मवेशियों पर भी हमला कर उन्हें घायल कर दिया घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया ग्रामीणों के अनुसार पुलिस की मौजूदगी में भी जंगली जानवर ने एक व्यक्ति पर दोबारा हमला कर दिया इससे लोगों में और अधिक डर फैल गया घायलों को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के जरिए बिसवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया जहां सभी का उपचार किया गया।

चिकित्सकों के अनुसार, सभी की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है गांव में घटना के बाद भय और दहशत का माहौल बना हुआ है कोई भी व्यक्ति रात में घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और हमलावर जंगली जानवर को जल्द पकड़वाने की मांग की है फिलहाल पुलिस और वन विभाग की टीमें गांव में मौजूद हैं और जंगली जानवर की तलाश में जुटी हुई हैं!!

## भगवान धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम



**बिसवां सीतापुर** आरोग्य भारती बिसवां जिलाअध्यक्ष डॉ वी के सिंह द्वारा भगवान धन्वंतरि जयंती कार्यक्रम गोपाल नगर में प्रभाकर क्लिनिक पर आयोजित किया गया।महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप द्वारा भगवान धन्वंतरि स्तवन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य शिवानंद दीक्षित ने की।इस अवसर पर धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल, आर के त्रिवेदी एडवोकेट,घनश्याम शर्मा, अरविंद त्रिपाठी,अरविन्द शर्मा, इंद्रभान सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित थे। बिसवां जिला महामंत्री अरविन्द सिंह मधुप ने आरोग्य भारती के वार्षिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि भगवान धन्वंतरि आरोग्य के देवता हैं।हमें स्वस्थ रहने के लिए अपनी जीवन शैली में बदलाव करते हुए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना होगा। शान्तिपाठ के उपरान्त प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पुलिस की ढीली कार्यशैली के कारण पाँच दिन बाद भी गायब विवाहिता का नहीं कोई सुराग

● अनहोनी की आशंका से सदमे में पति परिवार बच्चों का बुरा हाल




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली** बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुमेदान का पुरवा मजरे राघोपुर मे 5 दिन पूर्व मायके जाने की बात कह कर घर से निकली चार बच्चों की मां का पुलिस की लचर कार्य शैली के चलते अब तक कोई सुराग नहीं मिला घर से इस तरह से अचानक पत्नी के गायब होने की खबर जब गुजरात में मजदूरी कर रहे पति को मालूम हुई तो दो दिन बाद वह भी घर आ गया छानबीन के नाम पर पुलिस सिर्फ परिजनों को सुबह - शाम खानापूर्ति के लिए बुलाती रही लेकिन नतीजा अब तक सिफर ही रहा परिजन भी मिलने की संभावित जगहों पर तलाश करके थक चुके है पूरा परिवार इस आशंका से और अधिक भयभीत है कि कहीं उसके साथ कोई अनहोनी घटना तो नहीं घटित हो गई की वही संवाददाता की पड़ताल में एक और आश्चर्यचकित करने वाली बात सामने आई की जिसकी बेटी 5 दिन पूर्व गायब हो गई हो इस स्थिति में मायके के लोगों का व्यवहार सामान्य सा दिखना साजिशन गायब करने की और कहीं इशारा तो नहीं पांच दिन से कछुआ की चाल चल रही पुलिस ने अगर तत्परता दिखाई होती तो शायद अब तक लापता युवती के विषय में ढेर सारी जानकारी के साथ बरामदगी की भी हो सकती थे संवाददाता को परिजनो ने बताया कि पुलिस द्वारा दिए गए आश्वासन और कार्रवाई का हम इंतजार कर रहे हैं कार्यवाही में इतनी विलंब के कारण कहीं कोई अनहोनी घटना न घट जाए खबर संवाद सूत्रों तथा संवाददाता की निजी पड़ताल के आधार पर लिखी गई है जांच पड़ताल और बरामदगी पुलिस का काम है..

# तहसील समाधान दिवस सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** सरोजिनी नायडू सभागार में एसडीएम अंकित मौर्य की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मलहा निवासी ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने बताया गांव में राजकीय विद्यालय का निर्माण 7 वर्ष पूर्व हो चुका है। विद्यालय में न ही क्लास रूम में बच्चों की बैठने की व्यवस्था है और न ही आने-जाने का समुचित मार्ग है।विद्यालय में कोई सुरक्षा की दृष्टि से कोई बाउण्ड्री वाल भी नहीं है जिससे आवारा कुत्ते व जानवर विद्यालय में टहलते हैं।

जबकि खेल कूद हेतु जमीन मौके पर उपलब्ध है फिर भी खेलकूद से बच्चे वंचित है स्कूल जाने के लिए रास्ता नही होने के कारण विद्यालय में बच्चों की संख्या बहुत ही कम है। क्योंकि विद्यालय में आवश्यक सुविधा नही होने के कारण मेरे ग्राम पंचायत के बच्चे अन्य विद्यालय जाते हैं। जिससे ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों को काफी कष्ट की अनुभूति होती है।रहीमाबाद के गदिया खेड़ा निवासी राजाराम ने कैथुलिया गौशाला से लिए गए पशु का मामला उठाया। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल से उनके खाते में पशु की देखभाल और चारे का पैसा नहीं आ रहा है ब्लॉक में शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। तहसील दिवस में एसीपी सुजीत कुमार दुबे,तहसीलदार और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पद से हटते ही पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह पर सख्ती, होगी दस करोड़ रुपये की वसूली

**लखनऊः** राज्य सरकार पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से दस करोड़ रुपये की वसूली करेगी। मनोज कुमार सिंह ने कृषि उत्पादन आयुक्त(एपीसी) रहते खाद्य एवं प्रसंस्करण नीति-2023 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन कर चार फर्मों को भुगतान करने का निर्णय किया था। खाद्य प्रसंस्करण विभाग का भी दायित्व संभाल रहे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाइड लाइन के विपरीत किए गए भुगतान के मामले को गंभीरता से लेते हुए मनोज कुमार सिंह से दस करोड़ रुपये वसूलने के निर्देश दिए हैं। इस पर उद्यान एवं खाद्य संस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा ने यूपीडेस्को के प्रबंध वित्त व तकनीकी समन्वयक शैलेन्द्र प्रताप सिंह से दस करोड़ रुपये वसूलकर जमा करने के लिए कहा है।

# कस्बे में अवैध पटाखा बिक्री से बढ़ा खतरा, बारूद के ढेर पर बैठा कस्बा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** दीपावली नजदीक आते ही कस्बे में प्रशासनिक लापरवाही के कारण अवैध रूप से पटाखों की बिक्री जोरों पर है। सूत्रों से मिली जानकारी में बताया जा रहा है कि चिकमंडी और सरेनी रोड स्थित पटाखा गोदामों से खुलेआम पटाखों की बिक्री हो रही है, जबकि ये क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं।स्थानीय नागरिकों ने बताया कि जहां-जहां पटाखा गोदाम बनाए गए हैं, वहां सुरक्षा के लिहाज से बड़ा खतरा बना हुआ है। प्रशासन की ओर से निर्धारित स्थलों पर ही बिक्री की अनुमति दी गई है, मगर इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। तेज आवाज वाले पटाखे पहले से ही बाजार में बिक रहे हैं, और रात होते ही धड़ाम-धड़ाका शुरू हो जाता है।

**नागरिकों की मांग**

स्थानीय लोगों ने पुलिस अधीक्षक से इन अवैध पटाखा गोदामों की जांच कराने और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि यदि इन गोदामों का भौतिक सत्यापन कराया जाए, तो पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी।

**पटाखा बाजार का स्थान बदला**

अग्निशमन अधिकारी मुकेश गिरि ने बताया कि इस बार पटाखा बाजार का स्थान परिवहन निगम बस स्टेशन से बदल दिया गया है। अब देसी पटाखे बैसवारा महाविद्यालय के छात्रावास प्रांगण में और कनपुरिया पटाखे महाविद्यालय के खेल मैदान में बेचे जाएंगे।

# यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में उद्योग विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न ऋण योजनाओं की दी गई जानकारी

● कलाकारों द्वारा उपस्थित जनता एवं लाभार्थियों का किया गया मनोरंजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** जी.आई.सी. ग्राउंड रायबरेली में यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर समापन दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग द्वारा विभागीय ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सी.एम. युवा फ़ेलो अनीता गौतम द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के संबंध में विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त सहायक प्रबन्धक (तकनीकी) नवीन कुमार द्वारा अन्य विभागीय योजनाओं यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी मार्जिन मनी योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, एस.सी./एस.टी. प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना की जानकारी दी गयी।

समापन सत्र के अवसर पर उपायुक्त उद्योग द्वारा सी.एम. युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सफल उद्यमियों महिमा तिवारी, अमिता देवी, नीलम गुप्ता एवं रागिनी सिंह एवं अंकेश कुमार को डमी चेक एवं मोमेंटो देकर एवं ट्रेड स्टाल संचालकों को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन मेले में प्रस्तुति देने वाले स्थानीय कलाकारों को भी सम्मानित किया गया।

मेले में कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित आम जनता एवं लाभार्थियों का मनोरंजन किया गया। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य द्वारा कहा गया कि सभी स्टाल संचालकों द्वारा पूरे मनोयोग से मेले में सहभाग किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप पूर 10 दिवसीय मेले में स्वदेशी उत्पादों की वृहद स्तर पर बिक्री हुयी है एवं एम.एस.एम.ई. विभाग, खादी ग्रामोद्योग विभाग, माटी कला बोर्ड, एन.आर.एल.एम. एवं एन.यू.एल.एम के माध्यम से लगाए गए स्टालों द्वारा 10 दिनों में लगभग रु. 12.00 लाख से अधिक की बिक्री हुयी है।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य, उपायुक्त एन.आर.एल.एम. सविता सिंह, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन राजीव कुमार, जिला स्किल प्रबन्धक वंदना सिंह, प्रधानाचार्य आई.टी.आई. के प्रतिनिधि हरिश्चंद्र, आल इंडिया उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ ही सहायक प्रबन्धक, नवीन कुमार वरिष्ठ सहायक संदीप कुमार, अभिषेक बाजपेयी, उद्यमी मित्र प्रदीप शुक्ला सी.एम. युवा फ़ेलो महिमा मिश्रा, अनीता गौतम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एस.एस. पाण्डेय द्वारा किया गया।

# कृषि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

● खेल प्रेमी थे संस्थापक प्रबंधक श्रद्धेय बाबू भगवती सिंह- फिदा हुसैन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर 18 अक्टूबर** चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई 14 अक्टूबर प्रारंभ हुई थी। प्रमुख रुप से क्रिकेट, बॉलीबॉल, कबड्डी, फुटबॉल खो- खो 100 मीटर से 1500 पुरुष/ महिला वर्ग की मैराथन, साटपुट, जैबलिंग थ्रो, लांग जम्प, बैडमिंटन, रंगोली प्रतियोगिता करायी गयी। इस अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक प्रबंधक बाबू श्रद्धेय भगवती सिंह जी खेल के बहुत बड़े प्रेमी थे। मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में उपविजेता टीम बीएससी कृषि के कप्तान वेदांश और विजेता टीम के कप्तान आनंद को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं पर वॉलीबॉल टीम कप्तान उपविजेता कुलदीप एव विजेता जितेन्द्र रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में आनंद की टीम विजयी रही तथा फुटबॉल में भी आनंद की टीम ने बाजी मारी। खो- खो प्रतियोगिता में विज्ञान संकाय की दिव्यांशी एवं वाणिज्य संख्या की भावना को पदक दिए गए। 100 मीटर की मैराथन में हर्षित वर्मा प्रथम स्थान पर रहे तथा 1500 मीटर की दौड़ में अनिल कुमार ने प्रथम स्थान पाकर बाजी मारी। डिबेट प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें बीएससी कृषि की छात्रा वैशाली सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान प्रशस्थि मिश्रा का रहा। डिस्कस थ्रो एवं जैबलिन में आनंद ने बाजी मारी। खेल प्रशिक्षक राम प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दिन क्रिकेट मैच की शुरुआत के साथ प्रतियोगिता शकुशल संपन्न हुई सभी विजेता एवं विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया सभी खेलों में छात्र-छात्राओं ने खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सभी का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शोध अधिकारी गजेंद्र सिंह प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय भदौरिया, खेलकूद समिति के सदस्य धनेंद्र कुमार सिंह, डॉ आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ राजीव कृष्ण बाजपेई, डॉ केडी सिंह, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी, डॉ विवेक कुमार वर्मा, प्रतिमा सिंह एवं डॉ उपमा त्रिपाठी, डॉ रश्मि पांडे, डॉ दीप्ति श्रीवास्तव, डॉ स्वाहा सी चंद, डॉ पी के सिंह, डॉ पुष्पा यादव, डॉ सुधाकर सिंह, डॉ धर्मेश कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा, धीरेंद्र कुमार सिंह, ई विपुल अग्रवाल, डॉ यू ए सिद्दीकी, डॉ जशकरन, डॉ एस पी सिंह, डॉ गुरप्रीत भाटिया, डॉ आनंद सिंह, डॉ रवि शंकर वर्मा, डॉ रजनी शुक्ला, डॉ दीपक पांडे, डॉ पी के मिश्रा, डॉ हरीश कुमार यादव, डॉ अरविन्द कुमार, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ रजनी शुक्ला, जितेन्द्र कुमार बाजपेई, श्याम, गुलाब, पवन, राम नरेश, चंद्रशेखर, रिंकू, संतपाल, रणजीत सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, उमेश कुमार सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# पीडीए दिये तैयार कुम्हारों को किया सम्मानित, सपा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह बोले- इन दियों की रोशनी से होगा समानता का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर दिवाली पर्व पर इस बार शहर में पारंपरिक रोशनी के साथ सामाजिक संदेश भी फैलाया जा रहा है समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम सिंह ने प्रजापति समाज के कुम्हारों के सहयोग से पीडीए (पॉजिटिव डेमोक्रेटिक एलायंस) के विशेष दीये तैयार करवाए हैं। ये दीये न केवल देखने में आकर्षक हैं बल्कि इनमें समानता और सौहार्द का संदेश भी छिपा है जिलाध्यक्ष शिवम सिंह ने बताया कि इन दियों को बनाने में स्थानीय प्रजापति समाज के कारीगरों ने अपनी कला और मेहनत से विशेष पहचान दी है पीडीए के प्रतीक चिन्ह और रंगों से सजे ये दीये बाजार में लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं इन दीयों की बिक्री से कुम्हार परिवारों को आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है दियों के निर्माण में सहयोग देने वाले प्रजापति समाज के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर शिवम सिंह ने कहा कि पीडीए के इन दियों का प्रकाश समाज में फैले गैर-बराबरी, भेदभाव और नफ़रत के अंधकार को मिटाने का प्रतीक है उन्होंने कहा कि दीपावली का यह पर्व केवल घरों में रोशनी करने का नहीं, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और समानता का संदेश देने का अवसर है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र सभा कार्यकर्ता, कारीगर और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि इस दिवाली हर घर में समानता और सौहार्द का दीप जलाया जाएगा!!

# पांच मार्गो पर रूट डायवर्जन दोपहर दो बजे से होगा प्रभावी, पीएसी- पुलिस बल की तैनाती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में धनतेरस पर्व पर बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर में विशेष रूट डायवर्जन की व्यवस्था लागू की है। यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजे से रूट डायवर्जन प्रभावी रहेगा। इस दौरान लालबाग बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा और मालवाहक चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि धनतेरस के त्यौहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजामात किए गए है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए एक प्लाटून पीएसी और अतिरिक्त सीओ के 11 सब इंस्पेक्टर, 22 हेड कांस्टेबल, 13 महिला आरक्षी, साथ सीओ सिटी कोतवाली की फोर्स सहित करीब 120 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई जो कि त्यौहार को सुरक्षा के तहत संपन्न कराएंगे यातायात निरीक्षक फरीद अहमद ने बताया कि धनतेरस के अवसर पर खरीदारी करने आने वाले लोगों को बाजार में पैदल ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी इससे भीड़भाड़ और जाम की स्थिति पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी पुलिस आका उद्देश्य त्योहार के दौरान यातायात को सुचारू और सुरक्षित रखना है रूट डायवर्जन के तहत जीआईसी चौराहे से आने वाले ई-रिक्शा को आंख अस्पताल मार्ग की ओर मोड़ा जाएगा। वहीं प्रेमनगर मार्ग, हसन अली चौराहा जिला अस्पताल चौराहा, लालबाग, आंख अस्पताल मार्ग और मालगोदाम रोड पर ई-रिक्शा का संचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात व्यवस्था में सहयोग करें और प्रतिबंधित मार्गों पर वाहन न लेकर जाएं धनतेरस पर्व पर शहर के प्रमुख बाजारों में सुरक्षा के साथ-साथ यातायात पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो!!

# धनतेरस पर शहर के मुख्य मार्गो पर रहेगा रूट डायवर्जन पुलिस का निकला फ्लैग मार्च

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में धनतेरस पर्व पर शहर के मुख्य बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है शुक्रवार शाम अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के नेतृत्व में शहर कोतवाली पुलिस, एंटी रोमियो टीम तथा यातायात निरीक्षक फरीद अहमद के साथ मिलकर शहर के प्रमुख बाजारों में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस टीम ने लालबाग, चौराहा, बस स्टैंड, घंटाघर सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान एएसपी आलोक सिंह ने व्यापारियों से संवाद करते हुए उन्हें सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले ठेले और पटरी दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपने ठेले निर्धारित स्थान पर लगाएं ताकि यातायात बाधित न हो पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि मुख्य सड़कों पर भीड़ या अव्यवस्था फैलाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा व्यापारियों को अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए गए ताकि किसी भी आपराधिक या संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके एएसपी ने कहा कि त्योहार के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी धनतेरस और दीपावली के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन भी लागू किया जाएगा, ताकि बाजारों में भीड़ और जाम की स्थिति न बनने पाए पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं!!

# दीपावली-धर्म, संस्कृति और समरसता का संगम

भारतवर्ष पर्वों और त्यौहारों की भूमि है। यहाँ का प्रत्येक पर्व केवल आनंद या उत्सव का अवसर नहीं होता, बल्कि वह जीवन के किसी गूढ़ सत्य, आध्यात्मिक मूल्य या सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ा होता है। इन्हीं पर्वों में दीपावली का स्थान सबसे ऊँचा और विशिष्ट है। यह वह पर्व है जो हर भारतीय के हृदय में उजाले, उल्लास और नवसृजन का संकल्प जगाता है। दीपावली, जिसे 'दीपों की पंक्ति' कहा गया है, केवल घर-आँगन को प्रकाशमान करने का पर्व नहीं, बल्कि यह आत्मा के अंधकार को मिटाने का प्रतीक भी है। इसका अर्थ है–अंधकार पर प्रकाश की विजय, बुराई पर अच्छाई का जयघोष और अज्ञान पर ज्ञान का प्रकाश। दीपावली का पर्व हर वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या की रात को मनाया जाता है। यह समय जब वर्षा ऋतु का अंत हो चुका होता है और शरद ऋतु की स्वच्छ, उज्ज्वल रात्रियाँ आरंभ होती हैं, तब प्रकृति स्वयं भी दीपावली के उत्सव में सम्मिलित प्रतीत होती है। इस वर्ष दीपावली 20 अक्टूबर 2025 की रात को मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार अमावस्या तिथि दोपहर 3ः44 बजे से आरंभ होकर अगले दिन शाम 5ः54 बजे तक रहेगी, और प्रदोषकाल यानी सूर्यास्त के बाद का समय 20 अक्टूबर की रात में ही रहेगा। इसलिए इस रात लक्ष्मी पूजन का विशेष महत्व बताया गया है।भारतीय समाज में दीपावली की तैयारियाँ कई दिनों पहले से प्रारंभ हो जाती हैं। घरों की सफाई, रंगाई-पुताई, नई वस्तुओं की खरीदारी, मिठाइयों का निर्माण, और सजावट का उत्साह चारों ओर छा जाता है। यह सब केवल भौतिक स्वच्छता नहीं, बल्कि मानसिक शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है। ऐसा विश्वास है कि जिस घर में स्वच्छता, अनुशासन और प्रसन्नता का वास होता है, वहाँ माँ लक्ष्मी स्वतः आती हैं। दीपावली की सुबह लोग स्नान-ध्यान के बाद अपने घर और पूजा स्थल को सजाते हैं। पूजा के समय माता लक्ष्मी को लाल या पीले वस्त्रों



पर प्रतिष्ठित किया जाता है। चंदन, कुमकुम, हल्दी और पुष्पों से उनका पूजन किया जाता है, और मिठाइयों व फलों का नैवेद्य अर्पित कर आरती उतारी जाती है। साथ ही भगवान गणेश और कुबेर देव की भी आराधना की जाती है, ताकि बुद्धि, धन और समृद्धि तीनों का संतुलन जीवन में बना रहे। दीपावली के पर्व से जुड़ी अनेक पौराणिक कथाएँ हैं, जो इसकी गहराई और विविधता को दर्शाती हैं। सबसे प्रसिद्ध कथा भगवान राम की है। त्रेता युग में जब श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास और रावण-वध के पश्चात अयोध्या लौटे, तो उनके स्वागत में नगरवासियों ने घी के दीप जलाए और सम्पूर्ण अयोध्या को स्वर्ण-ज्योति से आलोकित कर दिया। तभी से दीपावली 'अंधकार पर प्रकाश की विजय' के रूप में मनाई जाने लगी। एक अन्य कथा के अनुसार इसी दिन माता लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थीं और उन्होंने भगवान विष्णु को अपना वर चुना था, इसलिए यह दिन 'धन और समृद्धि की देवी' की पूजा के लिए शुभ माना जाता है। हिंदू परंपरा के अतिरिक्त जैन धर्म में भी दीपावली का अत्यंत महत्व है। जैन ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि इसी दिन भगवान महावीर ने निर्वाण प्राप्त किया था। उनके अनुयायियों ने उस रात अपने गुरु के ज्ञान-प्रकाश की स्मृति में दीप जलाए थे। इस प्रकार दीपावली केवल हिंदू धर्म का नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की बहुरंगी धार्मिक चेतना का उत्सव है। सिख धर्म में भी यह दिन विशेष महत्व रखता है–गुरु हरगोबिंद सिंह जी की कारावास से मुक्ति इसी दिन हुई थी, जिसे 'बंदी छोड़ दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस तरह दीपावली संप्रदायों के पार जाकर एक राष्ट्रीय सांस्कृतिक पर्व का स्वरूप ग्रहण कर चुकी है। दीपावली का पर्व पाँच दिनों तक चलने वाला उत्सव-समूह भी है, जिसमें प्रत्येक दिन की अपनी विशेष पहचान है। धनतेरस से शुरुआत होती है, जब लोग धन के देवता कुबेर और स्वास्थ्य के देवता धन्वंतरि की पूजा करते हैं। अगले दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दीपावली मनाई जाती है, जो नरकासुर के वध का स्मरण कराती है। तीसरा दिन मुख्य दीपावली का होता है, जिसमें लक्ष्मी-गणेश की पूजा और दीपदान होता है। चौथे दिन गोवर्धन पूजा या अन्नकूट पर्व आता है, जब लोग भगवान कृष्ण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पाँचवें दिन भाई दूज का त्योहार मनाया जाता है, जो भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है। इस पंचपर्व परंपरा ने दीपावली को केवल एक रात का उत्सव न रहकर एक सम्पूर्ण सांस्कृतिक पर्व बना दिया है। दीपावली का एक अन्य पक्ष भी है - इसका सामाजिक और मानवीय अर्थ। इस दिन लोग पुराने मनमुटाव भुलाकर एक-दूसरे से मिलने जाते हैं, मिठाइयाँ बाँटते हैं, दीप जलाते हैं और प्रेम तथा सौहार्द का संदेश फैलाते हैं। यह वह अवसर होता है जब परिवार और समाज के बीच की दूरियाँ मिटती हैं। आज के समय में जब शहरी जीवन की व्यस्तता, प्रतिस्पर्धा और एकाकीपन बढ़ता जा रहा है, दीपावली का यह सामाजिक संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भौतिक सम्पन्नता तभी सार्थक है जब उसमें मानवीय संबंधों की ऊष्मा और सामाजिक समरसता भी जुड़ी हो।

दीपावली केवल धार्मिक अनुष्ठान का दिन नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति और जीवन-दर्शन का प्रतीक है। मिट्टी के दीपक जब पंक्तिबद्ध जलते हैं तो वे हमें यह सिखाते हैं कि चाहे अंधकार कितना भी घना हो, एक छोटा-सा दीप भी उसे दूर कर सकता है। यह प्रकाश हमें आत्मावलोकन और आत्मसंयम की प्रेरणा देता है। दीयों की यह उजास हमें स्मरण कराती है कि सच्ची सम्पन्नता वस्तुओं में नहीं, बल्कि मन के उजाले में है। आज जब तकनीकी जगत ने हमारे जीवन को प्रकाश से भर दिया है, तब भी दीपावली का पारंपरिक दीप सबसे अधिक अर्थपूर्ण है। वह बिजली के प्रकाश से भिन्न है, क्योंकि वह श्रद्धा और आशा का प्रतीक है। हर दीपक जलाने वाला व्यक्ति मानो अपने भीतर कहता है–"अंधकार मिटेगा, बस एक दीप जलाना होगा।" यही दीपावली का सच्चा संदेश है। दीपावली का यह महान उत्सव हमारे जीवन में न केवल भौतिक समृद्धि, बल्कि आध्यात्मिक जागृति का भी अवसर बनता है। यह हमें सिखाता है कि सच्ची विजय शक्ति या संपत्ति में नहीं, बल्कि सदाचार, सच्चाई और प्रेम में निहित है।

दीपावली का प्रकाश तभी सार्थक है जब वह हमारे आचरण, विचार और व्यवहार को भी आलोकित करे। यही कारण है कि यह पर्व युगों से हमारे जीवन में नई ऊर्जा, नई आशा और नए आरंभ का प्रतीक बना हुआ है।दीपों की यह श्रृंखला केवल घरों में ही नहीं, बल्कि हमारे मन में भी जलनी चाहिए। क्योंकि जब मन का अंधकार मिटेगा, तभी जीवन में सच्चा प्रकाश फैलेगा। यही दीपावली का सच्चा अर्थ, यही उसका सांस्कृतिक संदेश है–कि हर व्यक्ति अपने भीतर का दीप जलाए और अपने आसपास के अंधकार को दूर करे। यही हमारी भारतीय परंपरा का नितांत मानवीय और सार्वभौमिक संदेश है–तमसो मा ज्योतिर्गमय।

**महेन्द्र तिवारी**

# बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा की मिलेगी गारंटी

बिहार विधानसभा चुनाव 2025, कई मायने में राष्ट्रीय और सूबाई राजनीति को प्रभावित करेगा, क्योंकि 2026 में पश्चिम बंगाल और 2027 में उत्तरप्रदेश में भी विधान सभा चुनाव होने हैं। यही नहीं, पूर्वी भारत की सुरक्षा को भी यह चुनाव सुनिश्चित करेगा। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की रीति-नीति, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का अंतर्कलह और मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की नवस्थापित पार्टी जनसुराज द्वारा उठाए हुए मुद्दे गहरा असर डालेंगे।

वहीं, एआईएमआईएम और अन्य छुटभैये दलों की कोशिशें मतदाताओं के मनोमिजाज पर क्या रंग जमाएंगी और अपने साइलेंट मतदान ट्रेंड से वो क्या गुल खिलाएंगे, इसका पता तो 14 नवंबर को ही पता लग पायेगा, क्योंकि राजनीतिक रूप से यह प्रदेश बहुत ही जागरूक प्रदेश है। महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे आम बिहारियों के दिल मे अब सामाजिक न्याय से भी ज्यादा हिंदुत्व की लहरें उफान मार रही हैं। क्योंकि उन्हें पता है कि इस्लामिक देशों और चीन-अमेरिका के सहयोग से बनने वाले %ग्रेटर बंगलादेश% से शांतिप्रिय बिहार भविष्य में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मूकश्मीर की तरह ही युद्ध भूमि भी बन सकता है। बिहार के लोगों को यह भी पता है कि उनके पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिन अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रहे हैं, उससे बंगलादेश का षड्यंत्र सफल हो या न हो, लेकिन पूर्वी भारत निकट भविष्य में रक्तरंजित भी हो सकता है। इसलिए विकसित, समृद्ध और ज्ञान की संस्कृति की रक्षा के लिए बिहार वासी कुछ ठोस व कड़ा निर्णय भी ले सकते हैं। उन्हें पता है कि इंडिया गठबंधन के राजद, कांग्रेस, भाकपा माले, वीआईपी, वामपंथी दलों की विचारधारा भी पाकिस्तान-बंगलादेश की सरकारों से काफी मिलती जुलती है। इसलिए यदि इन्हें नहीं रोका गया तो संभव है कि भविष्य में ये लोग बिहार को भी उसमें शामिल करवा दें।

ऐसा इसलिए कि टीवी स्क्रीन और सोशल मीडिया पर इंडिया गठबंधन के नेताओं के जो हिन्दू विरोधी बयान और कार्यप्रणाली सामने आती रहती है, इससे बिहार के मतदाता अपने राज्य के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। बीते वर्षों में उन्होंने महसूस किया है कि राज्य में जंगलराज (2000-2005) का पर्याय बन चुका राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का कुनबा और उनके सरदार तेजस्वी यादव, पूर्व उपमुख्यमंत्री जनता दल यूनाइटेड के नेता व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सहयोग से ब्रेक के बाद सत्ता में आ जाते हैं, इसलिए इसबार ऐसा रणनीतिक मतदान किया जाए कि ऐसी किसी सियासी बात की संभावना भी नहीं बचे।

बिहार से जुड़े सूत्र बताते हैं कि सूबे में भाजपा के अलावा जनसुराज का प्रदर्शन अच्छा हो सकता है, क्योंकि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार की कारगुजारियों से प्रबुद्ध बिहारी बहुत ही नाराज चल रहे हैं और ग्राम स्तर पर वह नए बिहार का निर्माण करने के लिए एक मुहिम चला रहे हैं। यह गैर धार्मिक और गैर जातीय मुहिम है, जिसका मकसद बिहार के विकास और किसी भी अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र से बिहार की सुरक्षा की बात उनके एजेंडे में है। यही वजह है कि राष्ट्रवादी भाजपा और उसके सहयोगियों के अलावा जनसुराज के प्रत्याशियों की ओर वे करवट ले रहे हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि आपसी दांवपेंच से परेशान एनडीए के नेताओं और बिखरे या कई सीटों पर आपस में ही नूराकुश्ती करने वाले इंडिया गठबंधन के नेताओं के अलावा जो नया विकल्प मौजूद है, उसे ही इस बात मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी मिलने लायक जनसमर्थन दे दिया जाए, इससे राष्ट्रवादी सरकार के बनने और जनहित के मुद्दे पर उसे सक्रिय करने की गारंटी मिल जाएगी। इसलिए सच कहूं तो राजनीतिक अहंकार और बुद्धिजीवियों की बिखरी टंकार के बीच बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की चुनावी लड़ाई दिलचस्प होने जा रही है।

जैसे-जैसे चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा, बुद्धिजीवियों की निर्दलीय और सर्वदलीय राजनीतिक मुहिम तेज होती जाएगी। सीट बंटवारे में जो कलह दिखाई दी, उसके पीछे भी इन्हीं बुद्धिजीवियों के हाथ की खबरें हैं। खासकर कांग्रेस के लिए नई राजनीतिक जमीन तैयार करने वाले बुद्धिजीवी तो इस बात पर अड़े हुए हैं कि किसी भी कीमत पर अपने दूरगामी राजनीतिक हितों से समझौता नहीं करना है। इससे स्पष्ट है कि यूपी में जो गलती 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव किये थे, 2025 में वही गलती दुहराकर तेजस्वी यादव भी सियासी रूप से अप्रासंगिक हो जाएंगे। स्पष्ट है कि बिहार की नई राजनीतिक करवट से विकास और सुरक्षा दोनों की गारंटी मिलेगी।

# विश्व को रोशन करता भारतीय प्रकाश-पर्व

**जहाँ जलता है एक दीप, वहाँ जन्म लेती है मानवता**

**दीपावली-परंपरा, पर्यावरण और परिवर्तन का संगम**

जब संध्या का गहरा अंधेरा धरती पर पसरने लगता है, तभी एक छोटा-सा दीप उसका सीना चीरकर आलोक बिखेरता है। वह दीप केवल मिट्टी और तेल का नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और मानवता का प्रतीक है। दीपावली वह पवित्र क्षण है, जब हर घर, हर गली और हर दिल में उजाला नाच उठता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन का वह गीत है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत, निराशा पर आशा की विजय और अंधकार पर प्रकाश की सत्ता को गाता है। दीपावली भारतीय संस्कृति का वह अनमोल रत्न है, जो न केवल भारत, बल्कि विश्व भर में एकता, प्रेम और समृद्धि का संदेश फैलाता है। यह वह पर्व है, जो हमें याद दिलाता है कि एक छोटी-सी लौ भी सबसे घने अंधेरे को मात दे सकती है। दीपावली का इतिहास उतना ही प्राचीन है, जितना कि भारतीय संस्कृति की गहराई। त्रेता युग में भगवान श्रीराम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दीप जलाए गए थे। यह परंपरा आज भी अयोध्या के सरयू तट पर लाखों दीपों के साथ जीवित है, जो न केवल भक्ति का प्रतीक है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता का भी गवाह है। इसके अलावा, भगवान कृष्ण द्वारा नरकासुर के वध की कथा दीपावली को बुराई पर अच्छाई की



जीत का प्रतीक बनाती है। जैन धर्म में यह पर्व भगवान महावीर के निर्वाण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जबकि सिख परंपरा में इसे ÷बंदी छोड़ दिवस÷ के रूप में जाना जाता है, जब गुरु हरगोविंद जी ने 52 राजाओं को मुक्त कराया था। माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा इस पर्व का एक अभिन्न अंग है। लक्ष्मी समृद्धि और सौभाग्य की प्रतीक हैं, तो गणेश जी हर कार्य में सफलता के मार्गदर्शक। यह पर्व धर्म की सीमाओं को लांघकर आत्मविजय, मुक्ति और नई शुरुआत का प्रतीक बन चुका है। हर दीप, हर पूजा और हर अनुष्ठान हमें सिखाता है कि जीवन का सच्चा प्रकाश भीतर से ही आता है। दीपावली अब केवल भारत का पर्व नहीं, बल्कि वैश्विक उत्सव बन चुका है। इसे 'फ़ेस्टिवल ऑफ़ लाइट्स' के रूप में विश्व भर में पहचान मिली है। लंदन के ट्राफलगर स्क्वायर से लेकर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर तक, दीपावली की रोशनी बिखरती है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित किए जाते हैं, जो सांस्कृतिक एकता और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। संयुक्त राष्ट्र भवन में भारतीय समुदाय और अन्य देशों के सहयोग से दीपावली को विश्व शांति और सौहार्द के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र के पंचांग में वैकल्पिक अवकाश के रूप में मान्यता प्राप्त है। ब्रिटेन में दीपावली को सरकारी समर्थन के साथ एक प्रमुख सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है, विशेष रूप से लंदन के ट्राफलगर चौक और 10 डाउनिंग स्ट्रीट पर, यद्यपि यह राष्ट्रीय अवकाश नहीं है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर और न्यूजीलैंड में बसे भारतीय समुदाय इसे पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं, जहाँ सिंगापुर में यह राष्ट्रीय अवकाश है और अन्य देशों में पर्यावरण-अनुकूल उत्सवों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नेपाल में दीपावली को 'तिहार' के रूप में पांच दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान कौवों, कुत्तों, गायों और बैलों की पूजा के साथ-साथ भाई-बहन के प्रेम को समर्पित 'भाई दूज' का आयोजन होता है। यह परंपरा प्रकृति और मानव के बीच संतुलन का संदेश देती है। मलेशिया, फिजी और मॉरीशस जैसे देशों में दीपावली को राष्ट्रीय अवकाश का दर्जा प्राप्त है। यह वैश्विक स्वीकार्यता दर्शाती है कि दीपावली अब केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानवता, एकता और प्रेम का उत्सव है। भारत में दीपावली का उत्सव एक अनूठा सामाजिक और सांस्कृतिक मेला है। यह वह समय है जब हर घर नया रंग-रूप लेता है। दीवारों पर चूने का लेप, रंगोली की सजावट, मिट्टी के दीयों की रोशनी और मिठाइयों की मिठास इस पर्व को जीवंत बनाती है। व्यापारी नए बही-खाते शुरू करते हैं, किसान फसल की खुशी मनाते हैं, और परिवार एक-दूसरे के साथ समय बिताकर रिश्तों को मजबूत करते हैं। बच्चों के लिए यह आतिशबाजी और आनंद का समय है, लेकिन आज के दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता ने दीपावली को एक नया आयाम दिया है। लोग अब मिट्टी के दीए, प्राकृतिक रंगों से बनी रंगोली और इको-फ्रेंडली उत्सव की ओर बढ़ रहे हैं। अयोध्या में सरयू तट पर जलने वाले लाखों दीप न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय गौरव को भी दर्शाते हैं। उज्जैन, वाराणसी, मथुरा और हरिद्वार जैसे शहरों में दीपावली का उत्सव अब वैश्विक पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है। यह दृश्य विश्व को संदेश देता है कि दीपावली केवल भारत का नहीं, बल्कि समस्त मानवता का उत्सव है। दीपावली का सबसे गूढ़ अर्थ है–भीतर के अंधकार को मिटाना।

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## पदयात्रा से हृदययात्रा तक-निर्मला देशपांडे "दीदी" का जीवन

**गांधीवाद का जीवंत महाकाव्य- सत्य, अहिंसा और सर्वोदय का प्रतीक**

निर्मला देशपांडे का नाम सुनते ही मन में उभर आती है वह जीवंत छवि–सफेद खादी की साड़ी लपेटे एक सौम्य स्त्री, हिंसा की लपटों से तपते इलाकों में शांति का अमृत बरसाती हुई, तिरंगा थामे सीमाओं के पार मित्रता के सेतु रचती चली जाती। 1929 की वह शरद सुबह नागपुर में, जब स्वतंत्रता संग्राम की गूंज अभी तरोताजा थी, विमला और पुरुषोत्तम यशवंत देशपांडे के साहित्यिक आंगन में एक बालिका ने जन्म लिया। पिता पुरुषोत्तम, मराठी साहित्य के यशस्वी रचनाकार, जिन्हें 1962 में 'अनामिकाची चिंतनिका' पर साहित्य अकादमी सम्मान मिला, तथा माता विमलाबाई, जे. कृष्णमूर्ति की गहन अनुयायी विदुषी–ऐसे दार्शनिक-साहित्यिक परिवेश में पोषित निर्मला ने पुस्तकों से कहीं अधिक समाज की कठोर वास्तविकताओं को आत्मसात किया। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से राजनीति विज्ञान में एम.ए. प्राप्त कर लेक्चरर बनीं, किंतु कक्षा की संकुचित दीवारों से परे विशाल, कराहते संसार ने उन्हें आह्वान किया। विवाह का त्याग कर उन्होंने गांधीवादी त्रयी–अहिंसा, सत्याग्रह, सर्वोदय–को जीवन का सार बना लिया। यह प्रतिज्ञा केवल संकल्प न थी, अपितु एक क्रांतिकारी विद्रोह थी, जो 1952 में विनोबा भावे के भूदान आंदोलन से जुड़कर साकार हो उठी। कल्पना कीजिए उस युवती को–चप्पलों में बंधे साधारण चरण, कंधे पर लटका एक मामूली थैला, भारत के कोने-कोने में 40,000 किलोमीटर की अथाह पदयात्रा करती हुई। विनोबा के भूदान अभियान की धुरी पर अडिग खड़ी निर्मला, जहां जमींदारों से भूमि संग्रह कर भूमिहीनों को वितरित किया जाता था, %मानसकन्या% के रूप में उनकी आध्यात्मिक संतान बनीं। गांव-गांव ठहरकर गांधी के ग्राम स्वराज का संदेश प्रज्वलित किया–एक आत्मनिर्भर समाज की कल्पना, जहां हिंसा का स्थान शांति ग्रहण करे। किंतु यह यात्रा कांटों भरी थी– रेगिस्तानी धूल के तूफान, हिमालयी शीतलहरी, बाढ़ की प्रलयंकारी धारा–सबका सामना किया। एक बार उन्होंने कहा, "गांधीवादी सिद्धांतों का पालन कठिन है, किंतु पूर्ण लोकतांत्रिक समाज का यही एकमात्र पथ।" इस आंदोलन ने हजारों एकड़ भूमि गरीबों तक पहुंचाई, अहिंसा को मात्र शब्द न बनाकर कर्म का स्वरूप प्रदान किया। 1980 के दशक में जब पंजाब सिख-हिंदू दंगों की भयंकर ज्वाला में सुलग रहा था, निर्मला देशपांडे वहां पहुँचीं मानो कोई करुणामयी माँ अपने संतापी संतानों को आलिंगन में भरने। उन्होंने शांति मार्च का उद्घाटन किया, जिसमें सैकड़ों महिलाएँ उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलीं, नारे लगाते हुए। कश्मीर की रक्तरंजित घाटियों में, जहाँ 1990 के दशक में आतंकवाद ने शांति को बंधक बना लिया था, 1994 में उन्होंने शांति मिशन का सूत्रपाण कर कश्मीरी पंडितों और मुसलमानों के बीच विश्वास के पुल खड़े किए। एक बार उन्होंने हृदयस्पर्शी स्वर में कहा, "कश्मीर हमारा हृदय है, इसके घावों को करुणा से भरना हमारा परम कर्तव्य।" 2002 के गुजरात दंगों की विभीषिका में उन्होंने 'सांझी विरासत' फोरम गढ़ा, जहाँ लेखक, कलाकार और कार्यकर्ता एकजुट हो सांप्रदायिक विष का मुकाबला करने को लामबंद हुए। दंगों की भयावहता के बीच वे सड़कों पर धरना देकर बैठीं, लोगों को आह्वान करतीं कि "सांप्रदायिकता एक घातक विष है, जो समूचे समाज को निगल डालता है।" आदिवासियों और महिलाओं के उत्थान का उनका अविरल संकल्प नदी की प्रबल धारा सा था–आदिवासी अंचलों में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के बीज रोपे; महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कार्यशालाओं में वे प्रेरित करतीं, "महिला वह अमूल्य बीज है, जो समाज को हरित वन बनाती है।" साम्प्रदायिक सौहार्द का उनका जुनून सीमाओं को लाँघता हुआ अंतरराष्ट्रीय पटल पर चमका। 1996 में भारत-पाकिस्तान शांति वार्ता का मंच रचकर दोनों देशों के सांसदों को एक मेज पर बिठाया, संवाद की ज्योति प्रज्वलित की। 2000 में 'महिलाओं की शांति बस' को दिल्ली से लाहौर पहुँचाया, जिसमें भारतीय-पाकिस्तानी नारियाँ एकजुट होकर शांति का संदेश बिखेर गईं। उनकी मृत्योपरांत पाकिस्तान ने 13 अगस्त 2009 को 'सितारा-ए-इम्तियाज' से सम्मानित कर उनके योगदान को अमर किया। तिब्बत के दमन के विरुद्ध आवाज बुलंद की, चीनी अत्याचारों का खंडन किया। 2006 में अफजल गुरु की क्षमा याचिका का डटकर समर्थन करते हुए कहा, "न्याय हिंसा की आग से नहीं, करुणा के सरित से बहता है।" 1984 में अखिल भारतीय रचनात्मक समाज (एबीआरएस) की स्थापना कर उन्होंने गांधीवादी संस्थाओं का एक महासंघ गढ़ा, जिसकी पत्रिका 'नित्य नूतन' उनके दार्शनिक चिंतन का जीवंत प्रतिबिंब बनी–आज भी क्राउडफंडिंग से प्रकाशित होकर प्रेरणा बाँटती। एबीआरएस ने साम्प्रदायिक सद्भाव, विश्व शांति और राष्ट्रीय एकता के लिए असंख्य कार्यकर्ताओं को संगठित किया। 'निर्मला दीदी', जैसा उन्हें स्नेह से पुकारा जाता, ने सदैव उद्घोष किया, "शांति कोई स्वर्गीय उपहार नहीं, अपितु अथक संघर्ष की विजय है।" राजनीति में उनका प्रवेश भी गांधीवादी सादगी और सत्याग्रह की ज्योति से प्रज्वलित था। 1997 और 2004 में राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा की मनोनीत सदस्य के रूप में संसद की पवित्र चौखट पर खड़ी होकर वे साम्प्रदायिक हिंसा के विरुद्ध, महिला सशक्तिकरण की पुकार और पर्यावरण संरक्षण के आह्वान के साथ उद्घोष करती रहीं। 2007 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में प्रतिभा पाटिल के साथ उनका नाम चमका–यदि स्वास्थ्य साथ देता, तो भारत की प्रथम राष्ट्रपति एक गांधीवादी नारी होतीं, जो अहिंसा का त्रिशूल थामे राष्ट्र को दिशा देतीं। किंतु वे पदलोलुपता से ऊपर रहीं, सादगी की मिसाल बनीं। 2005 में नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित, उसी वर्ष राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार और 2006 में पद्म विभूषण से अलंकृत हुईं; 5 नवंबर 2007 को उपराष्ट्रपति द्वारा 'राष्ट्र गौरव पुरस्कार' प्रदान किया गया। ये सम्मान उन्हें मोहित न कर सके–वे वही निर्मला दीदी रहीं, खादी की साड़ी में लिपटी, हृदय में करुणा का सागर लिए। निर्मला देशपांडे का जीवन एक जीवंत महाकाव्य था, जो सिद्ध करता है कि एक अकेला व्यक्ति समूचे समाज को परिवर्तित कर सकता है। नक्सलियों को वे "दलितों-आदिवासियों के न्याय की पुकार" मानतीं, किंतु हिंसा का कठोर खंडन करतीं। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी का प्रारंभिक समर्थन लोकतंत्र रक्षा के भाव से किया, परंतु पश्चात् गहन खेद व्यक्त कर आत्मचिंतन की मिसाल बनीं। मृत्यु से पूर्व नेपाल के माओवादियों से संवाद की तैयारी में थीं, गांधीवाद को जड़ों में उतारते हुए–पर्यावरण संतुलन, सीमित आवश्यकताएँ और वैश्विक एकता के सिद्धांतों पर। "वसुधैव कुटुम्बकम्" को उन्होंने केवल श्लोक न बनाकर जीवन-दर्शन का मूलाधार किया। 1 मई 2008 को दिल्ली में शांतिपूर्ण विदाई ली, निद्रा में विलीन होकर। किंतु उनकी विरासत अमर है–आज ध्रुवीकरण की आंधी में उनकी वाणी गूंजती है– "शांति का पथ कंटकाकीर्ण है, किंतु यही सत्य का एकमात्र मार्ग।" उनकी साहित्यिक वेणी भी कम आकर्षक न थी–उपन्यास 'सीमांत' में महिलाओं की मुक्ति का संग्राम चित्रित, 'चिमलीग' में चीनी संस्कृति की गहन पड़ताल। वे प्रेरित करतीं, "साहित्य विचारों का सच्चा आलोक है।" आदिवासी नारियों के उत्थान में शिक्षा को अचूक अस्त्र बनाया। गुजरात दंगों के बाद 'आध्यात्म ज्योति' फोरम रचकर धर्म को विभाजन न बनाकर एकता का सूत्र बाँधा। तिब्बतियों के दमन के विरुद्ध मानवाधिकारों की ज्वाला प्रज्वलित की। उनका जीवन गांधीवाद की शाश्वतता का प्रमाण है–पुरातन न होकर कालातीत। वे गर्व से कहतीं, "मैं गांधी की संतान हूँ, भारत की पुत्री।" 19 अक्टूबर को उनकी जयंती पर सूर्योदय के साथ हम चिंतन करते हैं–कितनी निर्मला चाहिए, जो पदयात्रा से अधिक हृदय-यात्रा करें। उनका परलोकगमन एक युग का अवसान था, किंतु प्रेरणा का उद्गम अमर। उनके चरणचिह्नों पर चलकर ही वह भारत साकार होगा, जो गांधी ने सपना बुना–शांत, समृद्ध, सर्वसमावेशी। निर्मला देशपांडे न केवल शांति सिपाही थीं, अपितु शांति की जीवंत मूर्ति; उनकी जयंती हमें स्मृत कराती है कि सच्चा संघर्ष कभी निष्फल न जाता।

**प्रो. आरके जैन**

# नरक चतुर्दशी बाहर-भीतर स्वच्छ बनो!

धन-तेरस के पश्चात् आने वाली काली चौदस को भारतीय संस्कृति में नरक चतुर्दशी कहा गया है। पुराणों के अनुसार नरकासुर नाम का राक्षस प्राणियों को कष्ट देता था। स्थान-स्थान पर गन्दगी, अशुचि फैला देता, ऋषियों के यज्ञ-स्थलों को अपवित्र कर देता। स्वर्ग में जाकर उसने देवताओं को भी परेशान किया। देवमाता अदिति के कुण्डल छीनकर ले गया। उसके उत्पातों से मनुष्य देव सभी परेशान हो गये। सबने मिलकर भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण से प्रार्थना की- हे वासुदेव ! त्राहि माम् ! इस नरकासुर से हमारी रक्षा करो, इस अपवित्र और अशुचिमय राक्षस के दुष्ट हाथों से हमारा त्राण करो। इस दुष्ट के उपद्रवों से हमारी रक्षा करो।तब श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध किया और उसके द्वारा फैलाई हुई गन्दगी हड्डियाँ व माँस के ढेर को साफ करके भूमि को स्वच्छ किया गया। चारों तरफ सफाई अभियान चलाकर धरती को साफ-सुथरी मनुष्यों के रहने योग्य बनाया। उस दिन की स्मृति में इस तिथि का नरक चतुर्दशी नाम प्रचलित है। विद्वान् लोग मानते हैं कि पौराणिक कथाएँ प्रतीकात्मक होती हैं, उनका सामाजिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक प्रतीक होता है और उस प्रतीक को सूचित करने के लिए, एक विशेष लक्ष्य को उद्घाटित करने के लिए धार्मिक एवं पौराणिक रंग में रंग दी जाती है, ताकि लोक नीरस बात को सरसता के साथ समझ सकें, आध्यात्मिक एवं सामाजिक कृत्य को धर्म के रूप में स्वीकार कर सकें। चातुर्मास के प्रारम्भ के दो मास वर्षा ऋतु के होते हैं। वर्षा के कारण गाँव, नगर, गली, सड़क, राजमार्ग चारों तरफ गंदगी, कीचड़, सीलन आदि की भरमार होती है।

उस कारण डाँस, मच्छर आदि अनेक प्रकार के जहरीले कीट-पतंग पैदा हो जाते हैं। जगह-जगह पानी सड़ता है, कूड़ा सड़ाँध पैदा करता है और उस पर तरह-तरह के जहरीले मच्छर, कीड़े अण्डे देते हैं। बीमारियाँ फैलाते हैं। डेंगू बुखार का प्रकोप हम सब देख चुके हैं। इस प्रकार की संक्रामक बीमारियाँ वर्षा ऋतु के बाद फैलती हैं, गाँवों-शहरों का वातावरण एकदम नरक जैसा गंदा हो जाता है। उस नारकीय गंदगी को दूर कर सफाई-स्वच्छता करने के लिए नरकासुर को भागना पड़ेगा अर्थात गंदगी दूर करके स्वच्छता-सफाई करना ही नरकासुर का नाश करना है। नरक का अर्थ है-गन्दगी।

**-जहाँ प्राणी को सुख-चैन, आनन्द नहीं मिलता हो, उस स्थान को नरक कहते हैं।**

आगमों में नरक का वर्णन करते हुए बताया है- सूर्य-चन्द्र की किरणें नहीं पहुँचती हैं। जहाँ हर समय कीचड़ चिक्खल रहता है। भूमि में सड़ैंध-दुर्गन्ध आती हो और असुचिविसा-चारों तरफ गन्दगी के, अशुचि के ढेर लगे हों। जहाँ दुर्गन्ध उछल रही हो, जहाँ के वातावरण में क्षणभर भी ठहरने को मन नहीं होता हो, ऐसे अपवित्र स्थान को नरक कहा गया है।

हमारे नगर, गली, भवन आदि जहाँ पर भी इस प्रकार की गन्दगी हो, वह स्थान वास्तव में नरक ही माना जाता है। मैं देखता हूँ लोग नहा-धोकर कपड़े साफ-सुथरे पहनते हैं, घरों पर सफेदी व कीमती रंग-रोगन करते हैं, किन्तु दूसरी तरफ उनके रसोईघरों के पास कूड़ेदान में मक्खी-मच्छर भिनभिनाते रहते हैं। नालियों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। जहाँ से निकलना भी मुश्किल होता है। यह कैसी सफाई है? सफाई में भी विवेक होना चाहिए। अपना घर, अपना मुहल्ला अगर साफ रखने की आदत बन जाये तो गन्दगी अपने आप दूर हो जायेगी।

**भीतर की सफाई भी करो**

यह तो हुई बाहरी सफाई की बात। केवल बाहरी सफाई करने से ही नरक चतुर्दशी की सार्थकता नहीं होती। बाहरी सफाई के साथ मन की सफाई, जीवन की सफाई भी जरूरी है। देखो बंदे का धन्धा, तन उजला मन गंदा।तो यह तो कोई सफाई नहीं हुई। मन में अपवित्र विचार भरे हों, दूसरों की निन्दा, चुगली, ईर्ष्या का कूड़ा पड़ा हो, काम-क्रोध की अशुचि सड़ रही हो तो मन पवित्र कैसे होगा? दीपावली को लक्ष्मी-पूजा करना है तो उसके लिए मन की सफाई करना भी जरूरी है। तेरस के पहले-पहले आपने घर, दुकान, मकान सब साफ-सुथरे कर लिये, लीप-पोत, झाड़-बुहारकर कचरा फेंक दिया, यह तो एक तरह की तैयारी हो गई। फिर तेरस आई, तो कुछ परोपकार का, सेवा का, दीन-दुःखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लिया। सेवा की तब धन-तेरस मन गई। अब विचारों की शुद्धि से, शुभभावनाओं से, मन की पवित्रता से,चिन्तन-ध्यान-सद्भाव से मन को और माँजकर उज्ज्वल कर लिया तो नरक चतुर्दशी सार्थक हो गई। यह दोनों पर्व दीपावली की तैयारी के हैं। दीपावली कैसे मनानी है यह इसका साफ-साफ सन्देश इन दोनों पर्वों में बता दिया है। नरक चतुर्दशी के प्रसंग में मैं एक आध्यात्मिक और नैतिक बात भी कहना चाहूँगा। नरक चतुर्दशी का एक सन्देश है-नरक के कारणों से बचने का चिन्तन। मन की गन्दगी, विचारों की अपवित्रता तो नरक का कारण क्या, प्रत्यक्ष नरक है। इसके अलावा शास्त्रों में नरक के अन्य अनेक कारण बताये हैं। चार बातों से प्राणी नरक जाने योग्य पापकर्म करता है।

जैसे-महाआरम्भ, महापरिग्रह, पंचेन्द्रिय जीवों का वध और माँसाहार। इन चारों कारणों में गागर में सागर की तरह सब कुछ बता दिया है। हिंसा, धन की लालसा, तीव्र आसक्ति, माँसाहार-जिह्वा के स्वाद की लिप्सा, नृशंसता, कठोरता, क्रूरता, उद्योग-व्यापार में नीति और धर्म की उपेक्षा कर अप्रामाणिकता, अत्यन्त लोभ आदि सभी दुर्गुण इन चारों में आ गये हैं। इसलिए संक्षेप में चार बातों के द्वारा भगवान ने बता दिया है-जो व्यक्ति पीछे बताये दुर्गुणों से युक्त होगा, उसका यहाँ भी जीवन अशान्त होगा, उद्विग्न होगा और मरकर परलोक में भी नरक में जायेगा। अर्जुन के एक प्रश्न के उत्तर में योगीश्वर श्रीकृष्ण बताते हैं-नरक में जाने के तीन रास्ते हैं। काम (मोह-वासना), क्रोध तथा लोभ (आसक्ति) ये तीन नरक जाने के मार्ग हैं।

आत्मा का पतन कर ये तीनों उसे नरक में पहुँचा देते हैं। जहाँ 'मैं' अर्थात् अहंकार है वहीं पतन है। पतन का मतलब है नरक। उत्थान का मतलब है स्वर्ग। तो यह तुम मानते हो न ? अहंकार से पतन होता है। अहंकार 'मैं' यह अहंकार का दुत्कार है। इसलिए अहंकार भी नरक में जाने का कारण है। आज नरक चतुर्दशी के दिन आप दोनों पक्षों पर विचार करें बल्कि जीवन के समग्र पक्षों पर विचार करें, तन को, मन को, जीवन को, घर-परिवार को, समाज व राष्ट्र को नरक से बचाने का प्रयास करें। बाहरी गन्दगी से भी मुक्त हों। अशुद्धता को बर्दाश्त नहीं करता, जहाँ गंदगी पड़ी हो, अशुचि, रक्त आदि तो उसे साफ किये बिना शास्त्र-स्वाध्याय कर सनातन धर्म मे तन की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, मन की स्वच्छता सबका सन्तुलित विचार है और इस समग्र स्वच्छता के विवेक का यह अवसर है। मन से नरक मिटाओ, विचार से नरक दूर करो और घर से भी नरक दूर करके चतुर्दशी की भावना के दूसरे आदर्श को सार्थक करो।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर से दूर कालेज के मैदान में सजीं पटाखे की दुकानें



**रूद्रपुर, देवरिया।** सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विगत वर्ष की भाति इस वर्ष भी दिवाली के त्योहार पर पटाखे की दुकानें नगर से दूर रूद्रपुर-गौरीबाजार मार्ग पर सतासी इंटर कॉलेज से मैदान में सज गई हैं। आग की घटना से निपटने के लिए दमकल की गाड़ी तो नहीं है किंतु नगर पंचायत ने पानी के टैंकर का इंतजाम कर दिया है। मानक के अनुसार पटाखे की दुकान पर अग्नि रोधी यंत्र के साथ ही बालू भरी बाल्टी भी होनी चाहिए किंतु ऐसा कुछ नजर नहीं आया। दुकानों पर भीड़ कम है। ज्यादातर दुकानदार ग्राहकों की बाट जोह रहे हैं। उनका कहना है कि नगर से दूर होने के नाते पटाखों की बिक्री पर असर पड़ा है। हालाकि सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए प्रशासन द्वारा नगर से दूर पटाखे की दुकान लगाने का निर्णय सही साबित हो रहा है।

### संकरे मार्ग पर डेकोरेटिव पोल का विरोध कर रहे सभासद, की शिकायत



**रूद्रपुर, देवरिया।** उपनगर के लगभग आधा दर्जन सभासद संकरे मार्ग पर डेकोरेटिव पोल व लाइट लगाने का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। शनिवार को उन्होंने इस आशय का एक शिकायती पत्र तहसील दिवस में दिया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा इमामबाड़े से लेकर थाना होते हुए गोला वार्ड तक डेकोरेटिव पोल व लाइट लगाने का कार्य कराया जा रहा है। जबकि यह मार्ग पहले से ही संकरा है और अतिक्रमण से अक्सर जाम रहता है। इस तरह के पोल लगने के बाद सड़क और भी संकरी हो जाएगी। जिससे जाम की समस्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष को चाहिए कि इस प्रकार की लाइट चौड़े मार्गों पर लगाया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस लाइट को आदर्श चौराहा से सेमरौना मार्ग,खजुहा से नाथ बाबा मंदिर मार्ग, इमामबाड़ा से खजुहा मार्ग आदि पर लगाया जाए। जहां अतिक्रमण व जाम की कोई समस्या नहीं है। इसके पूर्व सभासद अनीता रावत व उनके प्रतिनिधि सत्येन्द्र रावत ने जिलाधिकारी को पत्र देकर डेकोरेटिव लाइट्स अन्यत्र लगाने की मांग की थी। जिस पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव को ही जांच कर आख्या देने का आदेश किया है।

### फुलवारी पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई गई दीपावली



**गोंडा।** फुलवारी पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 17 अक्टूबर को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने गरीब परिवारों के लिए ÷डोनेशन ड्राइव÷ कार्यक्रम चलाया, जिसमें उन्होंने अपनी ओर से आर्थिक सहयोग प्रदान कर गरीब परिवारों की दीपावली को रोशन करने का



प्रयास किया।इस अवसर पर विद्यालय में एक नाटक का भी आयोजन किया गया, जिसमें भगवान राम के अयोध्या आगमन की कहानी को प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने अपनी अदाकारी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।विद्यालय के इस प्रयास से न केवल गरीब परिवारों को मदद मिली, बल्कि बच्चों को भी सामाजिक सेवा की भावना को समझने का अवसर मिला। फुलवारी पब्लिक स्कूल के इस पहल की सराहना की जा रही है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तहसील समाधान दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनीं 105 फरियादियों की समस्याएं, 16 का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** शनिवार को सदर तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 105 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से हो, ताकि जनता को त्वरित न्याय मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर नंबर अंकित करना अनिवार्य है, ताकि कार्यवाही का ट्रैक रखा जा सके। उन्होंने जोर दिया कि तहसील दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता को न्याय दिलाने का प्रभावी मंच है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शिकायतों का निस्तारण प्रभावी ढंग से हो और अगली बैठक में अनसुलझे मामलों की स्थिति स्पष्ट की जाए।

**मौके पर समाधान, जनता को राहत**

तहसील दिवस में कई गंभीर समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। नमिता पटेल ने अपनी पुत्री की जन्मतिथि में त्रुटि (19 फरवरी 2012 की जगह 4 अप्रैल 2013) की शिकायत की। डीएम ने बीएसए रामेंद्र सिंह को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। पिपराइच के विकास पासवान ने साढ़े चार डिसमिल जमीन के रोड चौड़ीकरण में शामिल होने की अस्पष्टता की शिकायत की। डीएम ने राजस्व विभाग को पारदर्शी रिपोर्ट तैयार करने का आदेश दिया। धोसीपुरवा के सरफुद्दीन ने बैनामे में पिता के नाम की गलती की शिकायत की, जिसके लिए डीएम ने तत्काल संशोधन के निर्देश दिए। जंगल धूषंड की सुमित्रा देवी ने खेत के एकसाथ होने से विवाद की समस्या बताई, जिस पर डीएम ने सीमांकन कर खाते अलग करने का आदेश दिया। झारखंडी की बिंदु देवी ने भू-माफिया ओमप्रकाश पांडेय द्वारा उनकी जमीन दोबारा बेचने की शिकायत की। इस पर एसएसपी ने मामले की समीक्षा और कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया।

**प्रशासन की प्रतिबद्धता**

डीएम दीपक मीणा ने कहा कि सभी विभाग समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एसएसपी राजकरन नय्यर ने कानूनी मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। तहसील दिवस में सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी, सीएमओ डॉ. राजेश झा, एसडीएम सदर दीपक गुप्ता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। डीएम और एसएसपी ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष और पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। यह आयोजन जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का सेतु बन रहा है।

# गोला तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 86 में से मात्र 5 मामलों का निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार, गोरखपुर-** शासन के निर्देशानुसार सोमवार को गोला तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम (प्रशासन) सहदेव मिश्रा ने की। इस दौरान सीओ दरवेश कुमार, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार रमाकांत चौहान, बीडीओ दिवाकर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 5 मामलों का मौके पर निस्तारण किया जा सका। शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को सौंपा गया। अधिकतर शिकायतें राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेंशन और खाद्यान्न से जुड़ी रहीं।

अधिकारियों ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रमेश कुशवाहा, सुनील सोनी, के.एम. उपाध्याय, लालजी शर्मा, रमेश पांडेय, पृथ्वीनाथ गुप्ता, अशोक गुप्ता, अरविंद कुमार, सरयू प्रसाद यादव, विजय कुमार यादव, राजेश सिंह, दिलीप कुमार, कृष्ण कुमार यादव, नृसिंह वर्मा, अरुणाकर सिंह, संजय कुमार, अनिल राय, लल्लन प्रसाद सहित कई कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की समस्याओं का त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण हो सके, जिसके लिए प्रत्येक विभाग को सक्रिय रहना होगा।

### सिद्धार्थ विवि कपिलवस्तु का नवम दीक्षांत समारोह अब 10 नवम्बर को आयोजित होगा

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर का नवम दीक्षांत समारोह अब 10 नवम्बर 2025 (सोमवार) को आयोजित किया जाएगा। पूर्व निर्धारित तिथि 3 नवम्बर 2025 को संशोधित करते हुए यह नई तिथि निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव दीनानाथ यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राजभवन, उत्तर प्रदेश से प्राप्त निर्देशों के क्रम में दीक्षांत समारोह की तिथि में यह परिवर्तन किया गया है। राजभवन से प्राप्त नवीन कार्यक्रमानुसार 10 नवम्बर को दीक्षांत समारोह आयोजित करने के निर्देश विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए हैं।

## धूमधाम से मनाया गया धनतेरस का पर्व






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** फुलवारी पब्लिक स्कूल में आज दिनांक 18 अक्टूबर, शनिवार को धनतेरस के शुभ अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्र और छात्राओं की माता जी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मिठाई बनाने की प्रतियोगिता में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, दिया सजाने की प्रतियोगिता और रैंप वॉक जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें माताओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती नीता सिंह जी ने भगवान कुबेर और धनवंतरी की पूजा कर विद्यालय के प्रबंधक समिति के सदस्यों, अध्यापकों, अध्यापिकाओं और कर्मचारियों को दीपावली का उपहार देकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय में उल्लास और उत्साह का माहौल था। छात्रों और शिक्षकों ने धनतेरस के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## एस.बी.टी. पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**देवरिया।** प्रकाश पर्व दीपावली की पूर्व संध्या पर एस.बी.टी. पब्लिक स्कूल, विशुनपुरा बखरा में दीया मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा एक से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी सृजनशीलता और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने विभिन्न रंगों और डिजाइनों से सजे आकर्षक दीये बनाए। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने सामाजिक संदेशों एवं पारंपरिक थीम पर आधारित मनमोहक रंगोलियाँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें उपस्थित सभी ने सराहा। विद्यालय के चेयरमैन एम.एन. त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में कला, सृजनशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य दिवाकर पाण्डेय, मुख्य समन्वयक अंबरीश त्रिपाठी और प्रशासक अबू दानिश की देखरेख में हुआ। शिक्षकों के सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**सेंट थॉमस स्कूल में बच्चों ने बनाई रंग-बिरंगी रंगोलियां**

रुद्रपुर,देवरिया। धनतेरस के अवसर पर सेंट थॉमस स्कूल में विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक रंगोलियां बनाई। कार्यक्रम में बच्चों ने पारंपरिक डिजाइन कमल, स्वास्तिक, दीपक और शुभ-लाभ की रंगोलियां बनाकर उत्सव का माहौल बना दिया। प्रधानाचार्य ने कहा कि धनतेरस दीपावली की शुरुआत का प्रतीक है और रंगोली मां लक्ष्मी को घर में आमंत्रित करने का शुभ प्रतीक मानी जाती है। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक संजीव थाम्स, मधुलिका त्रिपाठी, अनुष्का शुक्ला, अनुजा पांडे, अर्चना शर्मा, संगीता प्रजापति, पुष्पा पांडे, अनुज मिश्री, कृशन त्रिपाठी, शाहिना परवीन व अनुराधा प्रजापति उपस्थित रहीं।

# समूहिक विवाह कार्यक्रम में 15 जोड़ों का हुआ विवाह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** पहाड़ी क्षेत्र के इटौरा गांव में हनुमत कृपा गुरु लोहगढ़ मध्य प्रदेश द्वारा सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दो मुस्लिम कन्या सहित 15 जोड़ों का विवाह रीति-रिवाज के साथ कराया गया। साथ ही नवीन जोड़ों को घर-गृहस्थी का सामान भी दिया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत इटौरा गांव मे 15 गरीब कन्याओं का विवाह हनुमत कृपा गुरु उर्फसौरभ पाण्डेय द्वारा कराया गया। जिसमें दो मुस्लिम जोड़ों व 13 जोड़े हिन्दू जोड़ों का विवाह पूरे रीति-रिवाज के साथ कराया गया। आयोजक सौरभ पांडेय ने बताया कि सभी जोड़ों को आभूषण सहित गृहस्थी का सारा सामान निःशुल्क दिया गया ताकि सभी जोड़े अपने सुखमय जीवन की शुरुआत कर सकें। बताया कि प्रतिवर्ष सभी वैवाहिक जोड़ों को त्योहारों के उपलक्ष्य पर 11000 की धनराशि पूरे जीवन काल तक दी जाएगी। ताकि वह त्योहार अच्छे से मना सकें। बताया कि समाज में गरीब कन्याओं के विवाह के लिए प्रत्येक दो माह में ऐसे विवाह समारोह का आयोजन होता रहेगा। जिससे समाज में पिछड़े हुए लोगों को भी सम्मान से जीवन जीने का मौका मिल सके। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वृंदावन धाम से आए संत सुखराम दास नाना गुरु हरिशंकर दास अध्यक्ष अखाड़ा परिषद वृंदावन महंत, फूलडोल बिहारी दास महाराज, साहसी दास महाराज, लाडली शरण महराज, सुन्दर दास महाराज, महामंडलेश्वर सच्चिदानंद दास, भगवानदास महाराज, महामंडलेश्वर रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज वृंदावन धाम आदि मौजूद रहे।

## गोरखपुर में दुकान में भीषण आग, चार लोग झुलसे, एक की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर-** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे में शनिवार सुबह करीब 8 बजे एक भीषण अग्निकांड ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। विनोद जायसवाल की दुकान में अचानक लगी आग ने न केवल दुकान को अपनी चपेट में लिया, बल्कि पास में स्थित उनके मकान और उसमें चल रही एक निजी पैथ लैब को भी नुकसान पहुंचाया। इस हादसे में विनोद जायसवाल और उनके परिवार के चार सदस्य बुरी तरह झुलस गए। घायलों में विनोद की पत्नी शकुंतला देवी, बेटे अजय जायसवाल और विजय जायसवाल शामिल हैं। विनोद की हालत सबसे गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें और धुआं दूर से ही दिखाई दे रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर गुलरिहा चौकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है।

आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन स्थानीय लोगों का अनुमान है कि दुकान में बिक्री के लिए रखे गए पेट्रोल और डीजल इस हादसे की वजह हो सकते हैं। कुछ लोगों ने बताया कि दुकान में ईंधन का भंडारण किया जाता था, जिसके कारण आग ने इतना विकराल रूप लिया। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। चौकी प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने बताया कि घायलों के इलाज को प्राथमिकता दी गई है और आग लगने के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। इस घटना ने पूरे भटहट कस्बे में दहशत फैला दी है। लोग दुकानों में ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण पर सवाल उठा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन से इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# ग़ोला बाजार वार्ड सभासद ने किया नामकरण का विरोध, कहा - जनता पुराने नाम से ही खुश है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


नगर पंचायत गोला बाजार, गोरखपुर (उ0प्र0)
प्रमिला देवी (सभासद) वार्ड सं.-15
निवास : देवकली, नगर पंचायत गोला बाजार तहसील-गोला, जनपद-गोरखपुर (उ0प्र0) पिन कोड-273408 मो0नं0-9936148045

**गोला बाजार (गोरखपुर)।** नगर पंचायत गोला में वार्डों के नामकरण को लेकर जारी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में हुई बोर्ड बैठक में सभी वार्डों के नए नामकरण का प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन अब कई वार्डों के सभासद और स्थानीय नागरिक इस निर्णय के विरोध में सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड नंबर 15 देवकली की सभासद प्रमिला देवी ने एसडीएम गोला व नगर पंचायत अध्यक्ष को एक लिखित आवेदन देकर अपने वार्ड के नए नाम "रामजी नगर" का विरोध दर्ज कराया है। सभासद का कहना है कि देवकली वार्ड का पुराना नाम ही जनभावना और स्थानीय पहचान से जुड़ा हुआ है, जिसे बदलना अनुचित होगा।

प्रमिला देवी ने अपने पत्र में लिखा है कि "देवकली वार्ड का नाम बदलकर रामजी नगर किया जा रहा है, जिसका विरोध संपूर्ण वार्डवासी कर रहे हैं। नया नामकरण जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ और कागजी परेशानियाँ बढ़ाएगा। लोगों को सभी सरकारी व व्यक्तिगत दस्तावेज़ों में परिवर्तन कराना पड़ेगा, जिससे जनता को भारी असुविधा होगी।" वार्डवासियों ने भी इस फैसले को जनहित के विपरीत बताते हुए कहा कि पुराने नाम "देवकली" से ही उनकी धार्मिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान जुड़ी है। ऐसे में इस नाम को बदलना स्थानीय परंपरा और भावना दोनों के खिलाफ है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने नामकरण के निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया, तो वे व्यापक जन आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। वहीं नगर पंचायत प्रशासन अब इस विरोध पर मंथन में जुटा है।

# ख़जनी में धनतेरस को लेकर बाजार में लोगो ने की जम कर खरीदारी

**●महंगाई के चलते मध्य बर्गी किसान व मजदूर के चेहरे पर मायूसी दीखी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी-** गोरखपुर दीपोत्सव मनाने के लिए हर कोई अपने-अपने तरीके से तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी तरह व्यापारी भी ग्राहकों की आमद से धनवर्षा कराने की तैयारियों में लगे हैं। इससे बाजार में रौनक दिख रही है। दीपोत्सव में धनतेरस का अपना ही महत्व है। इस दिन हर कोई अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी करता है। इसी अवसर को भुनाने के लिए व्यापारियों ने भी कमर कस ली है। सोने-चांदी के दाम भले ही आसमान छू रहे हों, फिर भी सर्राफा व्यवसायी गहनों से दुकानो पर भीड दिखी इसके साथ ही चांदी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, सिक्का, नोट आदि भी शो-केश में सजा लोग पसन्द कर खरीद रहे है स्वर्ण व्यवसायी ने बताया कि महंगाई होने से ग्राहकों की आमद तो कम है। हर कोई कुछ न कुछ खरीद सके, इसके लिए हल्के जेवर भी तैयार किए गए हैं। व्यवसाय अच्छा होने की उम्मीद है। लोगों को लुभाने के लिए दुकानों में बिजली की झालरों को जला कर रखा गया है। झालर व्यवसायी राकेश गुप्ता ने बताया कि दीपोत्सव के लिए सभी स्वदेशी वस्तुओं को ही प्राथमिकता दी गई है। लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी व पीओपी की मूर्तियां भी बिकने लगी हैं। साथ ही सजावट के सामान से लगायतफल, मिषठान पडाका कपडे की दुकान पर भी ग्राहको की भीड दिखी ।

### अन्ना मवेशी को बचाने के प्रयास में पलट गई कार



**- झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में हुआ हादसा**

**चित्रकूट-** झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में अचानक सामने से अन्ना मवेशी आने के कारण कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि कार चालक और उसमें बैठे यात्री बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम कर्वी के गांधी गंज निवासी राजेन्द्र कुमार अपने साथी प्रखर गुप्ता के साथ अपनी हुंडई क्रेटा कार यूपी96एन1289 से भरतकूप से कर्वी की ओर आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में लगभग 10 से 11 बजे के बीच उनकी कार के सामने अचानक अन्ना मवेशी आ गए। जिन्हें बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ने से कार पलटते हुए पेड़ से टकरा गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान कार का एयर बैग खुल गया। जिससे कार चालक राजेन्द्र कुमार और उनका साथी प्रखर गुप्ता बाल-बाल बच गए।

## दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला व श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**●कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रहे मुख्य अतिथि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जनसंघ एवं पूर्व मंत्री की 43वीं पुण्य स्मृति पर आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कॉलेज, पथरदेवा में श्रद्धांजलि सभा, विशाल दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला एवं स्वास्थ्य शिविर का दो दिवसीय आयोजन किया गया। कृषि मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश ने की। इस अवसर पर बलदेव सिंह औलख, राज्य मंत्री कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश, कमलेश पासवान, राज्य मंत्री भारत सरकार, शशांक मणि, सांसद, विजयलक्ष्मी गौतम, राज्य मंत्री, सभाकुंवर, विधायक, दीपक मिश्रा उर्फ शाका बाबा, विधायक, सुरेन्द्र चौरसिया, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

किसान मेले में कृषि, स्वास्थ्य, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, गन्ना, रेशम, सहकारिता, एग्रो, सिंचाई, लघु सिंचाई, विद्युत, बैंकिंग, एनजीओ/एफपीओ, कृषि ज्ञान केंद्र एवं विज्ञान केंद्र सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, आधुनिक बीज, उर्वरक, कीटनाशी रसायन एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मेले में आए कृषकों को कृषि वैज्ञानिक डा. आर.के. मलिक अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, वाराणसी, डा. एस.के. नायक इफको, डा. संजीव तेतरिया इफको, लखनऊ, डा. आर.आर. सिंह कुमारगंज, फैजाबाद एवं डा. मान्धाता सिंह केवीके ने आधुनिक कृषि तकनीकों और फसल उत्पादन के नए प्रयोगों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी, अपर कृषि निदेशक प्रसार आर.के. सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक उर्वरक आशुतोष मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, संयुक्त कृषि निदेशक, गोरखपुर मंडल, उप कृषि निदेशक, उप जिलाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिले के सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

# युवा उत्सव-साइंस मेले में करें प्रतिभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट-** जिला युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तरीय युवा उत्सव/साइंस मेले का आयोजन आगामी चार नवम्बर को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेडी पुलिया में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकनृत्य (फोल्कडांस) समूह, लोकगीत (फोल्कसांग) समूह, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन सहित अन्य विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। बताया कि इस युवा उत्सव व साइंस मेले में प्रतिभाग के लिए प्रतिभागीय की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। बताया कि समस्त प्रतिभागी अपने साथ शिक्षा प्रमाण पत्र और आधार कार्ड की छायाप्रति अपने साथ अवश्य लाए। कार्यक्रम एवं उत्सव में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी युवाओं का मॉय भारत पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। बताया कि कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए इच्छुक कलाकार क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी अखण्ड प्रताप के मोबाइल नंबर 8787021048 पर सम्पर्क कर और विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष संख्या एक पर उपस्थित होकर पंजीकरण करा सकते है।

## संक्षिप्त खबरें

### एसडीम नवाबगंज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस



**बरेली/**नवाबगंज एसडीएम उदित पवार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया यहां पर 49 शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से 3का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष 46 शिकायतों के निस्तारण हेतु अधीनस्थों को शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया गया। ताकि शासन की मनसा के अनुरूप लोगों को न्याय मिल सके दीपावली के पर्व पर एसडीम पावर में सभी को निर्देशित किया और कहा दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर विशेष ध्यान रखा जाए कहीं पर कोई भी मिलावट की वस्तु की बिक्री न की जाए जिसे खाने के बाद लोग बीमार पड़े इसके लिए उन्होंने कड़ाई से नजर रखने का आदेश दिया। यहां पर 49 शिकायत है पंजीकृत की गई सभी शिकायतों को उनके विभागों को सौंप दिया गया यहां पर उपस्थित एसडीएम उदित पवार तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति समेतअनेकों लोग उपस्थित थे।

### एक दिन की नगर पालिका की ईओ बनी छात्रा खुशी



**बरेली/**नवाबगंज नगर पालिका की एक दिन के लिए ईओ बनीं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा खुशी को आज नगर पालिका कार्यालय में ईओ की कुर्सी पर बैठाया गया खुशी ने नगर पालिका की कार्यवाही को देखा साथ ही यहां आए चार फरियादियों की शिकायतों को सुनकर तुरंत निस्तारित कर दिया। उन्होंने बताया एक दिन के लिए एक कार्य भार सोपा गया इसके लिए मैं अपने को गौरंबित महसूस करती हैं इसके लिए विद्यालय परिवार के साथ उसने अपने माता-पिता को विशेष श्रेय दिया।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित




**लखीमपुर-खीरी।** नगर पालिका लखीमपुर द्वारा दशहरा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शृंखला मे आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मंच पर साहित्यिक सेवाओं के लिये साहित्यकार सुरेश सौरभ को उत्तर प्रदेश सरकार में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना एवं नगर पालिका परिषद लखीमपुर के अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने सम्मानित किया । इस अवसर पर मेला अध्यक्ष कौशल तिवारी कवि श्याम किशोर बेचैन, राममोहन गुप्ता सहित अपार जन समूह था। विगत दो दशक से अधिक समय से गद्य की विभिन्न विधाओं में सुरेश लिख रहे हैं तालाबंदी, नोटबंदी ,एक कवयित्री की प्रेम कथा, इस दुनिया में तीसरी दुनिया, भीगते सावन, पावन तट पर आदि इनके संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। इनकी लघुकथाएं व्यंग्य आदि देश की प्रतिष्ठित अखबारों पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही हैं।

### सूचना का अधिकार अधिनियम से मांगी गई सूचनाए मिलने के बाद होगा एक बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा

विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया में कराए गए वर्ष 2020द्ग 2021 से 2024 द्ग25 तक के विकास कार्यो से संबंधित जानकारी सूचना अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई है।सूचना आवेदक कमल मिश्रा पुत्र स्व.श्रीराम मिश्रा संपाद8क तराई विचार समाचार पत्र ने कुल पांच बिन्दुओ पर आधारित सूचनाये चाही है।कमल मिश्रा के बताये अनुसार आवेदन मे ग्राम पंचायत खमरिया मे वित्तीय वर्ष 2021 से माह सितम्बर 2025 तक कराये विकास कार्यो की जानकारी चाही है विंदु सं.02 मेलगवायी गयी स्ट्रीट लाइटो,शोक पिट निंमाण कार्य,नल मरम्मत एवं नल रिबोर पर व्यय धनराशि वित्तीय वर्ष 2021 से 2025 तक का विवरण मांगाहै।साफ सफाई और दवा छिडकाव.के नाम निकाली गयी धनराशि का विवरण एवं बिल बाउचर की सत्यापित छाया प्रतियां चाही गयी हैं।शौचालय और आवास लाभार्थियों की सूची चाही है।वांछित सूचनाये मिलने के बाद एक बडे भ्रष्यचार का खुलासा होना होगा तय।और कई जिम्मदार लोगो पर कार्रवाई की आंच आना तय होगा।

## जिलाधिकारी ने कार्य में लापरवाही पाये जाने पर 03 लेखपाल एवं 01 राजस्व निरीक्षक को किया निलम्बित-समाधान दिवस-फूलपुर

**●01 राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के दिए निर्देश।**

**समाधान दिवस में कुल 311 प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, 08 प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील फूलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा उनसे सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण कर अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए वहां पर फाइलों के रख-रखाव एवं अन्य व्यवस्थाओं का देखा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने तहसील में इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन पर आधारित मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अन्तर्गत 5 महिलाओं की गोदभराई एवं 5 बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं को सुनते हुए राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को प्रकरण की जमीनी स्तर पर जांच कर शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने एवं प्रार्थनापत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण में विलम्ब होने पर सम्बंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी के द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्रों के सुनवाई के दौरान कार्य में लापरवाही पाये जाने पर 03 लेखपालों- वीरेन्द्र पटेल, एकराम उल्ला, आनंद सिंह एवं राजस्व निरीक्षक नंतलाल को निलम्बित किए जाने एवं राजस्व निरीक्षक जितेन्द्र मिश्रा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने सभी राजस्व लेखपालों को ग्राम समाज की जमीनों को चिन्हित करते हुए उन्हें स्वयं अपनी निगरानी में रखते हुए कब्जा मुक्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता का फीडबैक भी लिया जाये और शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट भी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, अवैध कब्जा व अन्य शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रार्थनापत्रों की अलग-अलग सूची बनाकर सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस



पर तहसील फूलपुर में कुल 311 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 199, विकास विभाग की 20, पुलिस विभाग 46, समाज कल्याण विभाग की 01, स्वास्थ्य विभाग की 01, चकबंदी-02, विद्युत विभाग की 10 व अन्य विभागों से सम्बंधित 32 थी, जिनमें से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नजूल श्री संजय पाण्डेय, उपजिलाधिकारी फूलपुर, जिला विकास अधिकारी श्री जी0पी0 कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी श्री रवि शंकर द्विवेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरस्वती बाल विद्या मंदिर मे मनाया गया दीपोत्सव का उत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोकर्णनाथ खीरी।**आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर मे दीपावली का उत्सव पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने भगवान गणेश माता लक्ष्मी का पूजन अर्चन करके किया। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक अरविन्द पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप मे सुनील शुक्ला उपस्थित रहे मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष ने अपने संबोधन मे दीपावली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दीपावली का पर्व भगवानराम के चौदह वर्षो के वनवास के बद अयोध्या में लौटने पर बहुत धूमधाम से अयोध्या वासियों ने घी के दीपक जलाकर मनाया था और भगवान गणेश माता लक्ष्मी की विधिवत पूजा कर के अयोध्या राज्य मे सुख समृद्धि एवं वैभव की कामना की थी आज पूरे देश मे दीपावली का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जाता है जिससे पूरे देश में समस्त जनता कोभगवान गणेश माता लक्ष्मी सुख समृद्धि एवं वैभव प्रदान करें जिससे अपना देश आत्मनिर्भर बन सके विद्यालय के संरक्षक अरविन्द पाण्डेप ने अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं तथा छात्र छात्राओं को दीपावली के पावन पर्व परशुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामनाकी विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि सुनील शुक्ला एवं विद्यालय के संरक्षक अरविन्द पाण्डेप को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और छात्र छात्राओं के द्वारा अपनी -अपनी कक्षा मेंरंगोली बनाई गयी जिसकी प्रशंसा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि विद्यालय के संरक्षक ने की इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य चंदा दीक्षित साहिबा बानो दरक्षा परवीन मुस्कान शिवा परवीन साक्षी सोनी श्वेता आकाश तिवारी अरुण कुमार सहित छात्राएं एवं छात्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने किया।

## यदि कराई जाए ग्राम प्रधान खमरिया की आय से अधिक संपत्ति की जांच तो होगा बड़े घोटाले का पर्दाफाश

**●कागजों पर विकास की गंगा बहा लाखों रुपए डकारे जाने के ग्राम प्रधान पर लग रहे आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** भले ही सुबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हो और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति लागू कर रहे हो पर जनपद खीरी के विकासखंड पसगवां की ग्राम पंचायत खमरिया के ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव समेत पंचायत सहायक व रोजगार सेवक की मिली भगत से जमकर फर्जीवाडा और भ्रष्टाचार कर खुद की तिजोरी भर लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्रों के मुताबिक हकीकत की जमीन पर गांव के हालात बद से बदतर दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो गांव में एक भी नाली खडंजा व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य नहीं कराया गया एक दो जो हुए भी हैं उनमें जमकर मानकों की धज्जियां उड़ाकर मानक विपरीत गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य कराए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं। लोगों की जुबानी सत्य माने तो जो विकास कार्य पूर्व प्रधानों द्वारा कराए गए थे वही धरातल पर दिखाई पड़ रहे हैं शेष कोई नवीन कार्य कहीं दिखाई नहीं पड़ रहे हैं।

**स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय निर्माण में धांधली के आरोप**

ग्राम पंचायत खमरिया में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनवाए गए शौचालय में भारी भ्रष्टाचार किए जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दर्जनो शौचालय का निर्माण कराए बगैर ही सरकारी धन का बंदर बाट कर लिया गया कई पुराने शौचालय की मरम्मत कराकर नवीन शौचालय का पैसा निकल जाने के भी आरोप लगाए गए हैं ।

**गांव में साफ सफाई और दवा छिड़काव के नाम पर भ्रष्टाचार**

ग्राम पंचायत खमरिया के स्थानीय गांव खमरिया में साफ सफाई और एंटी लारवा दवा छिड़काव के नाम पर फर्जी बिल वाउचर लगाकर लाखों का बजट डकारे जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा मिली है जबकि लोगों का कहना है ना तो यहां पर कोई साफ सफाई कराई गई है और ना ही कभी गांव में दवा का छिड़काव ही कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान पति ने कई दलाल और वसूली एजेंट बना रखे हैं जो शौचालय आवास के नाम पर अवैध वसूली करते हैं स्ट्रीट लाइट, शोकपिट, नल मरम्मत और रिबोर कागजो पर दिखाकर लाखों का गोलमाल किए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाए जा रहे हैं।सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदक कमल मिश्रा द्वारा मनरेगा योजना सहित अन्य मामले की जानकारी चाहि गई है सूचना मिलने के बाद ग्राम पंचायत खमरिया में एक बड़े भ्रष्टाचार के खुले खुलासा होना तय बताया जा रहा है। यदि ग्राम पंचायत खमरिया में कराए गए विकास कार्यो की कराई जाए जांच टीम गठित कर स्थलीय निष्पक्ष जांच तो कई जिम्मेदारों की गर्दन फसना तय होगा।ह्य

## डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर (खीरी)।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोक सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे।जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।इस समाधान दिवस में कुल 44 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 19, पुलिस विभाग की 11, विकास विभाग की 02, नगर निकाय की 04, आपूर्ति 03, विद्युत 02 , कृषि की 03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे ॅ महिलाओं को मिली घरौनी की सौगात**

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने शासन की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के तहत सात महिलाओं को घरौनी (स्वामित्व प्रमाणपत्र) वितरित किए गए। घरौनी पाकर महिलाओं के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी झलक उठी। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत चार महिलाओं को सहायता धनराशि का चेक प्रदान किए गए।

**डीएम की संवेदनशील पहल ॅ गरीब छोटे राठौर को मिला सहारा**

तहसील मितौली के मोहल्ला कटरा कुआं निवासी छोटे राठौर की दीन-हीन स्थिति की सूचना मिलते ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तत्काल संज्ञान लिया। उनके निर्देश पर प्रशासन ने परिवार को राहत पहुंचाई और विभिन्न योजनाओं में शामिल किया। शनिवार को डीएम ने स्वयं छोटे राठौर को अंत्योदय कार्ड प्रदान कर सहायता की नई राह खोली।

## महागठबंधन और एनडीए-चुनाव आयोग गठजोड़ का मुकाबला!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अभी से बमुश्किल एक माह के भीतर बिहार में नई विधानसभा, नई सरकार और शायद नया मुख्यमंत्री भी होगा। सभी की नजरें सीटों के लिए हो रही खींचतान पर थी कि किस पार्टी को कितनी सीटें मिलीं और 'इंडिया' या एनडीए में से कौन-सा गठबंधन ज्यादा उलझा लग रहा है। हकीकत तो यह है कि दोनों ही गठबंधनों को कई तरह की गांठें सुलझानी हैं। एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। लगभग 20 साल से बिहार में मुख्यमंत्री की कुर्सी पर जमे नीतीश कुमार ने इस दौरान राजनीतिक हवा का रुख भांपने की कमाल की काबिलियत दिखाई। इस बार मुद्दा उनकी खराब सेहत का है, जिस कारण उनकी अपनी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) पर उनकी कमजोर पकड़ से जुड़ी तरह-तरह की बातें हवा में तैर रही हैं। हाल ही में नीतीश के सार्वजनिक व्यवहार को ध्यान में रखते हुए बात करें, तो यही कहा जा सकता है कि ये सिर्फ अफवाहें नहीं।

16 अक्तूबर को एक टीवी चैनल से बातचीत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह तो साफ कहा कि बिहार में 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होने वाला चुनाव एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगा, लेकिन मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर उन्होंने कहा कि घटक दल चुनाव के बाद फैसला करेंगे। यह दो बातों का साफ संकेत है- पहला, कि बीजेपी अपने सहयोगी और उसके सबसे बड़े 'चेहरे' को कैसे आंक रही है, जिसके बिना आज भी वह बिहार में चल नहीं सकती और दूसरा, बेशक चुनाव तक उस व्यक्ति के साथ रहना उसकी बाध्यता है, लेकिन बाद में शायद वह उसकी पीठ में छुरा भोंक दे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में कितना दम-खम बचा है, कोई नहीं जानता। कुछ विश्लेषक नीतीश की सत्ता में टिके रहने की काबिलियत, मौका ताड़कर पाला बदलने की छवि और उनकी संदिग्ध वैचारिक प्रतिबद्धता के आधार पर भविष्यवाणी कर रहे हैं कि नीतीश सत्ता के शीर्ष पर बने रहेंगे। कुछ जानकार कह रहे हैं कि नीतीश की राजनीतिक पारी अंत के कगार पर है। वह इसके लिए पार्टी में फैली गड़बड़ियों और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और ललन सिंह के नाम से जाने जाने वाले केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की हरकतों को संकेत बता रहे हैं।

ललन सिंह जुलाई 2021 से दिसंबर 2023 तक जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उन्हें नीतीश विरोधियों के साथ हाथ मिला लेने के आरोपों में अध्यक्ष पद से हटाया गया था। ये दोनों नेता अब भी जेडीयू के साथ हैं लेकिन बीजेपी के करीबी माने जाते हैं। इस तरह की अफवाह है कि जेडीयू टूटने वाला है और पार्टी से खफा धड़े को चुनाव के बाद बीजेपी में जगह मिल जाएगी। पार्टी में नीतीश के वफादारों को इसका अंदाजा है और उनको डर है कि ऐसा न हो कि उनके पास मोलभाव करने का कोई रास्ता न रहे। एनडीए में सीटों के बंटवारे से पता चलता है कि नीतीश के कट्टर दुश्मन लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान को ऐसी सीटें दी गई हैं जिन पर जद(यू) का भी दावा है। इसी कारण नीतीश ने बागी तेवर अपना लिए हैं और चिराग की पार्टी को दी गई 29 सीटों में से कुछ पर जेडीयू के उम्मीदवार उतार दिए हैं।

पासवान ने 2020 का विधानसभा चुनाव अकेले लड़ा था। हालांकि वह सिर्फ एक ही विधानसभा सीट जीत पाए, लेकिन माना जाता है कि उनकी पार्टी ने तब जेडीयू को अच्छा-खासा नुकसान पहुंचाया जिससे बीजेपी को गठबंधन और सरकार में तोलमोल की ज्यादा ताकत मिल गई। इस बात की मजबूत आशंकाओं को देखते हुए कि अगर एनडीए जीतता है, तो नीतीश को मुख्यमंत्री पद से हटाया जा सकता है। उनके वफादारों ने बराबर मांग की है कि नीतीश को चुनाव के पहले ही मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया जाए। लेकिन अब तक तो ऐसा नहीं हुआ है और आगे भी ऐसा होता नहीं दिख रहा। ऐसे में यह जानने के लिए इंतजार करना होगा कि क्या नीतीश के पास अब भी कोई तुरुप का इक्का है?

कांग्रेस ने 24 सितंबर को राज्य के अति पिछड़ा समुदायों (ईबीसी) के लिए अपना 10-बिंदुओं वाला घोषणापत्र 'अति पिछड़ा न्याय संकल्प' जारी किया। पार्टी के लिए ईबीसी की आवाज, उनका प्रतिनिधित्व और उन्हें मजबूत करने की प्रतिबद्धता सिर्फ कहने की बात नहीं। 'न्याय संकल्प' उस नजरिये को जाहिर करने और नीतिगत इरादे का ऐलान है। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के उसके साथी ईबीसी वोट की रणनीतिक कीमत समझते हैं। राज्य में इस समुदाय के वोटर एक तिहाई से ज्यादा हैं। यह समझदारी मुकेश सहनी को अपने साथ रखने की कोशिशों में साफ दिखी। हालांकि, इस आलेख को लिखे जाने तक इंडिया ब्लॉक ने सीटों पर तालमेल की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी, लेकिन साहनी ने राहुल गांधी को लिखे एक पत्र में गठबंधन के लिए अपनी प्रतिबद्धता जरूर जताई।

उन्होंने साफ तौर पर लिखा कि मुद्दा यह नहीं था कि उनकी पार्टी को कितनी सीटें मिलें, बल्कि ÷सांप्रदायिक और विभाजनकारी ताकतों से लड़ना÷ था। सीपीआई-एमएल नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने भी सहनी को साथ रखने की कोशिशों पर जोर देते हुए कहा कि बड़ी पार्टियों को गठबंधन की एकता बनाए रखने के लिए एक-दो सीटों को छोड़ना चाहिए और उनकी पार्टी भी ऐसा करने को तैयार है। कांग्रेस ने इस रुख का समर्थन किया। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी के दखल के बाद, आरजेडी सहनी को 15 सीटें देने पर तैयार हो गया है। कुछ अन्य रिपोर्ट्स के मुताबिक, सहनी को एक राज्यसभा सीट और दो एमएलसी देने की भी पेशकश की गई।

इंडिया ब्लॉक के सामने भी सीटों के तालमेल से जुड़ी अपनी चुनौतियां हैं। लेकिन अगर आप गोदी मीडिया के कोरस को सुनेंगे, तो आपको इनका आकार जरूरत से ज्यादा बड़ा दिखेगा, क्योंकि ऐसा मीडिया इंडिया ब्लॉक के घटक दलों में मतभेद का बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। उदाहरण के लिए, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी ज्यादा सीटें मांगने के कारण सुर्खियों में रहे। अफवाह तो यहां तक थी कि वह बीजेपी के 'धनकुबेरों' से तोलमोल कर रहे थे। हिन्दी फिल्मों में कभी सेट डिजाइनर के तौर पर काम करने वाले मुकेश सहनी ने 2015 के विधानसभा चुनाव से पहले 'निषाद विकास संघ' बनाकर बीजेपी के लिए प्रचार किया था। लेकिन निषाद समुदाय को अनुसूचित जाति की सूची से बाहर रखने के मामले में वह बीजेपी से अलग हो गए। 2018 में उन्होंने 'विकासशील इंसान पार्टी' शुरू की।

## उ.प्र. ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का हुआ भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही-** उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर आयोजित "यूपी ट्रेड शो एवं स्वदेशी मेला 2025" का जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन व निर्देशन में 10 दिवसीय आयोजन 9 से 18 अक्टूबर 2025 तक पूरे उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस मेले का उद्देश्य न केवल स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना था, बल्कि स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों, उद्यमियों और छोटे दुकानदारों को एक साझा मंच प्रदान करना भी था, जहाँ वे अपने उत्पादों को आमजन तक पहुँचा सकें। इस 10 दिवसीय मेले में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। मेले में कुल 50 से अधिक स्टालों की व्यवस्था की गई थी, जहाँ विविध प्रकार के स्वदेशी उत्पाद–जैसे हस्तशिल्प, हथकरघा वस्त्र, स्थानीय खाद्य सामग्री, पारंपरिक खिलौने, आयुर्वेदिक उत्पाद, जैविक खेती के सामान, मिट्टी व लकड़ी से बने सजावटी सामान आदि–का न केवल प्रदर्शन किया गया बल्कि इनकी भारी मात्रा में बिक्री भी हुई। इससे यह स्पष्ट होता है कि आज का उपभोक्ता स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के प्रति सजग और उत्साहित है।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया मेले का आकर्षण**

मेले की विशेषता केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिनमें लोक नृत्य, संगीत, नाटक, कवि सम्मेलन, नुक्कड़ नाटक, जैसी गतिविधियाँ सम्मिलित रहीं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी विचारधारा को जनमानस तक पहुँचाने का सफल प्रयास किया गया।

**करोड़ों का व्यापार, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा**

इस मेले के दौरान कुल व्यापार करोड़ों रुपए का हुआ, जिससे न केवल स्थानीय उद्यमियों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिला, बल्कि इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली। इस आयोजन से यह सिद्ध होता है कि अगर स्थानीय उत्पादों को सही मंच मिले, तो वे किसी भी बड़े ब्रांड या विदेशी उत्पादों को टक्कर देने में सक्षम हैं। मेले में आए व्यापारियों और ग्राहकों ने भी इसे एक उत्कृष्ट प्रयास बताया और भविष्य में ऐसे और आयोजनों की अपेक्षा जताई।

**सम्मान समारोहॅ उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र वितरण**

मेले के समापन अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेले में प्रतिभाग करने वाले स्थानीय दुकानदारों, कारीगरों और अन्य प्रतिभागियों को उनकी उत्कृष्ट सहभागिता और योगदान के लिए मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीडीओ ने अपने उद्बोधन में कहाॅ "स्वदेशी मेला न केवल स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार का एक माध्यम है, बल्कि यह हमारे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। हमें गर्व है कि हमारे जिले में इस प्रकार का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।" मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, स्वयंसेवकों, मीडिया कर्मियों, और प्रशासनिक अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि सभी की संयुक्त मेहनत और समर्पण से ही यह मेला इतने प्रभावशाली रूप में संपन्न हो सका।

**महिला उद्यमिता को मिला मंच**

मेले की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि महिला स्व-सहायता समूहों (Self Help Groups) ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए आचार, पापड़, मसाले, हैंडमेड बैग, बुनाई के वस्त्र आदि की जबरदस्त मांग रही। इससे यह स्पष्ट है कि महिला उद्यमिता को उचित मंच मिलने पर वह आत्मनिर्भरता की ओर बड़ी तेजी से अग्रसर हो सकती है।

**युवाओं के लिए स्टार्टअप जोन**

इस वर्ष मेले में "स्टार्टअप जोन" की भी व्यवस्था की गई थी, जहाँ स्थानीय नवोन्मेषी युवाओं ने अपने स्टार्टअप आइडिया और उत्पाद प्रस्तुत किए। इसमें तकनीकी, कृषि, हस्तशिल्प, डिजिटल समाधान और ई-कॉमर्स से जुड़े विचारों को लोगों ने सराहा। यह नवाचार क्षेत्र के युवाओं को प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

मेला पूरी तरह से प्लास्टिक मुक्त रहा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विशेष अभियान चलाए गए। जैविक उत्पादों की बिक्री, पारंपरिक पैकेजिंग, और पर्यावरण-अनुकूल सजावट ने यह दिखाया कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ संभव हैं। मेले की सफलता में मीडिया की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। स्थानीय और राज्य स्तरीय समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने मेले की गतिविधियों को व्यापक रूप से प्रसारित किया, जिससे इसकी पहुँच दूर-दराज के लोगों तक भी हुई। "यूपी ट्रेड शो एवं स्वदेशी मेला 2025" ने यह प्रमाणित कर दिया है कि जब सरकार, समाज और स्थानीय उद्यमी मिलकर प्रयास करते हैं, तो स्वदेशी आंदोलन को नई दिशा और गति मिल सकती है। यह मेला न केवल एक व्यापारिक आयोजन था, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव भी रहा, जिसने "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" की भावना को जन-जन तक पहुँचाया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, उपनिदेशक कृषि डॉ.अश्वनी सिंह, एलडीएम अमित गुप्ता, मत्स्य विभाग प्रभारी अमित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं- सुनील कुमार दूबे



**भदोही।** जिले में युवाओं को खेल के प्रति सदा उत्साहित और प्रेरित करने वाले डीघ ब्लॉक स्पोर्ट अकादमी के अध्यक्ष सुनील कुमार दूबे उर्फ़ पट्टर ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओ की कमी नहीं है, जरूरत है कि युवाओं को सही मार्गदर्शन मिले। और इसका भी कार्य इधर दो दशक से देखने को भी मिल रहा है। सुनील कुमार दूबे ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समय समय पर तमाम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का पूरी तरह मौका मिलता है। सुनील दूबे ने बताया कि बीते जून में डीघ ब्लॉक के मदनपुर सगरा में स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में मैत्री मैच का आयोजन किया गया था जो पूरी तरह सफल रहा। सुनील दूबे में ने कार्यक्रमों के सफल आयोजनों में माता स्वरुप शुक्ला, मदन पाण्डेय, अजीत सिंह, शिवजी मिश्रा और दुर्गेश पाण्डेय के सहयोग की काफ़ी सराहना की। सुनील कुमार दूबे डीघ ब्लॉक के पिंडरा शेरपुर के निवासी है, उन्होंने ने दिवाली पर्व पर देशवासियों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाये दी।

### भदोही में दीपोत्सव व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**भदोही।** श्रम विभाग उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित बिहान आवासीय बालिका विद्यालय, फतूपुर में दीपावली के शुभ अवसर पर दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनोज शर्मा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपोत्सव का यह पावन पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासन पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

विद्यालय की वार्डेन श्रीमती सारिका श्रीवास्तव ने विद्यालय की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी तथा दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में अर्चना मौर्य (हिंदी शिक्षिका) एवं श्रद्धा रैकवार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन इंद्रजीत तिवारी ने किया।

### चालक को झपकी लगने से चार पहिया वाहन पलटी

**चालक सहित सभी बाल बाल बचे**

**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के अदलपुरा चौकी अंतर्गत रूदौली गांव के पास में वाराणसी से चुनार राजमार्ग पर तेज रफ्तार आ रही चार पहिया वाहन पलटी वाहन में सवार सभी बाल बाल बचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार लें गई। जानकारी के अनुसार चुनार थाना निवासी चुनार कस्बा के मनोज शर्मा,जय यादव, मनोज यादव,चार पहिया वाहन में सवार होकर वाराणसी से चुनार आ रहें थे चार पहिया वाहन रोहित चला रहा था। शनिवार की भोर में रूदौली गांव के संतलाल के चाय पान की दुकान में जोरदार टक्कर मारते हुए पास में पेड़ से जा टकराई और वाहन वही पलट गई। चौकी प्रभारी कुमार संतोष ने बताया कि चालक को झपकी आ गई थी, जिससे यह हादसा हो गया।कार में सवार सभी लोगों को हल्की फुल्की चोटे आई थी सभी को इलाज के लिए भेज दिया गया था।

### तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट:** अवैध हथियारों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक इमरान खाँ तथा उनकी टीम आरक्षी अजय कुमार व शुभम मिश्रा द्वारा आरोपी शिवबली निषाद निवासी मनकुवार थाना मऊ को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**● जनमानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**तहसील स्तर पर ही फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण कराये सुनिश्चित-जिलाधिकारी**

**राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर स्थलीय मुआयना कर तैयार करें स्पॉट नोट-पुलिस अधीक्षक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 18 अक्टूबर, 2025- जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी भान सिंह, तहसील भदोही में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, उप जिलाधिकारी अरूण गिरि, पुलिस क्षेत्राधिकारी भदोही, तहसील औराई में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी बरखा सिंह एवं अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फ़रियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को निस्तारण करने हेतु शिकायतकर्ता से बात करें, मौके पर जाये, स्पष्ट रूप से आख्या लिखे, कागजी खानापूर्ति न करें। शिकायतों को पारदर्शी ढंग से गुणवत्तानुरूण निस्तारण कराये। सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग, पंचायत विभाग, जल निगम, राजस्व विभाग के है। जल निगम द्वारा हर घर जल नल योजना से पानी की आपूर्ति सही ढंग से न कराने व सड़के खराब होने व समय पर मरम्मत सही ढंग से न करने पर अधिशासी अभियंता जल निगम को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगायी और कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। अन्यथा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

तहसील ज्ञानपुर सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनवाई के दौरान प्रार्थी रामशिरोमणि पुत्र रामनिहोर निवासी अमिलहरा थाना सुरियावां, तहसील ज्ञानपुर अवैध अतिक्रमण रोके जाने के सम्बन्ध में, विवके कुमार पुत्र मुन्नी निवासी ग्राम गोधना थाना ऊँज, तहसील ज्ञानपुर का अनाधिकार बैनामा की भूमि संख्या 246 आजारी मौजा नारेपार में प्रार्थी के निर्माण को बाधित करने वाले से रोकने के सम्बन्ध में, प्रार्थिनी बुधना देवी पत्नी राजेश कुमार बिन्द निवासी बारी, पोस्ट दशरथपुर, ज्ञानपुर की निवासीनी ने प्रार्थिनी का बैनामा सुदा आराजी नम्बर 224 घ पर बिना किसी अधिकार के विपक्षीगण द्वारा अवैध कब्जा के सम्बन्ध में, रवि प्रकाश जायसवाल पुत्र मानिकचन्द निवासी ग्राम चकसुन्दरपुर तहसील ज्ञानपुर में विपक्षी रमजान अली के विरूद्ध बेदखली का आदेश होने के बावजूद कब्जा किया जा रहा है आराजी नम्बर-48/3 पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में के द्वारा शिकायत सहित अन्य फरियादियों द्वारा दिये गये आवेदनों पर गम्भीरता से सुनते हुए निस्तारण का निर्देश दिया। दूर-दराज से आये फरियादियों के कुल 32 प्रार्थना पत्रों में से 06 मामलों में त्वरित निस्तारण किये गये, शेष प्रकरण में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाते हुए समय-सीमा में समाधान करने का निर्देश दिया।

सभी तहसीलों में जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में सुशासन आधारित लगायें गये विभिन्न कैम्पो-बाल विकास पुष्टाहार विभाग, आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, परिवार नियोजन, समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन, महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के उन्नयन हेतु विविध योजना मिशन शक्ति, राजस्व विभाग हेल्प डेस्क, जागरूकता हेतु लगाये गये। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने तहसील ज्ञानपुर के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण करते हुए सुशासन को स्थापित किया, साथ ही आईजीआरएस में प्राप्त लोक शिकायतों का निस्तारण, ऑनलाईन ''सर्विस डिलीवरी'' की सेवाओं में वृद्धि किया गया। जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। कानूनगो व लेखपाल को निर्देशित किया कि जमीन सम्बन्धी मामले में पुलिस टीम के साथ समन्वय व सहयोग बनाते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कुछ ऐसे मामले होते है जो दो या तीन विभागों के मध्य संयुक्त रहता है। सम्पूर्ण समाधान दिवस एक ऐसा सुअवसर होता है जहा पर एक ही दिन, एक ही निश्चित समय पर सभी जनपदीय अधिकारी उपस्थित होते है। अर्न्तविभागीय समन्वय स्थापित करते हुयें ऐसे सभी मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनता जनार्दन को अपने तहसील स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस द्वारा शासन त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। तहसील दिवस में आए जनता की समस्याओं का पुलिस व राजस्व अधिकारी संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए न्यायोचित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से तीन दिन के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित कराये। उन्होंने जनपद में शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु सभी को प्रोत्साहित किया। गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के मंशानुरूप सुशासन को निर्धारित समय सीमा में जनपदवासियों को अच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की बातो को गम्भीरता से अवश्य सुने। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर की शिकायतें तहसील स्तर पर ही निस्तारित हो जाये। यदि शिकायते ऊपर के स्तर पर प्राप्त हो रही है तो ये दर्शाता है कि तहसील स्तर पर लापरवाही हुई है। उन्होंने जनपदीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने ब्लाक या तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण एसडीएम व सीओ की टीम के साथ समन्वय व सहयोग बनाते हुए निस्तारण सुनिश्चित कराये।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि राजस्व व जमीन प्रकरण शिकायत के निस्तारण हेतु राजस्व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर जॉच करते समय शिकायतकर्ता अथवा वहॉ पर उपस्थित व्यक्तियो के हस्ताक्षर अवश्य कराये तथा फोटोग्राफ्स भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग स्तर पर ही शिकायतकर्ताओं को संतुष्टि के साथ शिकायत निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि प्राथमिक स्तर पर ही विकास खण्ड कार्यालय, उप जिलाधिकारी कार्यालय व विभागाध्यक्ष द्वारा गुणवत्ता व संतुष्टिपरक समय-सीमा में शिकायतों का निस्तारण कर लिया जाय तो फरियादियों को जिलाधिकारी, मण्डलायुक्त व सीएम पोर्टल पर शिकायत करने की स्थिति ही नही आयेगी।

### एस सी एस टी आयोग के सदस्य ने सफाई कर्मियों के साथ की बैठक



**चुनार, मिर्जापुर।** एस सी, एस टी आयोग के सदस्य रमेशचन्द्र नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे। सफाई कर्मचारियों के साथ पालिका सभागार में किया बैठक। शनिवार को अचानक आयोग के सदस्य ने पालिका कार्यालय पहुँच कर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक लालमणि यादव से सफाई कर्मचारियों के बिषय मे विस्तृत जानकारी लिया सफाई निरीक्षक ने बताया कि पालिका मे कुल नियमित 27, 18 संविदा व 86 आउट सोर्सिंग कुल 117 सफाई कर्मी कार्यरत है। आयोग के सदस्य ने सभागार में उपस्थित सफाई कर्मचारियों से वार्ता कर उनके समय से बेतन, जूता, मास्क, हेलमेट इत्यादि के बिषय मे पूछा। आयोग के सदस्य ने बताया कि यहाँ किसी भी प्रकार की समस्या नही है वैसे शासन के स्तर का जो भी कार्य है वह शासन से किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी बिजय कुमार यादव व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर सम्पन्न हुआ टीकाकरण सत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़, मीरजापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा के आदेशानुसार सीडीपीओ नीलू मिश्रा के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्रीय मुख्य सेविका धनदेई देवी के देख रेख में विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में शनिवार को आंगनबाड़ी केन्द्र लालपुर प्रथम पर स्वास्थ्य विभाग के आराई माइक्रो प्लान के अनुसार भी, एच,एन डी टीकाकरण सत्र का कार्यक्रम किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओ तथा 0 माह से 6 वर्ष के बच्चों का वजन लम्बाई स्वास्थ परिक्षण टीकाकरण हुआ वही वर्तमान में चल रहे संचारी अभियान के तहत लाभार्थियों को साफ़ सफाई से रहने तथा खान पान में हरे साग सब्जी मौसमी फल सहजन के पत्ती मोटे अनाज का प्रयोग करने की जानकारी दिया।

साथ में पोषण टैंकर के अनुसार पंजीकृत लाभार्थियों को विभाग से प्राप्त माह अगस्त का सूखा वितरण करते हुए अभिभावकों को गृह भ्रमण के उद्देश्य के बारे में जानकारी देती हुई आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय लालपुर प्रथम। उक्त अवसर पर स्वास्थ विभाग के सुपरवाइजर विरेन्द्र दुबे, एनम महिमा सिंह, आशा सुशीला देवी सहित टीकाकरण कराने वाले बच्चे तथा राशन लेने वाले अभिभावक उपस्थित रही।

## अहरौरा पुलिस द्वारा चोरी का सफल अनावरण,तीन शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अहरौरा, मीरजापुर।** क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरीयों को संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी अहरौरा के कुशल नेतृत्व में लगातार छापामारी करते हुए 3 शातिर चोरों को थाना अहरौरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाटमपुर के खेत में बने कमरे से गिरफ्तार किया गया।

एक्सप्रेस न्यूज़ पर 16 सितंबर को प्रसारित खबर कन्हैपुर ग्राम स्थित मकान से चोरी किए गए समान में से उक्त चोरों के पास सोलर पैनल बैटरी इनवर्टर एवं तमाम तरीके के मोबाइल गैजेट और वायरिंग के लिए रखे गए सीलिंग फैन और इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, बिक्री के 7100/- रूपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 14.09.2025 को ग्राम कन्हईपुर में निर्माणाधीन मकान का तालां तोड़कर हमलोगो द्वारा ही घर के सारे सामानों की चोरी की गयी थी। सारा सामान को हम लोग वाराणसी ले जाकर बेचने के फिराक में थे की आप द्वारा हम लोगो को पकड़ लिया गया।

## दीपावली से पहले पैदल गस्त कर जनता को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विंध्याचल।** आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर विंध्याचल थाना कोतवाली इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय तथा धाम चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ पुरानी वीआईपी मार्ग से शुरू होकर स्टेट बैंक चौराहा, बावली चौराहा, बंगाली चौराहा, रेहड़ा चुंगी होते हुए अटल चौराहा तक पैदल गस्त की। इस दौरान पुलिस ने दुकानदारों और आम नागरिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और किसी भी समस्या या परेशानी में तुरंत संपर्क करने की सलाह दी।

पर्व के उत्साह के बीच सैकड़ों श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भक्ति भजनों और पूजा-पाठ के साथ उत्सव की शुरुआत करेंगे। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने प्रशासन के सहयोग से दीपावली को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

स्थानीय दुकानदार बर्तन, झाड़ू और सजावटी सामग्री बेचकर पर्व के उत्साह को बढ़ा रहे हैं। गस्त के अंत में अटल चौराहे पर विशेष भीड़ और दुकानों का माहौल देखा गया। इस दौरान इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पांडेय ने कोतवाली की सजावट के लिए मिट्टी के दीपक और अन्य स्वदेशी सामग्री खरीदकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया।

# सशक्त नारी, सशक्त भारत, सशक्त उत्तर प्रदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

जनपद भदोही के विभिन्न थानों द्वारा 'मिशन शक्ति 5.0' के तहत शैक्षणिक संस्थानों/गाँवों में प्रेरक लघु फिल्म प्रदर्शन के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति फेज 5.0÷के तहत पुलिस अधीक्षक "अभिमन्यु मांगलिक÷जनपद भदोही द्वारा एंटी रोमियो टीम महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्रासर्कल भदोही द्वारा "फलाहे उल्मात गर्ल्स डिग्री कॉलेज÷ भदोही एवं क्षेत्राधिकारी प्रभात राय सर्किल औराई के केशव प्रसाद पी0जी0 कॉलेज औराई जनपद भदोही में छात्राओं को जागरूकता अभियान के तहत वृहद स्तर पर चलाया रहा मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं को क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्रा द्वारा संबोधित करते हुए बालिकाओं को बताया गया कि




खुद को कमजोर ना समझे आज की नारी जमीन से लेकर आसमान तक अपना पर्चम लहरा रही है। हमें उन महिलाओं से प्रेरित होकर खुद को समाज के समझ मजबूत एवं सुदृढ़ रूप में व्यक्त करना ही मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य है। उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। तथा इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी प्रभात राय द्वारा बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि स्वयं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत होकर सभी परिस्थितियों का डटकर सामना करना चाहिए। महिलाएं एवं बालिकाएं शारीरिक रूप से कमजोर नहीं होती है। वह खुद को कमजोर समझने की भूल ना करें यदि किसी भी समस्या का सामना खुद नहीं कर प रही हो तो सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों तथा वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 से मदद ले और सुरक्षित रहें। तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शान द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पंपलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

## डीएम व एसपी ने धनतेरस- दीपावली की जनपदवासियों को दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**» दीपावली पर ग्रीन पटाखे ही चलाएं**

**» दीपों का पांच दिवसीय उत्सव-धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने धनतेरस व शुभ दीपावली पर्व पर जनपदवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य,सुख,समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना किया है। जिलाधिकारी ने धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावली ,गोवर्धन पूजा और भाई दूज की बधाई देते हुए कहा कि दीपों का यह पांच दिवसीय उत्सव केवल प्रकाश का पर्व ही नहीं है, बल्कि अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और सत्कर्म की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। भगवान धन्वंतरि सभी के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि प्रदान करें। अच्छे स्वास्थ्य से ही जीवन में खुशहाली आती है जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील किया है कि दीपावली के अवसर पर ग्रीन पटाखे ही जलाएं। पटाखें जलाते समय बच्चों के साथ घर के बड़े लोग अवश्य रहें। उन्होंने कहा कि पटाखों को सामूहिक व सुरक्षित रूप से ही



जलाएं। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए यह आवश्यक है कि कम से कम पटाखें जलाये जांय। पटाखें जलाते समय एक बाल्टी पानी अवश्य रखें, सावधानी बरतें, जिससे कोई दुर्घटना न हो और सभी खुशियों के साथ दीपावली के त्यौहार को परंपरागत तरीके से मनाएं।

## धनतेरस पर अदानी पावर व अदानी फाउण्डेशन ने कराई मियावाकी वन की स्थापना,देख,रेख करेंगे ग्रीन गुरु जी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मीरजापुर।** धनतेरस के पावन अवसर पर अदानी पावर व अदानी फाउण्डेशन के तत्वाधान में थर्मल एनर्जी यू.पी.प्रा.लि. मीरज़ापुर के सौजन्य से शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज,पचोखरा मीरज़ापुर के परिसर में मियावाकी वन की स्थापना कराई गई है,जिसकी देख- रेख की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य,अनिल कुमार सिंह, ग्रीन गुरु जी ने ली है।

धनतेरस के पावन अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने अपने विद्यालय स्टाफ के साथ फीता काटकर मियावाकी वन में 3763 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव , अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर कॉलेज, पचोखरा, मीरजापुर, नमामि गंगे, जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर,जनपदीय समिति सदस्य, एक पेड़ मां के नाम 2.0" बृक्षा रोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3763 वें दिन के क्रम में धनतेरस के अवसर पर विद्यालय में अदानी समूह द्वारा स्थापित किये गए मियावाकी वन में साइकस के पौध का रोपण विद्यालय के शिक्षक गण गुप्तेश सिंह,अवधेश राम, कडेकान्त दुबे, आदित्य जायसवाल, विमल सिंह,अशोक कुमार, उमेश सिंह, योगेश चन्द्र तिवारी,राम अनुज, सूर्य प्रताप पटेल, कुन्दन सोनकर व अन्य लोगो के साथ किया।

साथ ही एक लिली के पौध का रोपण मीरज़ापुर के अपने आवासीय परिसर के गमले में भी किया। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा- भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।

## वृद्ध माताओं व बच्चों को मिष्ठान, दीप, मोमबत्ती, फल-फूल, उपहार इत्यादि वितरित कर दी गयी दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

**मीरजापुर।** शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर "आर.पी. सिंह" द्वारा दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर विंध्याचल मिर्जापुर स्थित वृद्धाश्रम पटेगरा चौराहा व रेलवे स्टेशन विन्ध्याचल स्थित मलिन बस्ती पहुंचकर वृद्ध माताओं व जरूरतमंद बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस दौरान उनके द्वारा वृद्धों, विधवाओं एवं बच्चों को मिष्ठान, दीप, मोमबत्ती, फल-फूल, उपहार इत्यादि वितरित कर उनसे बातचीत करते हुए कुशल क्षेम पूछा व उनके बारे में जानकारी ली गयी और खुशियां बांटते हुए दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी गयी। उन्होंने कहा कि पारिवारिक परिस्थितियों के कारण कई बुजुर्ग अपने परिवार से अलग इस वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। ऐसे बुजुर्गों की देखभाल करना हम सब का दायित्व है ताकि वे बेहतर ढंग से जीवन व्यतीत करते हुए खुश रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने मलिन बस्ती में रह रहे जरूरतमंद परिवार के लोगों व बच्चों को भी दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान, दीप, मोमबत्ती, फल-फूल, उपहार इत्यादि वितरित किये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### वोट हमारी ताकत — चोरी नहीं होने देंगे! अरशद अली



ब्यूरो प्रयागराज। शहर दक्षिणी विधानसभा में करेली स्थित मस्तान मार्केट पर शहर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने नि0 महानगर अध्यक्ष अरशद अली के नेतृत्व में वोट चोरी गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमे हजारों की संख्या में लोगो ने अपना समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किया। इस मौके पर अरशद अली ने कहा यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और प्रत्येक मत के सम्मान के लिए समर्पित है क्योंकि एक वोट एक ही जो हमारी आवाज ही और असली ताकत है। कांग्रेस पार्टी ही लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रही है।अरशद अली ने कहा आओ जन नायक राहुल गाँधी जी के साथ कदम से कदम मिलाकर ठान लें लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट चोरी नहीं होने देंगे। इस मौके पर मो हसीन, महफूज अहमद, तबरेज़ अहमद, ज़ाहिद नेता, बिलाल खान, गुलाम वारिस, नफ़ीस कुरेशी, चाँद खान, एमाद खान, आदि मौजूद थे।

# चरिहारि पहाड़ पर भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

**● धनतेरस पर 14 वर्षों से जारी है सेवा और श्रद्धा की परंपरा, ग्रामीणों के सहयोग से हुआ भव्य आयोजन।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत स्थित चरिहारि पहाड़ के प्राचीन हनुमान मंदिर में इस बार धनतेरस के शुभ अवसर पर भक्ति और सेवा का अनुपम संगम देखने को मिला। शनिवार को आयोजित भव्य भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। लोगों ने हनुमान जी के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। लगभग दो से तीन हजार श्रद्धालुओं ने इस भंडारे में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।आस्था से भरा यह आयोजन अब स्थानीय परंपरा का हिस्सा बन चुका है। पिछले लगातार चौदह वर्षों से हर धनतेरस पर यह भंडारा आयोजित किया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम सिंह ने हनुमान चालीसा पाठ और मंत्रोच्चार के साथ की। भक्ति गीतों की गूंज और 'जय बजरंगबली' के नारों से पूरा पहाड़ गुंजायमान हो उठा। भंडारे में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि चरिहारि पहाड़ पर स्थित हनुमान मंदिर उनकी गहरी आस्था का केंद्र है। लोग सालभर यहां मनौती मांगने आते हैं और धनतेरस के दिन भंडारे में प्रसाद ग्रहण करना शुभ मानते हैं। मंदिर समिति और ग्रामीणों ने मिलकर इस आयोजन को भव्यता प्रदान की। इस मौके पर साहेब खान, लाल सिंह, ज्ञान सिंह, अभय सिंह, गुलाब सिंह, प्रदीप सिंह, अब्राहम, वीरेंद्र सिंह, हुसैन और बच्चा सिंह सहित तमाम ग्रामीणों ने तन, मन और धन से सहयोग दिया। भंडारे की तैयारी कई दिनों पहले से शुरू हो जाती है। ग्रामीण सामूहिक रूप से अनाज, सब्जियां, दाल, तेल, लकड़ी और अन्य सामग्री की व्यवस्था करते हैं। युवाओं की टीम साफ- सफाई, पानी और व्यवस्था संभालती है। महिलाओं ने भंडारे में पूड़ी-सब्जी व प्रसाद वितरण में सक्रिय भूमिका निभाई।श्रद्धालुओं ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक पर्व नहीं बल्कि गांव की एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यहाँ हिन्दू-मुस्लिम सभी समुदाय के लोग एक साथ मिलकर आयोजन करते हैं और प्रसाद वितरण में शामिल होते हैं। यही इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता है। शाम होते-होते चरिहारि पहाड़ का दृश्य मनमोहक हो उठा। मंदिर परिसर में दीपक और झालरों से सजी रोशनी में श्रद्धालु भक्ति गीत गाते और आरती करते नजर आए। भक्तों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की कि भगवान हनुमान सबके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति प्रदान करें। आयोजन के अंत में पुजारी पुरुषोत्तम सिंह ने सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा, "यह आयोजन केवल हमारा नहीं, पूरे गांव का है। सभी की एकता और भक्ति से ही यह परंपरा 14 वर्षों से निरंतर चल रही है। आने वाले वर्षों में इसे और भव्य रूप दिया जाएगा।"

### रास्ते में भरे गन्दे पानी से आरसीसी रोड से निकलना हो रहा मुश्किल



**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा क्षेत्र स्थित अंतर्गत लालापुर तिराहे से पेट्रोल पंप जाते समय माइनर के पास तथा रिगवा से बारा तहसील जाते समय लालापुर के मुख्य मार्ग पर रास्ते में गंदा पानी भरा रहता है,तथा बगल में आरसीसी रोड आधे रास्ते में बन गई है।जिस पर निकलना मुश्किल हो रहा है। जबकि यह रास्ता तीन मार्गो को जोड़ता है। लालापुर ,घूरपुर, बारा , आरसीसी रोड और गंदे पानी के बीच का जो रास्ता है लगभग तीन से चार फीट बचता है, और पूरे रास्ते में पानी भरा हुआ है, जो पूरी तरह से गंदा है,अगर एक वाहन इस रास्ते पर आ जाए तो दूसरे वाहन को इंतजार करना पड़ता है।अगर कोई धोखे से निकल जाए तो वह आरसीसी रोड से टकरा जाएगा जिससे दुर्घटना हो सकती है।आरसीसी रोड बना कर विभागीय अधिकारियों ने छोड़ दिया है,जोकि घातक साबित हो रहा है।अगर इसे जल्दी नहीं बनाया गया और इस पानी भरे रास्ते को नहीं सुधारा नही गया तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

## जसरा के ग्राम सभा छतहरा में इंटरलॉकिंग रोड निर्माण में अनियमितताएँ



**● घटिया सामग्री से सड़क खतरे में।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा, प्रयागराज।** जसरा ब्लॉक के ग्राम सभा छतहरा में चल रहे इंटरलॉकिंग रोड निर्माण में गंभीर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जा रही सामग्री पूरी तरह मानक से कमतर है और कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि इंटरलॉकिंग के किनारे की जोड़ाई में पहाड़ वाली सिल्कासेट बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं, सड़क की सतह पर डाली जा रही बालू भी वही पहाड़ वाली सिल्कासेट बालू है, जो सड़क की मजबूती और टिकाऊपन के लिहाज से उपयुक्त नहीं मानी जा रही है। इसके अलावा, निर्माण में सीमेंट मिश्रण में भी अनियमितताएँ पाई गई हैं। बताया गया कि आठ एक दस एक के अनुपात में सीमेंट का मसाला तैयार किया गया है, जो मानक से अलग है। ऐसे मिश्रण से बने सड़क की मजबूती पर गंभीर असर पड़ने का खतरा है और सड़क जल्द से खस्ता होने की संभावना है। सूत्रों ने यह भी बताया कि यह निर्माण कार्य लालापुर के तरफ से आने पर ओंकारेश्वर मंदिर के पचास मीटर आगे बाई तरफ, और घुरपुर की ओर से आने पर दाहिनी तरफ चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सुधार नहीं हुआ तो यह सड़क आम लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क निर्माण से आपातकालीन हालात में सुरक्षा भी गंभीर रूप से खतरे में पड़ सकती है। स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि संबंधित अधिकारी जल्द ही इस अनियमित कार्य की जांच कर सुधारात्मक कदम उठाएँगे।

### रजवंती देवी पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव की धूम

**राम-सीता-लक्ष्मण व हनुमान के स्वागत में झूम उठे बच्चे।**



**प्रयागराज।** दीपोत्सव के पावन पर्व पर रजवंती देवी पब्लिक स्कूल में उत्साह और उल्लास का माहौल छाया रहा। बच्चों ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन का भव्य मंचन करते हुए पूरे जोश और उमंग के साथ दीपावली उत्सव मनाया।विद्यालय परिसर को दीपों और रंगोलियों से सजाया गया। छात्र-छात्राओं ने सुंदर रंगोलियाँ बनाकर परिसर को आकर्षक रूप दिया। भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के स्वागत में फूलों की वर्षा की गई। मंचन में बच्चों ने रावण वध से लेकर भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन तक की झांकी प्रस्तुत की, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ला ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा सभी बच्चों को मिठाइयाँ बाँटकर दीपावली की खुशी साझा की। रंगोली प्रतियोगिता में अदिति सिंह, अनन्या सिंह, अंशिका शाह, श्रेया सोनकर, सिद्रा बानो, साहिबा बानो, फिजा खातून, अंशिका वर्मा और श्वेता वर्मा आदि छात्राओं ने मेहनत और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति तिवारी, माहेश्वरी तिवारी, शीला पाल, सुषमा शुक्ला, सोनम और शकील ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अंत में प्रबंधक अशोक कुमार शुक्ला ने सभी शिक्षकों व छात्रों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## व्यापारी को तमंचा सटाकर दिनदहाड़े 20 हजार की लूट, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार ।** तहसील बारा थाना घूरपुर अंतर्गत घूरपुर बाजार में दिनदहाड़े एक शटरिंग मटेरियल की दुकान पर लूट की वारदात हुई। तमंचा सटाकर दिनदहाड़े एक बदमाश ने व्यापारी से 20 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी जांच पड़ताल कर बदमाशों को पकड़ने की बात कह रही है, लेकिन अभी तक कोई सफलता हासिल नहीं हुई है, जबकि बदमाश की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र स्थित जसरा बाजार निवासी राजेश केसरवानी पुत्र स्व छेदीलाल केसरवानी की शटरिंग मटेरियल की दुकान है। जहां दोपहर बाद एक युवक बाइक से पहुंचा और प्लाई दिखाने को कहा। वह प्लाई दिखाने लगे, इतने में उसकी नजर उनके जेब में रखे रुपयों पर पड़ी। तभी युवक ने अचानक कट्टा जेब से निकालकर व्यापारी के पेट पर सटा दिया और धमकी दी कि जेब के सारे पैसे दे दो, नहीं तो गोली मार देंगे। भयभीत व्यापारी ने अपने जेब में रखे 20 हजार रुपए उसे दे दिया। रुपए लेते ही युवक बाइक लेकर शहर की ओर भाग गया। घटना के बाद पीड़ित व्यापारी ने अपने बेटे ऋषभ को सूचना दी। उसने तुरंत ही 112 नंबर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ कर मामले की गहराई से जांच-पड़ताल शुरू कर दी। बाद में घूरपुर थाने से एक दरोगा और सिपाही भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि, व्यापारी ने अभी तक थाने पर तहरीर नहीं दी। पीड़ित राजेश ने बताया कि पुलिस का कहना



है कि एक दो दिन में चोर को पकड़ लिया जाएगा। वारदात करने के बाद भाग रहे बदमाश की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रही है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में दहशत का माहौल है। लूट की घटना से पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े होते हैं। उधर थाना प्रभारी घूरपुर दिनेश सिंह ने बताया कि व्यापारी के बयान से मामला साफ नहीं समझ में आया है।

## धनतेरस पर छाया खरीदारी का जुनून! बाजारों में उमड़ी रेकॉर्ड भीड़, चमका कारोबार

**●सोना-चांदी, बर्तन, वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स की जबरदस्त बिक्री से गुलजार रहे प्रयागराज के बाजार।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा,प्रयागराज।** धनतेरस का पर्व इस बार क्षेत्र के व्यापारियों और खरीदारों दोनों के लिए सौभाग्य लेकर आया। शुक्रवार सुबह से ही प्रयागराज के बारा, लोहगरा, घूरपुर, जसरा और गौहनिया क्षेत्र के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। हर गली और हर दुकान पर खरीदारों की भीड़ इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर दुकानदारों को ग्राहकों को संभालने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी बुलाने पड़े। त्योहार की शुभ घड़ी पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के सिक्के और आभूषण की मांग इतनी अधिक रही कि कई दुकानों पर स्टॉक खत्म होते देर नहीं लगी। चांदी की थालियां, गिलास और दीये की बिक्री भी रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। बर्तन बाजारों में स्टील, तांबा, पीतल और एल्यूमिनियम के बर्तनों की खरीदारी में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही। इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और मोबाइल फोन की भारी मांग रही। वाहन एजेंसियों पर भी ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं – सैकड़ों दोपहिया और दर्जनों चारपहिया वाहनों की बिक्री के साथ ही एजेंसियों में ग्राहकों के चेहरे खुशी से दमक उठे।व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष धनतेरस पर बिक्री पिछले साल की तुलना में लगभग 30 से 40 प्रतिशत अधिक रही। आर्थिक सुगमता और उत्सव के माहौल ने खरीदारी को नए मुकाम तक पहुंचाया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह त्योहार उनके लिए "कमाई का दीपोत्सव" साबित हुआ है। शाम होते ही बाजार दीपों की जगमग रोशनी से नहा उठे। दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी झालरें और फूलों की मालाएं वातावरण को आकर्षक बना रही थीं। बच्चों की खिलखिलाहट, महिलाओं की मुस्कान और युवाओं की उत्सुकता ने पूरे क्षेत्र को उल्लासमय कर दिया।प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। पुलिस बल लगातार भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्त करता रहा ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। जगह-जगह यातायात पुलिस तैनात रही जिससे वाहनों की सुचारू आवाजाही बनी रही।लोगों ने पूरे हर्ष और उमंग के साथ शुभ मुहूर्त में खरीदारी कर दीपावली की तैयारियों की शुरुआत कर दी। चारों ओर दीपों की चमक, खुशियों की चहक और खरीदारी की बहार ने साबित कर दिया कि धनतेरस वास्तव में समृद्धि और शुभता का प्रतीक है।

## समाधान दिवस बारा में पेंशन,राशन और जमीनी विवाद की शिकायतें आई ज्यादा

**● उपजिलाधिकारी ने त्वरित समाधान का निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपजिलाधिकारी बारा प्रेरणा गौतम व सहायक पुलिस आयुक्त बारा कुंजलता ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं, और उनके त्वरित निस्तारण के आदेश भी दिए। तहसील क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर यहां पहुंचे थे। समाधान दिवस में राजस्व,विद्युत, पुलिस, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और पंचायती राज की शिकायतें आई, साथ ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की भी मौजूदगी रही। मुख्य रूप से जमीनी विवाद, सड़क निर्माण, नाली, खड़ंजा, पेंशन राशन कार्ड, बिजली बिल में गड़बड़ी और



आवास योजना आदि में नाम न जोड़ने की शिकायत मिली। एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने राजस्व से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए मौके पर ही उनके निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को ध्यान से देखते हुए उचित कार्रवाई न करने पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। शासन की मंशा के अनुरूप सभी फरियादियों को उचित न्याय और समय रहते दिया जाए। जिससे आम लोगों का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। एसीपी बारा कुंजलता ने पुलिस से सम्बंधित मामलों में अधीनस्थ अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से महिलाओं से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। इस दौरान, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल, ग्राम विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में कुछ दबंगों द्वारा घर में घुसकर लाठी डंडों से पिटाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा क्षेत्र के अन्तर्गत कौंधियारा थाना क्षेत्र स्थित लहबरा, कोइलहा गांव में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। शनिवार को गांव के ही कुछ दबंगों ने मुंशी पुत्र रामजग विश्वकर्मा के घर में घुसकर परिवार पर हमला बोल दिया है। आरोप है कि लाल बहादुर उर्फ लल्लू, लवकुश, परमानंद, सूरज, रवि, राजकुमार, रोहित और सत्यम ने लाठी डंडे और कटवासे से पीड़ित और उसके परिवार के सदस्यों को बुरी तरह मारा। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। पीड़ित मुंशी ने बताया कि पहले भी आरोपियों द्वारा जमीन को लेकर दबाव बनाया गया था। शिकायत करने पर सुलह का आश्वासन दिया गया था, लेकिन शनिवार सुबह दबंगों ने खुलेआम हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है, और दोषियों की जल्द ही गिरफ्तारी के लिए जांच पड़ताल कराई जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सुरक्षा एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग किया है।

### बारा क्षेत्र की शराब की दुकानों पर औचक निरीक्षण करने पहुंची एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम



**प्रयागराज यमुनापार।** तहसील बारा क्षेत्र में देशी शराब की दुकानों पर आबकारी विभाग ने औचक निरीक्षण किया। यह तात्कालिक कार्रवाई दीपावली के अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों की सतर्कता के चलते की गई। निरीक्षण टीम में एसीपी बारा कुंजलता व आबकारी निरीक्षक सहित टीम ने कई स्थानों की दर्जनों दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानों के रजिस्टर और बिक्री की जा रही शराब की गुणवत्ता की जांच पड़ताल की गई। अधिकारियों के अचानक पहुंचने से शराब माफियाओं में जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ था।वैसे प्रशासन दीपावली के मद्देनजर पूरी तरह एलर्ट है। किसी भी अनियमितता की जानकारी होने पर प्रशासनिक अधिकारी त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने दुकानदारों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गलत कार्य किसी भी दशा में नहीं होने देंगे।

# क्रेशर प्लांट के दूषित पानी से नहर तालाब में हजारों मछलियां तड़फड़ाकर मरी, ग्रामीणों में रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार ।** मेजा विकासखंड क्षेत्र स्थित भटौती पहाड़ी में एक क्रेशर प्लांट से निकलने वाले रासायनिक पानी के कारण स्थानीय नहर और तालाब की हजारों मछलियां तड़फड़ाकर मर गई हैं और कई लोगों के बीमार होने की भी सूचना मिल रही है। आज दोपहर बाद ग्रामीणों ने पानी पर कई मरी हुई मछलियां देखा। पूरे इलाके में दुर्गन्ध आने लगी थी। ग्रामीणों का कहना है कि प्लांट से बिना उपचारित रासायनिक पानी नाले में छोड़ा जा रहा है, जिससे जलस्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से नहर का पानी पीला और झागदार दिखाई दे रहा था। कई बार प्लांट प्रबन्धन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। मछलियों के मरने से व्यवसायियों को भारी क्षति पहुंची है। ग्रामीणों ने वीडियो सहित सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सख्त कार्रवाई करने की मांग किया है। रामलाल ने बताया कि प्लांट का प्रदूषित पानी खेतों, तालाब और नहर तीनों को बर्बाद कर रहा है। मछलियां मर चुकी हैं और अब इसका कुप्रभाव खेती पर भी दिखाई देगा। सूचना मिलते ही पर्यावरण विभाग और मत्स्य विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। अधिकारियों ने मृत मछलियों



और पानी के नमूने प्रयोगशाला में भेजा है, रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि क्रेशर प्लांट पर जल्द ही रोक नहीं लगी, और दूषित पानी इसी तरह छोड़ा जाता रहा, तो सामूहिक धरना-प्रदर्शन किया जायेगा।

## अवैध पटाखों की तस्करी करने वाला युवक 81 किलो पटाखे सहित गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज यमुनापार।** थाना बारा पुलिस ने अवैध पटाखों की तस्करी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम गन्ने से मनोज अग्रहरि पुत्र बीरबल को गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर 3 बोरियों में कुल 81 किग्रा अवैध पटाखे बरामद किए। गिरफ्तार युवक ने बताया कि ये पटाखे वह दीपावली पर बेचने के लिए रखे थे। उसने स्वीकार किया कि पटाखों को खरीदने और बेचने के लिए उसके पास कोई कानूनी अनुमति नहीं थी। पुलिस ने बताया कि अवैध पटाखों की तस्करी बच्चों और युवाओं के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है, इसलिए इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध पटाखों से न केवल कानून का उल्लंघन होता है, बल्कि लोगों की सुरक्षा और पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। ऐसे पटाखे अक्सर गुणवत्ता में कम और विस्फोटक सामग्रियों में अधिक होते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ने के अवसर बढ़ जाते हैं। बारा पुलिस ने आम जनता से अपील किया है कि वे अवैध पटाखों की खरीद या बिक्री में शामिल न हों। उन्होंने चेताया कि अवैध पटाखों के कारोबार पर सख्त



कार्रवाई होगी और अपराधियों को कानून के तहत कठोर दण्ड का सामना करना पड़ेगा। पुलिस ने अग्रहरि के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि आगे भी यह अभियान चलता रहेगा।

# 6 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में दिनांक 18.10.2025 को निरन्तर कार्यवाही जारी रही। बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी का व्यापक सर्वे जनपद के सभी तहसीलों में किया जा रहा है एवं अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 18.10.2025 को जिले की समस्त तहसीलों में कुल 6 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील सोरांव के ग्राम युसुफपुर व ग्राम सेवइथ में चकमार्ग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील कोरांव के ग्राम पथरताल में चकमार्ग, ग्राम ढेरहन में नवीन परती को अतिक्रमण मुक्त किया गया। तहसील मेजा के ग्राम सलैयाकलां स्थित बंजर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील हंडिया के ग्राम ईष्वरपुर स्थित तालाब की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देषित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित षिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देषित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे



करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।

## जिलाधिकारी ने विगत तहसील दिवस के 50 निस्तारित प्रकरणों की करायी रैण्डम जाँच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिनांक 18.10.2025 को तहसील फूलपुर, प्रयागराज में सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी, प्रयागराज द्वारा विगत तहसील दिवस के निस्तारित प्रकरणों में से रैण्डम आधार पर 50 निस्तारित प्रकरणों का परीक्षण 17 जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया गया, जिसमें 14 ऐसे प्रकरण पाये गये जो जिला स्तरीय अधिकारियों के परीक्षण में शिकायतकर्ताओं से असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त हुआ। शिकायत के कम में राजेन्द्र प्रसाद, राजस्व निरीक्षक एवं अमित मिश्रा उपनिरीक्षक फूलपुर, संजीव कुमार राम, एस0डी0ओ0 कनईपुर, गौतम कुमार, उप निरीक्षक थाना फूलपुर, सौरभ शुक्ला, उपनिरीक्षक थाना फूलपुर, श्रीमती रचना श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी, ज्ञानेन्द्र कुमार त्रिपाठी, लेखपाल तहसील फूलपुर, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक फूलपुर द्वारा सरसरी तौर पर बिना निस्तारण किये ही आख्या प्रस्तुत की गयी है। (विभागीय कार्यवाही निर्गत किया जाय) शिकायत के क्रम में अभिषेक कुमार सुमन, पूर्ति निरीक्षक फूलपुर, श्याम लाल, लेखपाल फूलपुर, जोनल अधिकारी जोन-8 झुंसी नगर निगम, श्री अजीत कुमार यादव, लेखपाल, हरिशचन्द्र गौतम, लेखपाल, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, राजस्व निरीक्षक फूलपुर द्वारा संतोषजनक आख्या प्रस्तुत नहीं की गयी है। (प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत किय जाय) उक्त के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि जिन अधिकारी कर्मचारियों ने सरसरी तौर पर सतही व असंतोषजनक आख्या प्रस्तुत की है उन्हें विभागीय कार्यवाही एवं प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत किया जाय।

# संक्षिप्त खबरें

## बलिया-काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनेगा महर्षि भृगु मंदिर कॉरिडोर



**बलिया।** महर्षि भृगु मंदिर को धार्मिक मान्यता के साथ आकर्षक व सुंदर बनाने की कवायद लंबे समय से चल रही है। अब डीएम ने महर्षि भृगु कॉरिडोर की परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए पीडब्ल्यूडी और पर्यटन विभाग से प्रस्ताव मांगा है। इसके लिए उन्होंने एक महीने का समय दिया है, जिससे उम्मीद जगने लगी है कि शायद अब यह धरातल पर उतर जाएगा। काशी विश्वनाथ की तरह महर्षि भृगु मंदिर कॉरिडोर बनाने की योजना है। इससे पर्यटन के मानचित्र पर भृगु कॉरिडोर को पहचान मिलेगी। इसके लिए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने परियोजना को बेहतर स्वरूप देने के लिए अधिग्रहण, संरचना आदि बिंदु पर प्रस्ताव मांगा है। इसमें धार्मिक गुरु और माननीय जनप्रतिनिधि का भी सुझाव लिया जाएगा। पूर्व में बने प्रस्ताव में मंदिर का सुंदरीकरण कराने के साथ ही परिसर में वेद अध्ययन शाला बनाने की योजना थी। इसके अलावा लोगों ने खाली परिसर को विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित करने और कुछ हिस्सों में दुकान आदि बनाने, अंडर ग्राउंड पार्किंग बनाने के साथ ही बेटियों की शादियों के लिए एक अत्याधुनिक मंडप का प्रस्ताव था। महर्षि भृगु के गंगा नदी के पार परसिया में स्थित मूल आश्रम को मंदिर से जोड़ने की बात थी। सीआरओ त्रिभुवन ने बताया कि मंदिर को आकर्षक बनाने के लिए इसे नए तरीके से डिजाइन बनाई जाएगी। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## हाथी पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे क्क्स्क्रप्रत्याशी, कैमूर में जमकर उमड़ी भीड़



**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। शनिवार को छठवें दिन कैमूर जिले के दो विधानसभा क्षेत्र भभुआ (205) और चैनपुर (206) से कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया।

भभुआ अनुमंडल कार्यालय में भभुआ विधानसभा क्षेत्र के लिए और डीएसएलआर कार्यालय में चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। नामांकन से पूर्व मजिस्ट्रेट और कर्मियों की उपस्थिति में दोनों अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद औपचारिक रूप से नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन के दौरान अनुमंडल कार्यालय परिसर में मजिस्ट्रेट, पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। प्रत्याशियों के साथ सीमित संख्या में ही समर्थकों को प्रवेश की अनुमति दी गई। पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मिली जानकारी के अनुसार भभुआ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से भरत बिंद, जनसुराज पार्टी से जैनेंद्र आर्य, राजद से वीरेंद्र कुशवाहा व आप से अमरूद्दीन अंसारी ने नामांकन किया। जबकि चैनपुर विधानसभा क्षेत्र से जदयू से जमां खां, भीम आर्मी से मजनू गोंड, आप से रामराज शर्मा, सर्वहित समाज पार्टी से सुनील कुमार, बसपा से धीरज कुमार सिंह, श्रवण बिंद निर्दलीय, जनसुराज से हेमंत चौबे, जागरूक जनता पार्टी से सुनील शर्मा व आकाश रंजन ने निर्दलीय के रूप में नामांकन किया।

## जमशेदपुर के होटल में दो नाबालिगों से सामूहिक दुष्कर्म, होटल मालिक समेत चार गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** साकची थाना क्षेत्र के आम बागान के साना कॉम्पलेक्स में स्थित कैलाश उर्फ डोरेमेन होटल में दो नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों छात्रा है। घटना 16 अक्टूबर की देर शाम की है। शिकायत के बाद साकची थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में सोनारी थाना क्षेत्र बिहार ग्रीन निवासी कैलाश मिश्रा, चतरा जिले के ईटखोरी के कुर्जून निवासी करण कुमार राणा, कदमा थाना क्षेत्र शास्त्री नगर ब्लाक संख्या चार निवासी रौनक कुमार दास उर्फ श्रेयश और सोनारी सीपी क्लब क्षेत्र निवासी तरुण शर्मा उर्फ गोलू है। साकची थाना प्रभारी आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि कैलाश मिश्रा होटल का मालिक और करण कुमार राणा होटल का कर्मचारी है। दोनों नाबालिग गोलमुरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। आरोपितों के विरुद्ध साकची थाना में एक नाबालिग की मां की शिकायत पर दुष्कर्म करने और पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सांसद रमाशंकर राजभर का आरोप- बिना पैसे नहीं होता काम- बांसडीह में ओमप्रकाश राजभर को बताया 'दूसरे पलटू राम'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया-** बांसडीह में सपा सांसद रमाशंकर राजभर 'विद्यार्थी' ने शुक्रवार को सायं बांसडीह में एक पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार, प्रशासनिक अधिकारियों और सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ओमप्रकाश राजभर को 'दूसरे पलटू राम' बताया और प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीर आरोप लगाए। सांसद राजभर ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर अब 'दूसरे पलटू राम' बन चुके हैं, जो हर सुबह और शाम अपना पक्ष बदलते रहते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राजभर रात में अखिलेश यादव से माफी मांगते हैं और दिन में भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा करते हैं। ऐसे लोग विचारधारा नहीं, बल्कि सत्ता की सीढ़ी खोजते हैं। सांसद ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनता की चिंताओं से बेखबर है और प्रशासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा, "अधिकारी बेलगाम हो चुके हैं। बिना पैसे के थाने और तहसील में कोई काम नहीं होता। सरकार और प्रशासन दोनों ने जनता के सरोकारों से मुंह मोड़ लिया है।" उन्होंने सरयू नदी के कटान से प्रभावित किसानों का मुद्दा भी उठाया। सांसद ने बताया कि किसानों की जमीन नदी में बह गई है, लेकिन सरकार ने उन्हें न तो मुआवजा दिया है और न ही किसान सम्मान निधि। उन्होंने सवाल किया, "जब किसान को राहत नहीं मिल रही तो सरकार को उनसे ऋण वसूलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।" उन्होंने यह मुद्दा संसद में उठाने और 25 अक्टूबर को प्रमुख सचिव से मिलने की बात कही। सांसद रमाशंकर राजभर ने मीडिया पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यदि अखबारों के लोग सरकार के खिलाफ लिखते हैं तो उनकी हत्या तक कर दी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के लिए आवाज उठाने पर उनके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज होती है, लेकिन वे जनता के सवालों से पीछे नहीं हटेंगे। राजभर ने आगे कहा कि भाजपा ने अब ओमप्रकाश राजभर की "हद तय" कर दी है, और उन्हें अब सिर्फ दिखावे भर के लिए रखा गया है। सांसद ने कहा कि कुछ नेता "परजीवी राजनीति" कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "जो अपने बूते चुनाव नहीं जीत सकते, वे दूसरों के कंधों पर चढ़कर सत्ता की तलाश कर रहे हैं।"उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में इंडिया गठबंधन को भारी समर्थन मिलेगा, क्योंकि जनता महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी से त्रस्त है।

# पांच दिवसीय दीपोत्सव से निखरी पाकुड़िया बाजार की रौनक

● धिनतेरस पर जेवर, बर्तन, गणेश-लक्ष्मी मूर्तियों और पूजन सामग्रियों की हुई जोरदार खरीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पांच दिवसीय ज्योति पर्व दीपावली को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए शनिवार को पाकुड़िया बाजार में खासा उत्साह देखा गया। धनतेरस के शुभ अवसर पर बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी। बड़ी संख्या में लोग, विशेषकर महिलाएं, अपनी क्षमता अनुसार जेवर, बर्तन, गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां, दीपक और पूजन सामग्रियों की खरीदारी करती नजर आईं। दीपोत्सव के आगमन पर मिष्ठान्न, स्टेशनरी, किराना, बिजली और जेवर की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ी रही। बाजार विभिन्न प्रकार की मनभावन वस्तुओं से सजा हुआ नजर आया। जानकारों का कहना है कि भारतवर्ष धर्म, आध्यात्म और कृषि प्रधान भूमि है। सनातन परंपराओं में निहित वैज्ञानिक तत्व भले ही आमजन के लिए गूढ़ प्रतीत हों, किंतु वे पूर्णतः प्रमाणिक हैं। इस वर्ष समय पर हुई मानसूनी वर्षा से फसलों के शत-प्रतिशत उत्पादन की संभावना ने कृषकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है। वहीं, झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की राशि से बहनों के होठों पर भी खुशी की लहर है। साथ ही, देशहित में जीएसटी से जुड़े निर्णयों को लेकर भी प्रखंड के लोगों में उत्साह का माहौल है। अस्तु, दीपोत्सव की आभा और ज्योति से निखरता पाकुड़िया प्रखंड उल्लास और उमंग से सराबोर दिखाई दे रहा है।



# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सजी सांस्कृतिक चमक, बच्चों की रचनात्मकता से खिला दिवाली रंगोली प्रदर्शन

● शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है : प्राचार्य के. कुमार

बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति प्रेम जगाना है : प्रबंधक राकेश कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार से दिवाली की छुट्टियाँ आरंभ होते ही परिसर खुशियों और उत्साह से गूंज उठा। बच्चों के चेहरे पर त्यौहार की रौनक झलक रही थी। विद्यालय में इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गई, जिनमें रंगोली प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहा। बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइन की ऐसी मनमोहक रंगोलियाँ बनाई कि हर कोई उनकी सृजनशीलता का कायल हो गया। इसके साथ ही मेरी दिवाली मेरी सोच विषय पर लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने लेखों के माध्यम से दिवाली के सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर विचार प्रकट किए। विद्यालय के प्राचार्य के. कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजन उनके भीतर आत्मविश्वास और कला के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाते हैं। वहीं विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति प्रेम जगाना है। त्योहारों के माध्यम से हम उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रयास करते हैं। बच्चों की ऊर्जा और उत्साह देखकर मन प्रसन्न हो गया। विद्यालय परिसर इस अवसर पर दीपों और सजावट से जगमगा उठा, वहीं बच्चों की हंसी और रचनात्मकता ने त्योहार को और भी यादगार बना दिया।



# डीएवी बरही में अर्धवार्षिक परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

●त्योहार हमारे जीवन में मिट्टी के रंग भरते हैं-प्राचार्य डॉक्टर आशुतोष कुमार मैढ़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कक्षा सह बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।साथ ही साथ कक्षा तृतीय से पंचम वर्ग में 99.6 प्रतिशत अंक लाकर मोहम्मद अली जैद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, एवं कक्षा छठी से द्वादश वर्ग में सिंकु कुमारी ने 99.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य महोदय ने सत्र 2024 25 की विद्यालय की सर्वश्रेष्ठ छात्रा पूजा कुमारी को भी स्मार्ट वॉच देकर पुरस्कृत किया। प्रार्थना सभा में बच्चों के द्वारा छठ पूजा की गीत संगीत शिक्षक दीपक पाठक के निर्देशन में प्रस्तुत की गई। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक अदा से विद्यालय का वातावरण पवित्रमय कर दिया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगोली निर्माण और दिया निर्माण प्रतियोगिता में भी भाग लेकर अपनी चपलता दिखाई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत चीकू व अन्य प्रकार के पौधे भी विद्यालय प्रांगण में लगाए गए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मैढ़ ने कहा कि भारत त्योहारों का देश है। यहां विभिन्न प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं, और यह त्योहार हमारे जीवन में खुशियां और उमंग लेकर आते हैं। अतः हमें पूरी पवित्रता तन्मयता के साथ अपने जीवन में आने वाले त्योहारों को मनाना चाहिए और समाज के सामने समरसता एक बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। प्राचार्य महोदय ने कहा कि त्योहार हमारे अंदर संस्कार लाते हैं और यही संस्कार हमारे जीवन को संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अतः हमें हर त्योहार का आदर करते हुए पूरी तन्मयता और मेल मिलाप की भावना तथा पूरे हर्षोल्लास के साथ त्योहार मनाना चाहिए।

# धनतेरस पर चंदवा बाजार में रही रौनक, जेवरात, बर्तनों से लेकर पटाखों तक हुई जबरदस्त खरीदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** धनतेरस के शुभ अवसर पर शनिवार को चंदवा का मुख्य बाजार पूरी तरह से गुलजार नजर आया। सुबह से ही लोगों की भीड़ बाजार में उमड़ पड़ी। बर्तन की दुकानों, सोने-चांदी के शोरूम, इलेक्ट्रॉनिक सामानों और पटाखा दुकानों में जबरदस्त रौनक देखी गई। हर कोई धनतेरस पर शुभ वस्तुओं की खरीदारी में जुटा रहा। शाम ढलते ही बाजार रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट से जगमगा उठा। दुकानदारों ने ग्राहकों का स्वागत मिठाई और मुस्कान से किया। महिलाएं और बच्चे उत्साहपूर्वक नए बर्तन, दीपक, मूर्तियाँ, गहने व सजावटी सामान खरीदते नजर आए। इस दौरान चंदवा मुख्य चौक से लेकर बस स्टैंड रोड तक जाम की स्थिति बनी रही, लेकिन लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। नगर में इस अवसर पर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी। व्यापारियों ने बताया कि इस वर्ष धनतेरस पर पिछले साल की तुलना में बिक्री में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। लोगों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की, जिससे बाजार में त्योहार जैसा माहौल छा गया। स्थानीय दुकानदार प्रमोद मित्तल ने बताया कि "सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी हुई है। बर्तन, दीपक और सजावटी सामान खूब बिक रहे हैं।" वहीं, सोनार दुकानदार कुणाल खत्री और सचिन कुमार ने कहा कि "धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है, इसलिए ग्राहक खूब आ रहे हैं।" त्योहार की खुशियों और लोगों की मुस्कान ने पूरे चंदवा को रोशन कर दिया। हर ओर खुशहाली और उत्सव का माहौल रहा।

## साहिबगंज में बबलू कबाड़ीवाला के घर ED का छापा, परिवार के सदस्यों को लाया गया थाना

**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के बंगाली टोला में तिलकधारी कुआं के पास रहने वाले कबाड़ी कारोबारी संतोष कुमार गुप्ता उर्फ बबलू के यहां शनिवार की रात करीब पौने दस बजे राजस्व खुफिया निदेशालय की तीन सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने घर में घुसकर छानबीन शुरू की। टीम ने अपने आगमन की सूचना नगर थाना को दी। इसके बाद नगर थाने की पुलिस वहां सुरक्षा के लिए जमी हुई थी। परिवार के सभी सदस्यों को नगर थाना लाया गया है। टीम बिहार नंबर की इनोवा गाड़ी से पहुंची। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह टीम पटना से आयी है। गौरतलब हो कि 19 अगस्त को गोवा ईडी की एक टीम ने उसके यहां छापेमारी की थी। छापेमारी सुबह सात बजे शुरू हुई थी जो रात करीब 10 बजे तक चली थी। टीम कुछ दस्तावेज जब्त कर ले गई थी। बाद में ईडी ने विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि प्रवर्तन निदेशालय के पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने 19 अगस्त 2025 को निबू विसेंट और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की आपूर्ति से संबंधित एक मामले में दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, गोवा, हरियाणा, झारखंड और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

# DM ने पटाखों की बिक्री पर दिए निर्देशट्रांसपोर्टेशन लाइसेंस और सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने को कहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया-** जिलाधिकारी (DM) मंगला प्रसाद सिंह ने दीपावली सहित अन्य त्योहारों पर पटाखों के संबंध में सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बड़े पैमाने पर आतिशबाजी की जाती है, जिसके लिए सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है। डीएम ने बताया कि जिले में स्थायी लाइसेंस धारकों की जांच कराई गई है। हाल ही में एक अवैध लाइसेंस धारक को पकड़ा गया था, जिसकी दुकान सील कर एफआईआर दर्ज की गई है। अस्थायी लाइसेंस धारकों के लिए पॉलिटेक्निक ग्राउंड को स्थान के रूप में चिह्नित किया गया है, जहां लेआउट के अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतिशबाजी सामग्री अक्सर बाहर से वाहनों द्वारा लाई जाती है, जिससे दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, हमने पुलिस अधीक्षक (SP), अग्निशमन अधिकारी और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की जाए, ताकि कोई भी अवैध रूप से पटाखे या आतिशबाजी सामग्री न ले जा सके। उन्होंने कहा कि सामग्री ले जाने वालों के पास अस्थायी ट्रांसपोर्टेशन लाइसेंस होना चाहिए और उन्हें सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखना होगा, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# बलिया-ददरी मेले के आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष होंगे डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** कार्तिक पूर्णिमा 5 नवंबर से लगने वाले ददरी मेले के आयोजन की तैयारी में नगर पालिका परिषद व प्रशासनिक अमला जुटा है। इस बीच प्रशासन की तरफ से मेले के लिए बनाई गई आयोजन समिति से चेयरमैन संत लाल उर्फ मिठाई लाल व दुबहड़ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि देव नारायण को हटा दिया गया है। जिलाधिकारी की तरफ से 13 अक्तूबर को जारी पत्र को प्रशासन की तरफ से सार्वजनिक किया गया। नई संशोधित समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी कोषाध्यक्ष, सीआरओ संयोजक, वरिष्ठ कोषाधिकारी सह कोषाध्यक्ष, ईओ नगर पालिका परिषद, बलिया को सहसंयोजक बनाया गया है। साथ ही 50 विभाग के अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है। 30 नवंबर तक ददरी मेला का आयोजन होगा। मेला प्रभारी त्रिभुवन ने बताया कि प्रशासन की तरफ से ददरी मेला को सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण संपादित करने वाली जिला स्तरीय कमेटी से अध्यक्ष नगरपालिका बलिया की आपत्ति पर विशेष आमंत्रित कमेटी से अध्यक्ष नगरपालिका और ब्लॉक प्रमुख दुबहड़ को हटा दिया गया है। जिला स्तरीय कमेटी में विशेष आमंत्रित जनप्रतिनिधियों को बनाया गया था क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान दुबहड़ ब्लॉक में और ददरी मेला नगर पालिका में लगता है। जिला प्रशासन बेहतर कार्य कर जनप्रतिनिधि को विश्वास में लेने के लिए शामिल किया गया था।



# चौपारण के पूर्व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सीएम के हाथों सम्मानित, स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट में भी रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण/राँची, हजारीबाग, झारखंडः-** राँची के डोरंडा स्थित झारखंड आर्म्ड पुलिस (JAP-v) परिसर में 14 से 17 अक्टूबर तक 20वीं झारखंड स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में राज्य के सभी जोनों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राज्यभर की आठ टीमों के 80 पुलिसकर्मियों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। पुलिस के तकनीकी, अनुसंधान और अपराध जांच कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतिभागियों ने 12 प्रकार की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, जिनमें फॉरेंसिक साइंस (लिखित), क्राइम जांच, कंप्यूटर अवेयरनेस, फोटोग्राफी, फिंगर प्रिंट (प्रैक्टिकल व ओरल), लिफ्टिंग-पैकिंग, डॉग स्क्वायड एक्सप्लोसिव ट्रैक्टर जैसी विधाएँ शामिल थीं।

**तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज से किया नाम रोशन**

स्टेट पुलिस ड्यूटी मीट में उतरी छोटानागपुर प्रमंडल हज़ारीबाग़ जोन का प्रदर्शन शानदार रहा। चौपारण के पूर्व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने एक बार फिर अपनी दक्षता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने व्यक्तिगत श्रेणी में तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। उन्होंने फॉरेंसिक साइंस, लॉ पेपर और फिंगर प्रिंट में स्वर्ण पदक, जबकि एक श्रेणी में कांस्य पदक प्राप्त किया। उनके अलावा उतरी छोटानागपुर जोन के ही कुणाल किशोर, कुंदन कांत विमल और आरक्षी अजय भगत ने भी क्रमशः सिल्वर मेडल जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अनुपम प्रकाश का भी राष्ट्रीय स्तर की पुलिस ड्यूटी मीट के लिए चयन किया गया है।

**मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, बढ़ाया मनोबल**

कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी टीमों और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा हमारे पुलिस अधिकारी और जवान आज तकनीकी दक्षता और अनुसंधान क्षमता में लगातार निखार ला रहे हैं। इस तरह की प्रतियोगिताएँ पुलिस बल की कार्यकुशलता और आत्मविश्वास को और मजबूत करती हैं। मुख्यमंत्री ने चौपारण के पूर्व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश को स्टेट लेवल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वयं अपने हाथों से सम्मानित किया। कार्यक्रम में डीजीपी, आईजी सहित पुलिस विभाग के कई वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अनुपम प्रकाश का यह सम्मान न केवल चौपारण, बल्कि पूरे छोटानागपुर जोन के लिए गर्व का विषय है। अब वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। ज्ञात हो कि इससे पहले उतरी छोटानागपुर प्रमंडल हज़ारीबाग़ के अंतर्गत आयोजित रेंज पुलिस ड्यूटी मिट 2025 में भी चौपारण के तत्कालीन थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने ऑल ऑवर रेंज चैंपियन व्यक्तिगत का खिताब जीत कर पूरे प्रखण्ड के साथ हज़ारीबाग़ जिले का भी नाम रौशन किए थे।



# मुख्यमंत्री के निर्देश पर 12 वर्षीय आसिफ रजा को मिला जिला प्रशासन का संरक्षण

●सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार की गुहार पर हरकत में आई सरकार, अब प्रशासन करेगा पढ़ाई और देखभाल की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** मानवता और संवेदनशील प्रशासन की मिसाल पेश करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर बरही गड़लाही निवासी 12 वर्षीय आसिफ रजा को जिला प्रशासन ने अपने संरक्षण में ले लिया है। यह पहल उस समय हुई जब सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार ने ट्विटर (एक्स) के माध्यम से मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और उपायुक्त को इस बच्चे की दयनीय स्थिति से अवगत कराया।

**दादा-दादी के सहारे चल रहा था जीवन, अब जिला प्रशासन देगा संबल**

बरही प्रखंड के करियातपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम सलोंन गड़लाही निवासी मो. रफीक के पोते आसिफ रजा की जीवन कहानी बेहद मार्मिक है। जब आसिफ महज दो वर्ष का था, तभी उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। कुछ समय बाद उसकी माता ने भी उसे छोड़ दिया। तब से उसकी परवरिश दादा-दादी ने मिलकर की। हालांकि कुछ दिन पूर्व उसकी दादी का निधन हो गया, जिससे आसिफ पूरी तरह अकेला हो गया। दादा मो. रफीक भी उम्रदराज और बीमार रहते हैं, जिससे वे अपने पोते के भविष्य को लेकर अत्यंत चिंतित थे।

**सिकंदर कुमार ने उठाई आवाज, मुख्यमंत्री ने लिया तत्काल संज्ञान**

इस पूरे मामले की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार को मिली। उन्होंने तुरंत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और जिला उपायुक्त को ट्विटर के माध्यम से आसिफ की स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**प्रशासन की तत्परता, स्थानीय टीम पहुंची बच्चे के घर**

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने बिना विलंब किए स्थानीय प्रशासन की टीम को गड़लाही गांव भेजा। बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो स्वयं मौके पर पहुंचे और आसिफ रजा से मुलाकात की। उन्होंने बच्चे की पढ़ाई और जीवन-यापन के लिए कई योजनाओं के तहत मदद की घोषणा की।

**आवास, राशन और शिक्षा की मिली स्वीकृति**

बीडीओ जयपाल महतो ने मौके पर ही आवास, राशन कार्ड और स्पॉन्सरशिप योजना के तहत सहायता स्वीकृत की। साथ ही आसिफ की उच्च शिक्षा की व्यवस्था जिला प्रशासन के माध्यम से की जाएगी। अब आसिफ प्रशासन की निगरानी में पढ़ाई कर अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सकेगा। इस दौरान पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, समाजसेवी पुरन राम, मो. वसीम, तुलसी राम, यूनुस अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने एक बेसहारा बच्चे को नई जिंदगी दी है। सिकंदर कुमार ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार की त्वरित कार्रवाई ने साबित किया है कि यदि किसी जरूरतमंद की आवाज सही मंच तक पहुंचे, तो मदद अवश्य मिलती है।

# संक्षिप्त खबरें

## पुलिस अधीक्षक ने रुद्रपुर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने थाना रुद्रपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर, अभिलेख, मालखाना, हवालात, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार व मिशन शक्ति कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने थाना प्रभारी व पुलिसकर्मियों को साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, अपराध नियंत्रण व जनता के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विवेचक गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध विवेचना करे ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। आगामी दीपावली व छठ पर्व के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु भी दिशा-निर्देश दिए।

## 25 हजार का इनामी बदमाश तमंचे के साथ गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना सलेमपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामी अभियुक्त विवेक कुमार गौतम पुत्र कोमल प्रसाद, निवासी कुईचवर, थाना भलुअनी को इटहुआ-चंदौली मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त पर गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में नया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अवैध लकड़ी कटान पर कार्रवाई

**देवरिया।** जनपद क़ी श्रीरामपुर पुलिस ने ग्राम बंगरुआ से 11 बोटा हरा सागौन की लकड़ी व एक स्वचलित लकड़ी काटने की मशीन बरामद की। मौके से एक अभियुक्त राजू सिंह पुत्र संजय सिंह निवासी बैकुठपुर को गिरफ्तार किया जबकि एक अन्य अभियुक्त फरार हो गया। बरामद लकड़ी की अनुमानित कीमत 70 हजार और मशीन की कीमत ?10 हजार आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में धारा 4/10 उत्तर प्रदेश ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम 1976 के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 14 पेटी देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की श्रीरामपुर थाने क़ी पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 पेटी देशी शराब ब्रांड बंटी-बबली के साथ एक अभियुक्त सूरज यादव पुत्र उदयभान चौधरी, निवासी सिवान (बिहार) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त से एक दोपहिया वाहन B R29N 5325 भी बरामद किया। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## झांसा देकर हड़पे तीन लाख, केस हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** झांसा देकर लाखों हड़प लेने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम गांव निवासी सुनील कुमार गिरि पुत्र लाल गिरि ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पहचान के राघवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी राजापुर बेलवा हसन थाना जायस, अमेठी ने विदेश सर्बिया भेजने का झांसा देकर उससे तथा गांव के दिनेश कुमार रजक पुत्र मोहन लाल रजक व संदीप पुत्र शारदा प्रसाद मौर्य समेत तीन लोगों से तीन लाख रूपये ऐंठ लिये। अठारह माह बाद भी आरोपी कार्य नहीं करा पाया। आरोप है कि तीनों पीड़ितो द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर आरोपी ने पैसा न देने की बात कहते हुए धमकी दी। इसके बाद फोन स्विचऑफ कर लिया है। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## जुआ खेलते हुए तीन जुआरी गिरफ्तार



**चित्रकूट-** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक गौरव तिवारी एवं उनकी टीम मुख्य आरक्षी अशोक कुमार शर्मा व ललित बाबू द्वारा आरोपी मनोज सोनकर, अन्नू व धीरेन्द्र निवासीगण वाल्मिकीनगर थाना मानिकपुर को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्ते व नगद धनराशि भी बरामद की गई।

# कचनरवा सहित दर्जनों गांवों में नल हुआ निष्फल पानी संकट पर ग्रामीणों का जोरदार प्रदर्शन, जिम्मेदार मौन

**●विकास खंड कोन में हर घर नल योजना धरातल पर धराशायी फ्लोरोसिस प्रभावित गांवों में भी जलापूर्ति ठप, हैंडपंप भी ध्वस्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/सोनभद्र।** विकास खंड कोन अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन के तहत चलाई जा रही हर घर नल 'योजना क्षेत्र में बुरी तरह विफल होती दिख रही है। कचनरवा, कुड़वा समेत दर्जनों फ्लोरोसिस प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति ठप होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आज कचनरवा ग्राम पंचायत के असनाबांध टोले में जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि हर घर नल 'योजना कागजों पर तो पूर्ण दिखा दी गई है, लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके विपरीत है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों के आधार कार्ड के आधार पर नल कनेक्शन तो दिए गए, लेकिन कई महीनों से इन नलों से एक बूंद पानी तक नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि संबंधित विभाग द्वारा माह में केवल एक या दो दिन, मात्र 10 मिनट के लिए पानी चलवाकर, उस क्षेत्र की फोटो और लोगों को झूठे आश्वासन के वीडियो संबंधित विभाग को भेजे जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह जनता को 'लॉली पॉप ' देने जैसा है और यह पूरी परियोजना केवल कागजों में सिमट कर रह गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रदीप चंद्रवंशी ने बताया कि कचनरवा, असनाबांध, नरोईयादामर, मधुरी, रोहिनवादामर, शिकारीखोली, बड़ाप, बागेसोती, सिंगा, डुबवा, कुड़वा, धौरवादामर, सेमरवादामर, गोबरदाहा, डीलवाहा, शिवाखाड़ी, धीचोरवा, पीपरखाड़, बिछमरवा, केवाल, मिश्री, डोमा, बहुआरा, रगरम, खरौंधी, चांचीकला, नकतवार सहित कई गांवों में जलापूर्ति ठप है। वरिष्ठ ग्रामीण बिहारी प्रसाद यादव ने चिंता जताते हुए कहा कि आज भी क्षेत्र के लोग नदी-नालों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि कचनरवा का रोहिनवादामर और कुड़वा गांव फ्लोरोसिस की अत्यधिक मात्रा से प्रभावित हैं, फिर भी यहां पानी नहीं मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर अभी तक नल कनेक्शन भी नहीं मिला है, और जहाँ मिला है, वहाँ कई महीनों से पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में जगह-जगह पानी टंकियों का निर्माण हुआ था, जो अब मात्र शो पीस बनकर रह गई हैं। इतना ही नहीं, कई वर्षों से मरम्मत के अभाव में क्षेत्र के कई हैंडपंप भी खराब पड़े हैं। पूर्व में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद, ग्रामीणों की बातों को अनसुना कर दिया गया। सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि कार्यदायी संस्था ने इस परियोजना को कागजों पर पूर्ण दिखा दिया है, जो कि स्पष्ट रूप से एक बड़ी जांच का विषय है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की इस महत्वपूर्ण योजना की असफलता के लिए संबंधित कार्यदायी संस्था की उदासीनता और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, नंदलाल चेरो, रमेश, लकठु, कृष्णा, अखिलेश, सोनी, पूनम, प्रमिला, आदित्यनाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने और खराब पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता अरुण सिंह ने बताया कि नदी की धारा परिवर्तित होने के कारण समस्या आ रही है। जल्द ही पानी की सप्लाई बहाल करा दी जाएगी। हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या कई महीनों से बनी हुई है और अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं।

# जनता से नाकारे जाने के बाद भी झूठ और भ्रम फैला रहे केजरीवाल, बोले- दिल्ली BJP चीफ वीरेन्द्र सचदेवा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने एक बार फिर से आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि केजरीवाल सत्ता में रहते हुए भी भ्रम और झूठ की राजनीति करते थे और अब जब जनता ने उनको नाकार दिया है तब भी झूठ एवं भ्रम की बयानबाज़ी कर राजनीतिक अस्तित्व बचाने की कोशिश कर रहे हैं. वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि यह दुखद है की केजरीवाल राजनीतिक पश्चाताप की जगह बेशर्मी से झूठ बोल रहे हैं और अच्छा शासन देने के दावे कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि अब केजरीवाल कितना भी झूठ बोल लें कोई फर्क नहीं पड़ेगा. उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले जानते हैं की उनकी (आम आदमी पार्टी) सरकार ने शिक्षा के नाम पर क्लास रूम घोटाला किया, वहीं स्वास्थ्य के नाम पर मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल निर्माण में घोटाले किए.



**' जनता ने केजरीवाल को नकार दिया'**

उन्होंने कहा AAP सरकार ने पानी की व्यवस्था ऐसी की थी कि गर्मी तो छोड़ो सर्दी में भी आधी दिल्ली टैंकरों के सहारे जीती थी. उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल कितने भी झूठ बोल लें लेकिन दिल्ली की जनता उनके झांसे में नहीं आएगी. जनता अब उनकी सच्चाई को जान चुकी है. उन्होंने कहा कि जनता ने केजरीवाल को पूरी तरह से नकार दिया है, बावजूद इसके वो झूठ और भ्रम की बयानबाज़ी कर अपने राजनीतिक अस्तित्व बचाने का प्रयास कर रहे हैं.

**गोपाल राय पर भड़के वीरेंद्र सचदेवा**

वहीं वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के नेता गोपाल राय पर आरोप लगाया कि वो दिल्ली में प्रदूषण को लेकर जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह लोगों को गुमराह करने के लिए है और पिछले 10 सालों से यह उनकी रणनीति है. बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि,क्क 10 सालों से यही खेल खेलती आ रही है. जब AAP की सरकार थी तो ग्रीन पटाखों पर बैन लगवाने के लिए प्रदूषण का बहाना बनाया जाता था. सही आंकड़े पेश न कर AAP ने न्यायालय को भी गुमराह करने का प्रयास किया. उन्होंने कहा कि अब जबकि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति दे दी है , तो आप नेता एक बार फिर ग्रीन पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रदूषण का बहाना बना रहे हैं. सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में इस समय मौसम साफ है और प्रदूषण का स्तर पिछले सालों की तुलना में काफी कम है. इस साल दिल्ली में संस्कृति और पर्यावरण का सामंजस्य देखने को मिलेगा.

# सहारनपुर- 'केरोसिन से तरबतर थी महिला, लगाने जा रही थी आग' मिशन शक्ति टीम ने कैसे बचाई जान?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

देशभर में आत्महत्या के मामले दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं. छोटी-छोटी बातों से हताश होकर लोग बिना कुछ सोचे-समझे अपना जीवन खत्म कर रहे हैं. कुछ एक मामलों में पीड़ितों को बचा लिया जाता है, लेकिन कुछ में सब इतना जल्दी होता है कि पता ही नहीं चल पाता है. ऐसे ही एक मामला उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से सामने आया है, जहां पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने आत्मदाह के लिए खुद को कमरे में बंद कर लिया. वह खुद को आग के हवाले करने वाली ही थी कि पुलिस ने उसे बचा लिया.

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर शाम थाना कोतवाली नगर की मिशन शक्ति टीम को कॉल पर सूचना मिली कि शहीदगंज के पास शिव मंदिर की रहने वाली सिमरन कर्णवाल नाम की महिला गृह क्लेश के चलते एक कमरे में बंद होकर कपड़ों में आग लगाकर आत्मदाह का प्रयास कर रही है. सूचना मिलते ही नगर कोतवाली की मिशन शक्ति टीम मौके पर पहुंच गई. टीम ने तुरंत दरवाजा तोड़ा और महिला को बचाते हुए सुरक्षित बाहर निकाल लिया.




**ऐसे टला हादसा**

महिला का त्योहार के दौरान घर खर्च को लेकर विवाद चल रहा था. इसी बीच गुस्से में उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया. आत्मदाह करने के लिए उसने खुद के ऊपर केरोसिन छिड़क लिया. इस बीच मिशन शक्ति टीम की तत्परता ने दिखाते हुए उसे बचा लिया गया. एक बड़ी घटना टल गई, नहीं तो एक बड़ा अनहोनी हो सकती थी. इसके बाद महिला को थाने लाकर मिशन शक्ति केंद्र में रखा गया, जहां पुलिस ने महिला और उसके परिजनों की काउंसलिंग कराई गई. काउंसलिंग के दौरान सिमरन ने शांत मन से अपनी बात रखी और अपनी माता सुमन के साथ रहने की इच्छा जताई, जो कि हकीकतनगर थाना सदर बाजार इलाके की रहने वाली है.

**महिला को पुलिस ने मां के साथ भेजा**

महिला ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ किसी भी कानूनी कार्रवाई से इंकार करते हुए लिखित तहरीर दी. इसके बाद पुलिस ने उसे उसकी माता सुमन और मौसी मीना के साथ भेज दिया गया. पुलिस की तत्परता की पूरे इलाके में खूब चर्चा हो रही है.

# घाटमपुर में छात्राओं के लिए चलाया जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** नगर के घाटमपुर थाने में मिशन शक्ति के तहत् छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी, यहां पर महिला दारोगा नेहा ने छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने छात्राओं को अपने मौलिक अधिकारों के बारे में बताया कहा यदि आने-जाने वाले रास्ते में कोई उन्हें परेशान करें तो तुरंत 1090 पर काल कर जानकारी दें, महिला पुलिस उनकी सुरक्षा करेगी, घाटमपुर थाना परिसर में महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया,, यहां पर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को उनके अधिकारों की जानकारी दी व उन्हें स्वालबी होने के बारे में बताया, घाटमपुर थाने में तैनात महिला दारोगा नेहा ने छात्राओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया कहा कि यदि आने-जाने में कोई उन्हें परेशान करता है तों वूमेन पावर 1090 पर फ़ोन कर उसकी जानकारी दें सकतीं हैं, इससे उन्हें पुलिस शोहदों पर कार्रवाई करेगी, महिला सिपाही रीमा यादव ने बताया कि अब महिलाएं लड़कों से कम नहीं है,आज महिलाएं भी हवाई जहाज उड़ा रहीं हैं, घाटमपुर कोतवाली प्रभारी धन्नजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि छात्राओं को महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत अधिकारों की जानकारी दी गई, इसके साथ ही कहां गया है कि आने जाने वाले रास्ते में कोई परेशान करें तो पुलिस को सूचना दें।

# उत्सव और सेवा का संगम श्री राम सेवा समिति का धनतेरस पर विशेष हलवा वितरण

**●मानव सेवा की अनूठी पहल से ओबरा में सामाजिक समरसता की नई मिसाल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र।** (18 अक्टूबर) ओबरा क्षेत्र में सामाजिक समरसता और निस्वार्थ मानव सेवा का पर्याय बन चुकी श्री राम सेवा समिति ने आगामी धनतेरस पर्व के अवसर पर एक विशेष धार्मिक और सामाजिक आयोजन की घोषणा की है। समिति द्वारा धनतेरस के पावन दिन हनुमान मंदिर परिसर में हलवे के प्रसाद का भव्य वितरण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह के कुशल मार्गदर्शन और सभी समर्पित सदस्यों के सक्रिय सहयोग से की जा रही यह पहल, पर्व की खुशियों में समाज के हर वर्ग को शामिल करने और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। एकता का सशक्त संदेश श्री राम सेवा समिति ओबरा में अपने साप्ताहिक खिचड़ी भंडारा के लिए पहले से ही व्यापक रूप से प्रशंसित है। समिति के समस्त पदाधिकारियों, जिनमें उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे, सचिव सरिता सिंह, कोषाध्यक्ष रीता कुमारी, उप सचिव सर्वेश दुबे, उपसचिव हेमलता जायसवाल, और संगठन मंत्री माया चौहान शामिल हैं, के साथ-साथ संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, रणजीत तिवारी, एवं हवाई बाबूलाल के सामूहिक प्रयास से प्रत्येक शनिवार को यह भंडारा नियमित रूप से संचालित हो रहा है। इस भंडारे की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण विशेषता इसका भेदभाव रहित स्वरूप है। यहां न गरीब, न अमीर के सिद्धांत पर सभी लोग एक साथ बैठकर प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह क्रिया समाज को मानव सेवा और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश देती है, जो आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। इस पुनीत कार्य की रूपरेखा तैयार करने और इसे ज़मीनी स्तर पर मूर्त रूप देने की शुरुआत पत्रकार अजीत सिंह ने की थी। उन्होंने सेवा और समर्पण के निस्वार्थ भाव से इस समिति की नींव रखी और निरंतर भंडारे की इस श्रृंखला को आरंभ किया। अजीत सिंह का दृढ़ विश्वास है कि यह सेवा कार्य तब तक निरंतर चलता रहेगा, जब तक उन्हें प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता रहेगा। धनतेरस पर होने वाला यह विशेष हलवा वितरण कार्यक्रम समिति के इसी सेवा संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा और पर्व के पावन अवसर पर लोगों को एक साथ आने का मौका देगा। यह पहल दर्शाती है कि समाज के सजग और समर्पित नागरिक किस प्रकार निस्वार्थ सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक और स्थायी बदलाव ला सकते हैं।

# किसानों को मिलेगी बड़ी राहत मधुपुर में होगा नई बीपैक्स (BPACS) का गठन, खाद के लिए नहीं जाना पड़ेगा दूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**राबर्टसगंज।** जिले के स्थानीय मधुपुर क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब उन्हें खाद और बीज के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि जल्द ही मधुपुर में एक नई सहकारी समिति (बीपैक्स) का गठन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर बटबंतरा बीपैक्स के संचालक मंडल की बैठक में लगाई गई। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष निशा देवी ने की। बैठक के दौरान, एडीसीओ सदर (सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता) अवधेश सिंह ने नई समिति के गठन के नियम और प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई समिति का गठन क्षेत्र के किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।अवधेश सिंह ने बताया कि नई समिति के गठन से किसानों को खाद लेने के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। इससे न केवल किसानों का समय और श्रम बचेगा, बल्कि खाद की उपलब्धता भी पहले से बेहतर और सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम सहकारिता विभाग की ओर से किसानों को उनके गाँव के करीब ही आवश्यक कृषि संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में उठाया गया है।यह निर्णय क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो कृषि कार्यों को आसान बनाने और लागत को कम करने में सहायक होगा। बैठक में समिति के सचिव प्रदीप सिंह, के अलावा संचालक मंडल के सदस्य कर्मवीर मौर्य, धीरज कुमार, धर्मेन्द्र, कृष्णकुमार, जयप्रकाश, महेन्द्र समेत सभी प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत किया और इसे किसानों के हित में एक सकारात्मक कदम बताया। नई समिति के गठन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।

# बिहार में महागठबंधन को झटका! JMM ने तोड़ा नाता, 6 सीटों पर अकेले लड़ेगी चुनाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार चुनाव में महागठबंधन में तकरार के बीच अब झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गठबंधन ने नाता तोड़ने का ऐलान किया है. झारखंड में सत्तारूढ़ झामुमो ने शनिवार को घोषणा की कि वह बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेगा और छह सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगा बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए चुनाव 6 नवंबर और 11 नवंबर को होंगे और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी. झामुमो महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, "पार्टी ने बिहार चुनाव अपने दम पर लड़ने का फैसला किया है. वह छह विधानसभा सीटों - चकाई, धमदाहा, कटोरिया (एसटी), मनिहारी (एसटी), जमुई और पीरपैंती - पर चुनाव लड़ेगी."इन सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा

**JMM ने स्टार प्रचारकों की जारी की सूची**

बिहार चुनाव को लेकर JMM ने 20 स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी किया. झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्टार प्रचारकों का नेतृत्व करेंगे. झामुमो के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को कहा कि झारखंड



मुक्ति मोर्चा ने महागठबंधन से सीटों की मांग की थी, लेकिन महागठबंधन की ओर से उन्हें सीटें आवंटित नहीं की गयी. इस कारण पार्टी ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है. जेएमएम के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, "हम महागठबंधन के साथ हैं और गठबंधन में चुनाव लड़ेंगे. हम बिहार में महागठबंधन के नेताओं से आग्रह करते हैं कि वे गठबंधन में जेएमएम की हिस्सेदारी की घोषणा जल्द से जल्द करें, क्योंकि नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है." उन्होंने कहा कि पार्टी ने बिहार चुनाव के लिए अपनी तैयारियां भी पूरी कर ली हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड चुनाव में, जेएमएम ने अपने गठबंधन सहयोगियों - कांग्रेस, राजद, भाकपा (माले) एल - को "सम्मानजनक हिस्सा" दिया था. भट्टाचार्य ने कहा, "इसलिए, हम बिहार चुनाव में भी जेएमएम के लिए सम्मानजनक सीटों की उम्मीद करते हैं."

**झारखंड चुनाव में राजद की JMM ने दी थी सात सीटें**

उन्होंने कहा कि 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को सात सीटें दी गई, लेकिन वह केवल एक चतरा सीट ही जीत पाई. भट्टाचार्य ने कहा, ÷लेकिन, हमने झारखंड में गठबंधन सरकार में राजद के एक विधायक को पांच साल के लिए मंत्री बनाया. 2024 के चुनाव में, हमने झारखंड की पांच प्रतिशत सीटें, यानी छह, राजद को दीं. चुनाव जीतने वाले चार सदस्यों में से एक को गठबंधन धर्म निभाते हुए मंत्री बनाया गया." उन्होंने कहा कि झामुमो मजबूती से चुनाव लड़ना जानता है, खासकर भाजपा के खिलाफ. उन्होंने कहा, "हम गठबंधन सहयोगियों के बीच किसी भी तरह का भ्रम नहीं चाहते हैं, क्योंकि इससे दूसरों को फायदा उठाने का मौका मिल सकता है. इसलिए, हम चाहते हैं कि हमारी केंद्रीय समिति की बैठक तक सब कुछ सुलझा लिया जाए. बिहार में कई सीटें ऐसी हैं जहां अगर हम उनकी मदद नहीं करते हैं और हमारे नेता प्रचार नहीं करते हैं, तो इससे महागठबंधन को भारी नुकसान होगा."

# डीएवी एनयूपीपीएल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय मुक्केबाज़ी में दिखाया दम, जीते स्वर्ण और रजत पदक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर कानपुर नगर ।** एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल, घाटमपुर के होनहार खिलाड़ियों ने युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (राज्य स्तर-बॉक्सिंग) में अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मुक्केबाज़ी में तीन पदक हासिल किए।आशुतोष तिवारी ने अंडर-17 (46 किग्रा से कम वर्ग) में स्वर्ण पदक अर्जित किया।वहीं वर्णित द्विवेदी ने अंडर-14 (44-46 किग्रा वर्ग) में स्वर्ण पदक प्राप्त करने के साथ-साथ सार्थक ने अंडर-14 (28-30 किग्रा वर्ग) में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यूपी जोन-एफ, क्लस्टर-5 की हेड एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका गौर ने सभी विजेता छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत, अनुशासन और खेलभावना के साथ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एवं सीईओ, एनयूपीपीएल एस. दुरई कुमार, स्कूल मैनेजर आनंद स्वरूप सारस्वत, एलएमसी सदस्य एवं सीएफओ एनयूपीपीएल अशोक कुमार माली, तथा डीजीएम (एचआर) एनयूपीपीएल कौशिक भर ने भी विजेता छात्रों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ प्रदान कीं।डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की यह उपलब्धि खेल भावना, अनुशासन और समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संक्षिप्त खबरें

## चकेरी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार




**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक चकेरी के कुशल नेतृत्व में थाना हाजा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 473/2025 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना चकेरी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रोहित गौतम पुत्र स्व0 मुन्ना लाल निवासी गुरू हरराय स्कूल के पीछे मंगला विहार द्वितीय थाना चकेरी कानपुर नगर उम्र 26 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर उ0नि0 भरत कुमार पाठक चौकी प्रभारी सनिगवां मय पुलिस बल के यादव चौराहा के पास सतवरी रोड पर दिनांक 17.10.2025 को समय 21¬10 बजे अभियुक्त रोहित गौतम उपरोक्त को हिरासत पुलिस मे लिया गया।

## बाइक की टक्कर से महिला की मौत, गमगीन माहौल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** खेत से घर लौट रही महिला बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गयी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना में बाइक चालक भी घायल हो गया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा जलेशरगंज गांव की पचास वर्षीया उर्मिला पत्नी सत्येन्द्र पटेल शनिवार को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अपने खेत से घर लौट रही थी। इसी दौरान कटरा दुग्धा मार्ग पर बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला व बाइक चालक घायल हो गया। दोनों घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। मृतका की दो पुत्रियां व दो पुत्र हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है, तहरीर मिलने पर जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए त्यौहार-हेमन्त जयसवाल



**सिद्धार्थनगर।** त्यौहार खुशियां लेकर आते है और एक दूसरे को आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश देते है। सभी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर त्योहार मानना चाहिए। यह बातें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल ने शनिवार को नगर में भ्रमण के दौरान कही है। उन्होंने नागरिकों से धनतेरस और दीपावली पर्व आपसी प्रेम व्यवहार से मिल जुलकर एक दूसरों में खुशियां बांट कर मनाने की अपील की है।

## धनतेरस पर खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़



**सिद्धार्थनगर ।** जिले के विभिन्न स्थानों पर धनतेरस पर शनिवार को दुकानों पर खरीददारी के लिए काफी भीड़ रही। सभी लोग कपड़ों से लेकर मिठाई, आभूषण, बर्तन आदि की खरीददारी की। दुकानदारों का कहना है की इस बार अच्छी बिक्री हुई।धनतेरस पर कस्बा की सड़कों काफी भीड़ रही वाहन चलते हैं। लोगों ने जमकर खरीदारी किया हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रही। त्यौहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। धनतेरस पर नए सामानों की खरीद की परंपरा है जिसे महंगाई के दौर में भी लोग निभा रहे हैं। धनतेरस के बाजार पर आभूषण, वाहनों, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ों आदि की दुकानों पर महंगाई का कोई असर नहीं दिखाई पड़ता है। लोग दिल खोल कर खरीद किए हैं।

# डीएम व एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में सुनी शिकायतें, 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**● शिकायकतकर्ताओं की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरते अधिकारी-जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 56 शिकायतों में से 25 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 14, विकास विभाग से 01, विद्युत विभाग से 01 एवं 15 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस शिकायतकर्ता सुनीता देवी निवासी भंगवा ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी अपने बैनामा शुदा भूमि पर घर के बगल में पानी एकत्र करने व गन्दगी न फैलने के कारण से शोख्ता बना रही है परन्तु पड़ोस के खेलाड़ी व राम सुरेमन सोख्ता नहीं बनने दे रहे है, गाली देते हुये मारपीट आमादा फौजदारी हो जाते है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि प्रकरण की जांच कर शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता सीताराम मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट गोड़े ने शिकायत किया कि प्रार्थी गाटा संख्या 231 सीमांकन हेतु धारा 24 के अन्तर्गत न्यायालय उपजिलाधिकारी द्वारा आदेश 23 अक्टूबर 24 को हुआ था जिसका अनुपालन नायब तहसीलदार व टीम के साथ 30 अगस्त 2025 को सीमांकन पत्थरगढ़ी कराकर पिलर घेरा बन्दी करा दिया गया, परन्तु विपक्षी कृष्ण लाल व उनके पत्नी मनीषा ने सरहंगई से दो पिलर तोड़कर उखाड़ दिया।उस समय जिसकी सूचना 112 को दिया गया। वह दोनो पक्षों को चौकी चिलबिला पर बुलाया गया,लेकिन अभी विपक्षी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गयी।इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को प्रकरण की जांच करते हुये शिकायत के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त अन्य शिकायतों के सम्बन्ध डीएम ने उपजिलाधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाय।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाय। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाय। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोपरि है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायकर्ता अपनी शिकायत लेकर आयें उनकी शिकायतों को विनम्रता पूर्वक सुने, प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धन्वंतरि जयंती पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि का क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय पर किया गया पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय, प्रतापगढ़ में शनिवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान धन्वंतरि के मंत्रोच्चारण से हुआ। पूरे कार्यालय परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया। उपस्थित अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मचारियों ने भगवान धन्वंतरि जो आयुर्वेद के जनक एवं स्वास्थ्य के देवता के रूप में पूज्य हैं, को नमन करते हुए समाज के स्वास्थ्य कल्याण हेतु सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और दीर्घायु जीवन का संदेश दिया। उनके द्वारा प्रदत्त आयुर्वेद शास्त्र केवल रोगों के उपचार का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। उन्होंने कहा कि आज के युग में जब जीवनशैली जनित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, तब आयुर्वेद के सिद्धांत मानवता के लिए प्रकाशपुंज बनकर सामने आ रहे हैं उन्होंने यह भी कहा कि 'हम सभी का कर्तव्य है कि भगवान धन्वंतरि की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाएं, ताकि हर नागरिक निरोग, प्रसन्न और संतुलित जीवन जी सके।" कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर को पुष्पों, दीयों और पुष्पमालाओं से सजाया गया था। सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से ' नमो भगवते वासुदेवाय धन्वंतरये अमृत कल शहस्ताय सर्वभयविनाशाय सर्वरोगनिवारणाय नमः' का जप किया और प्रदेश व देश की निरोगी कामना की।कार्यक्रम में सभी चिकित्सकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और यह संकल्प लिया कि वे भगवान धन्वंतरि के आदर्शों पर चलते हुए आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दें।

# एलायंस क्लब ने दिव्यांग बच्चों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां, दिए उपहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी में दीपावली पर्व पर दिव्यांग बच्चों के साथ खुशियां बांटने की कोशिश की गई। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व क्लब के पदाधिकारियों के साथ अक्षम विद्यालय पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को दीपावली पर्व पर लाई, चूरा, खिलौना, मिठाई आदि उपहार देकर कहा कि वहां रह रहे दिव्यांग बच्चों को हर त्यौहार की खुशियां मिले यही हमारा संकल्प है। दीपावली पर्व पर ढेर सारे उपहार पाकर दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खुशियां छा गई। बच्चों ने गीत और चुटकुला सुना कर दीपावली के त्यौहार में और चार-चांद लगा दिए।

अक्षम विद्यालय के अध्यापक श्री नारायण यादव ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, इन सब का उत्साहवर्धन होना चाहिए। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य हर त्यौहार दिव्यांग बच्चों के साथ मनाते हैं और बच्चे भी उनकी प्रतीक्षा करते रहते हैं। रोशनलाल का कार्य अनुकरणीय है। हम सबको इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अमिता कुशवाहा, अनिरुद्ध नारायण तिवारी, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक यादव, राजेश सिंह, अंशुमान सिंह, विनय श्रीवास्तव, रमेश, करम हुसैन, नितिन पाल, आदित्य कुमार, राज, प्रिंस पाल, करन, रामू, अग्रज आदि ने दीपावली की खुशियां बांटी। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी जनमानस से भी अपील की हर घर में दीपावली का पर्व मनाना हम सब की जिम्मेदारी है।अपने-अपने गांव में कोशिश करना चाहिए कि कोई भी घर दीपावली की खुशियों से वंचित न रह जाए।

# आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में दीपावली पर्व को लेकर रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर क्षेत्र के आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय में दीपावली पर्व को लेकर विद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते हुए बनाई रंगोली। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगों से बनाई गई आकर्षक रंगोली की सुंदर आकृतियों ने सभी का मन मोह लिया । छात्राओं ने रंगोली बनाकर दीपावली के पूर्व दिवाली उत्सव मनाया। छात्राओं की रंगोली बनाने की प्रतिभा को देखकर विद्यालय के शिक्षकों ने सराहा। बच्चों ने इतनी सुंदर एवं मनमोहक रंगोली बनाई की निर्णायक मंडल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किसे प्रथम पुरस्कार दिया जाए यह तय करना मुश्किल हो गया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय के संचालक नितेश पाण्डेय ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कमाना की । इस इस अवसर पर उमेश यादव, शोभनाथ यादव, संतोष कुमार यादव, रुचि उपाध्याय, रीता जायसवाल, श्वेता पटवा, बिंदु विश्वकर्मा, अन्नू जायसवाल, रूबीना खातून, प्रेमलता पासवान, सरिता जायसवाल, संगीता मौर्य, शशि जायसवाल, चन्द्रावती देवी, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे ।

# समाधान दिवस में 217 में शिकायतों में 13 का हुआ निस्तारण

**●डीएम व एसपी के सदर में होने की सूचना मिलते ही मुख्यालय कूच करने लगे अफसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में 217 में 13 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में डीएम और एसपी के आने की सूचना को लेकर फरियादियों की भारी भीड़ जुटी दिखी। हालांकि सदर तहसील में समाधान दिवस में शामिल हुए डीएम व एसपी लालगंज नहीं आ सके। इससे फरियादियों को निराश देखा गया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व की एक सौ उन्नीस, पुलिस पचास, विकास बारह, विद्युत छः, आपूर्ति चौदह व अन्य विभागों की पन्द्रह रहीं। समाधान दिवस में सुबह से ही जिलास्तरीय अफसर भी पहुंच गये। दोपहर अफसरों को यह जानकारी हुई कि जिलाधिकारी सदर तहसील मे समस्याओं की सुनवाई कर रहे हैं। इसके बाद सीएमओ समेत जिले के अफसर आननफानन में मुख्यालय रवाना होते दिखे। यहां शिकायतों की सुनवाई एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने सीओ आशुतोष मिश्र के साथ संयुक्त रूप से की। रामपुर संग्रामगढ़ के पूरे रामचन्द्र गांव में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने शिकायती पत्र दिया। इस पर एसडीएम ने कानूनगो को तलब कर फौरन अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश दिये। लीलापुर थाने के बड़ा अजगरा निवासिनी निर्मला देवी ने शिकायती पत्र में विपक्षियों पर जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर फरियाद रखी। एसडीएम ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिये। संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय ने पुरवारा गांव में खतौनी की समस्या को लेकर शिकायती पत्र दिया। पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर सीओ आशुतोष मिश्र ने कार्रवाई के बाबत थानाध्यक्षों को कर्रा किया। समाधान दिवस का संचालन प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार ने किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, ईओ इंद्र प्रताप, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ला, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता आदि रहे।

# सीबीसीआईडी की क्लीनचिट को सुप्रीम कोर्ट ने ठुकराया, 11 साल से फरार पत्नी निकली पति की कातिल!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बागपत-** बड़ौत के चर्चित प्रॉपर्टी डीलर सतवीर सिंह हत्याकांड में 11 साल बाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। 25 हजार रुपये की इनामी आरोपित पत्नी अंजू को पुलिस ने गाजियाबाद के कविनगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले इस मामले में एलम नगर पंचायत अध्यक्ष रीना के पति अश्वनी पंवार और दो शूटरों को जेल भेजा जा चुका है।

**25 दिसंबर 2014 को हुई थी सनसनीखेज हत्या**

पट्टी चौधरान निवासी प्रॉपर्टी डीलर सतवीर सिंह की 25 दिसंबर 2014 को घर में गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। सतवीर के बहनोई संजीव कुमार ने बड़ौत कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बाद में स्वजन ने हत्या के पीछे सतवीर की पत्नी अंजू और उसके करीबी दोस्तों पर शक जताया था।



**करोड़ों की संपत्ति के लालच में रची गई साजिश**

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि अंजू ने करोड़ों की संपत्ति हड़पने के लिए अपने पति की हत्या की सुपारी दी थी। मामले में अश्वनी पंवार (निवासी एलम, शामली) और दो शूटरों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जबकि अंजू फरार हो गई थी। एसपी बागपत सूरज कुमार राय ने बताया कि अंजू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था, और उसे शुक्रवार शाम स्वाट टीम व बड़ौत कोतवाली पुलिस ने मिलकर गिरफ्तार किया।

**सीबीसीआईडी ने दी थी क्लीनचिट, सुप्रीम कोर्ट ने पलटा फैसला**

अश्वनी पक्ष की अपील पर मामले की पुनर्विवेचना सीबीसीआईडी को सौंपी गई थी। सीबीसीआईडी ने जांच के बाद अश्वनी और अंजू दोनों को क्लीनचिट दे दी थी। लेकिन मृतक सतवीर की मां बोहती देवी ने इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने 28 अप्रैल 2023 को सीबीसीआईडी की रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसके बाद अश्वनी ने 15 अक्टूबर 2022 को बागपत कोर्ट में सरेंडर किया था।

**अब अंजू की गिरफ्तारी से मामले में फिर हलचल**

11 साल पुराने इस मर्डर केस में अंजू की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर से मामला सुर्खियों में आ गया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि हत्या की साजिश में अंजू के अलावा और कौन-कौन शामिल था।

# चोरी हुई लाइसेंसी रिवॉल्वर बरामद, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले की एसओजी, सर्विलांस और थाना इटवा पुलिस ने चोरी हुई लाइसेंसी रिवॉल्वर और अन्य सामान बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया। यह घटना 9 अगस्त की रात इटवा क्षेत्र के सहदेईया गांव में राहुल कुमार पाठक के घर हुई थी। अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुसे और आलमारी व अटैची का ताला तोड़कर एक लाइसेंसी रिवॉल्वर (नंबर P8959), छह कारतूस, दो मोबाइल फोन और नगद रुपए चुरा ले गए थे। इस संबंध में थाना इटवा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर, 17 अक्टूबर की शाम करीब 7:40 बजे करहिया पुल के पास से शिवराम यादव पुत्र नामी यादव, ग्राम पिपरा पाण्डेय, थाना इटवा निवासी को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी की गई रिवॉल्वर, छह खोखा कारतूस, दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 700 नगद बरामद किया गया। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक बृजभान यादव के नेतृत्व में हुई।

पूछताछ में आरोपी शिवराम यादव ने बताया कि 9 अगस्त की रात वह अपने साथी के साथ चोरी के इरादे से सहदेईया गांव पहुंचा था। घर के पीछे की सीढ़ी का दरवाजा खुला देखकर वे अंदर घुस गए और वहां रखे सूटकेस व मोबाइल उठा लिए। सूटकेस खोलने पर उसमें रिवॉल्वर मिली, जिसे उसने अपने पास रख लिया और साथी के साथ फरार हो गया। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद आरोपी शिवराम यादव को न्यायालय भेज दिया गया है। घटना के पर्दाफाश के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस टीम को 20,000 का नकद इनाम देकर सम्मानित किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बृजभान यादव, उपनिरीक्षक जीवन त्रिपाठी (एसओजी प्रभारी), उपनिरीक्षक हरेन्द्र चौहान (सर्विलांस प्रभारी) सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सेवा बस्तियों में दीप वितरण कर यती संकल्प संस्थान ने मनाई सच्ची दीपावली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** शनिवार को समाज सेवा के प्रति समर्पित सामाजिक संगठन यती संकल्प संस्थान ने इस वर्ष भी दीपावली के पावन अवसर पर सेवा बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपक, बाती और मिठाई का वितरण कर एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। संस्थान के इस दीप वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य केवल रौशनी बाँटना नहीं, बल्कि उन परिवारों तक उम्मीद, अपनापन और स्नेह की लौ पहुँचाना था, जहाँ आज भी दीपावली की चमक धुंधली पड़ जाती है। संस्थान की सचिव नीतू सिंह ने बताया कि दीपावली केवल सजावट का त्योहार नहीं, बल्कि यह मानवता और सेवा की भावना का उत्सव है। हर दीपक जो किसी जरूरतमंद के घर में जलता है, वह समाज में उम्मीद और प्रेम की नई किरण फैलाता है। उन्होंने कहा यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हमारे आसपास कोई भी ऐसा परिवार न बचे जो दीपावली पर दीपक जलाने से वंचित रह जाए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के सदस्यों ने सेवा बस्ती में घर-घर जाकर भी दीपक वितरित किए। छोटे-छोटे बच्चों के चेहरे पर खुशी की मुस्कान और परिवारों की आँखों में उमड़ती कृतज्ञता इस बात का प्रमाण थी कि सच्ची दीपावली वही है, जहाँ किसी का अंधकार मिटे और दिलों में रोशनी जगमगाए। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और सभी के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आने वाले समय में भी ऐसे मानवता-केन्द्रित अभियान निरंतर चलाए जाएँगे, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और संवेदना की रौशनी पहुँचे।

# कानपुर के सचेडी में खड़े ट्रक में घुसी कार मामा भांजे की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर नगर।** कमिश्नरेट अंतर्गत सचेडी हाइवे पर रविवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया, अंधेरे में खड़े ट्रक में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी, हादसे में मामा भांजे की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया,एक साथ दो मौतों की ख़बर मिलते ही दोनो परिवारों में कोहराम मच गया, जरौली टू फेस निवासी अनुराग मिश्र 28 वर्ष सोलर पैनल लगानें का ठेका लेते थें, परिजनों ने बताया कि शुक्रवार शाम भांजा ओमदीप मिश्रा गजनेर थाना क्षेत्र के मोहाना गांव निवासी अपनी पत्नी से झगड़े के बाद नाराज हो कर मामा के घर पहुंचा, था,अनुराग ने उसे समझाया और देर रात कानपुर देहात स्थित उसके घर छोड़ने के लिए निकले, उनके साथ मोहल्ले के शुभम् दुबे भी कार में सवार हो गए, तीनों सचेडी थाने के पास हाइवे पर पहुंचे ही थे कि अचानक अंधेरे में खड़े ट्रक में कार पीछे से जा घुसी , टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, हादसे में अनुराग और अमरदीप की मौके पर मौत हो गई, जबकि शुभम् गंभीर रूप से घायल हो गया, पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया,अनुराग के पिता रामकिशोर ने बताया कि उनके तीन बेटे आनन्द, अंकित,और अनुराग सबसे छोटा था,वह पत्नी निर्मला और तीन बच्चों के साथ रहता था, ओमदीप बिजली विभाग में संविदा पर कम्प्यूटर आपरेटर था उसके चचेरे भाई कुलदीप मिश्रा ने बताया कि ओमदीप की शो13 फरवरी 2026 को अंकिता से हुई थी दो साल का बेटा दिव्यास है।

# अभियुक्ता को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ थाना किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना स्तर पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में पुलिस टीम द्वारा ग्राम हण्डौर थाना लीलापुर से 01अभियुक्ता को दो पिपिया में 10-10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में थाना लीलापुर पर मु0अ0सं0 282/25 धारा 60 (2) आबकारी अधिनियम बनाम 01अभियुक्ता पंजीकृत किया गया है। अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# सात आरोपियों पर महिला के साथ मारपीट का केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे बसई सांगीपुर गांव की रीता देवी पत्नी आलोक कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह अक्टूबर की शाम करीब साढ़े सात बजे रंजिश के चलते गांव के ननकू पुत्र रामफल, कमलेश उर्फ बच्चू, मुकेश व संतोष पुत्रगण ननकू, सुनीता पत्नी कमलेश, मंजू पत्नी संतोष व रामपती पत्नी ननकू ने एकराय होकर गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसकी मौसी को घर में घुसकर मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी व घर के सामानों मे तोडफोड भी किया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नोएडा में बेकाबू कार ने महिला को कुचला, तीन वाहनों को मारी टक्कर; जांच में जुटी पुलिस

**नोएडा के सेक्टर 76 में एक अनियंत्रित कार ने धनतेरस की खरीदारी कर लौट रही एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।**




**नोएडा।** सेक्टर 113 थाना क्षेत्र के सेक्टर 76 में शनिवार रात एक कार बेक़ाबू ने महिला को कुचल दिया। कार सड़क पर तीन कार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे जा रुकी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। हादसा कार चालक बुजुर्ग को हार्ट अटैक आने के चलते हादसा होने की संभावना जताई जा रही है। उसका भी उपचार चल रहा है। महिला के पति ने चालक के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में शिकायत दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

महाराष्ट्र के अकोला की रहने वाली स्वर्णा भोंसले अपने पति रविंदर के साथ सोरखा में रहती है। वह खाना बनाने का करती थी। शनिवार रात को महिला धनतेरस की खरीददारी कर पति के साथ लौट रही थी। सेक्टर 76 में स्काईटेक मेट्रोट सोसायटी के पास दिल्ली नंबर कार ने महिला को चपेट में ले लिया। कार महिला के पेट से उतरते हुए अन्य वाहनों से जा टकराई। हादसे की जानकारी होने पर मौके पर लोग एकत्रित हो गए।

### दरभंगा में बकाया पैसा मांगने पर दुकानदार पर पेट्रोल छिड़ककर लगा दी आग, हालत नाजुक

**दरभंगा में एक दुकानदार द्वारा बकाया पैसे मांगने पर एक व्यक्ति ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। दुकानदार गंभीर रूप से झुलस गया है और अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।**



**कुशेश्वरस्थान।** थाना क्षेत्र के बलहा चौक पर बकाया राशि की मांग करना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। शुक्रवार की देर शाम कुछ युवकों ने किराना व आटा चक्की की दुकान में घुसकर दुकानदार पर पेट्रोल छिड़क आग लगा दी। इस घटना में दुकानदार महेश महतो बुरी तरह झुलस गए। वहीं, दुकान में रखे करीब दो लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घायल को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी सतीघाट में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना के बाद बलहा चौक पर अफरातफरी मच गई। आस-पास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया।इस संबंध में दुकानदार सह गृहस्वामी अरविंद पूर्वे ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया कि वह अपने संबंधी के साथ दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही प्रकाश कमती और विकास कमती सहित चार युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

वे कहने लगे कि हजार-दो हजार रुपये के लिए घर पर तगादा करता है। इसके बाद विकास कमती ने बगल की दुकान से पेट्रोल लाकर दुकानदार पर छिड़क दिया और प्रकाश कमती ने माचिस जलाकर फेंक दी।

घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी, लेकिन तब तक पीड़ित परिवार द्वारा घायल को इलाज के लिए ले जाया जा चुका था। पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें दो लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# टूटा 256 यात्रियों का दीवाली सपना! मिलान से दिल्ली आने वाली Air- India की फ्लाइट तकनकुी कारण से रद

**● दीवाली से पहले, मिलान से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट तकनीकी खराबी के कारण रद्द हो गई, जिससे 256 यात्रियों की घर वापसी की योजना बाधित हुई। एयरलाइन ने यात्रियों को होटल में ठहराया और उन्हें दूसरी उड़ानों में समायोजित करने का प्रयास कर रही है। प्रभावित यात्रियों को भोजन और परिवहन जैसी सहायता प्रदान की जा रही है। यह विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर था, जिसमें पहले भी तकनीकी समस्याएँ आई थीं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दीवाली से ठीक पहले 256 यात्रियों और 10 से ज्यादा क्रू मेंबर की घर लौटने की योजना उस समय बिगड़ गई जब मिलान से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट AI-138 तकनीकी खराबी के कारण रद करनी पड़ी। यह उड़ान शुक्रवार को दिल्ली के लिए रवाना होनी थी। एक यात्री जिनका शेंगन वीजा 20 अक्टूबर को समाप्त हो रहा है, उन्हें किसी दूसरी एयरलाइन की फ्लाइट में एडजस्ट किया गया ताकि वे दीवाली से पहले भारत पहुंच सके। बाकी यात्रियों को सोमवार के बाद दूसरी उड़ानों में भेजा जाएगा।

**Air India ने बयान किया जारी**

एअर इंडिया ने बयान जारी कर बताया, "17 अक्टूबर को मिलान से दिल्ली जाने वाली उड़ान को विमान में आए तकनीकी कारणों से रद किया गया। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया।" एयरलाइन ने बताया कि सभी यात्रियों को होटल में ठहराया गया है। हालांकि, हवाई अड्डे से आसपास सीमित जगह होने के कारण कुछ यात्रियों को दूर के होटलों में ठहराना पड़ा।

एअर इंडिया ने बताया कि प्रभावित यात्रियों को 20 अक्टूबर या उसके बाद की फ्लाइट्स में एडजस्ट किया जा रहा है, जिसमें एअर इंडिया और अन्य एयरलाइनों की उड़ानें शामिल हैं। बयान में कहा गया कि यात्रियों को जमीन पर हर संभव सहायता, जैसे भोजन और परिवहन उपलब्ध करा रही है और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

**ड्रीमलाइनर ने तोड़ा यात्रियों का सपना**

जानकारी के मुताबिक, यह विमान 787 ड्रीमलाइनर (VT-ANN) था, जिसने शुक्रवार दोपहर 2.54 बजे दिल्ली से उड़ान भरी और पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से बचते हुए लगभग 9 घंटे बाद मिलान पहुंचा। उतरने के बाद विमान में तकनीकी समस्या पाई गई, जिसके कारण वापसी उड़ान नहीं हो सकी।

**ड्रीमलाइनर के विमान में पहले भी आई थी खराबी**

एअर इंडिया रे पुराने वाइड-बॉडी बेड़े में तकनीकी भरोसेमंद की कमी लंबे समय से चिंता का विषय रही है। इससे पहले भी एक अन्य ड्रीमलाइनर में समस्या आई थी, जब रैम एयर टर्बाइन (RAT) अपने आप सक्रिय हो गया था। इस घटना पर भारत की DGCA ने बोइंग से रिपोर्ट मांगी है।

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 11वीं की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा रद, नई डेट की गई तय

**दिल्ली के सरकारी स्कूलों में चल रही छमाही परीक्षाओं के दौरान, शिक्षा निदेशालय ने 11वीं कक्षा की शारीरिक शिक्षा की परीक्षा को रद्द कर दिया है। यह परीक्षा पहले 18 अक्टूबर को होने वाली थी, लेकिन परिवहन संबंधी समस्याओं के कारण इसे रद्द कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 31 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। छात्रों को नई तारीख की सूचना दे दी गई है।**



**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में छमाही परीक्षा चल रही है। इस बीच शिक्षा निदेशालय ने 11वीं का 18 अक्टूबर का शारीरिक शिक्षा की परीक्षा परिवहन एवं अन्य कारणों से रद कर दी है। अब ये परीक्षा 31 अक्टूबर को आयोजित होगी। बाकी परीक्षाएं तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। प्रधानाचार्यों ने कहा कि विद्यार्थियों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। उन्हें परीक्षा की नई तारीख भी बता दी गई है।

## ट्रंप और जेलेंस्की के बीच हुई बातचीत, कीव को मिसाइलें भेजने के लिए तैयार नहीं अमेरिकी नेता

**● जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत की शुरुआत में गाजा में पिछले सप्ताह हुए युद्धविराम और बंधक समझौते पर उन्हें (ट्रंप को) बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब ट्रंप के पास रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने का बड़ा मौका है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गाजा में पिछले सप्ताह हुए युद्धविराम और बंधक समझौते को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शुक्रवार को बधाई दी और कहा कि अब ट्रंप के पास रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने का बड़ा मौका है। ट्रंप ने 'व्हाइट हाउस' में यहां जेलेंस्की की मेजबानी की। अमेरिकी नेता ने संकेत दिया है कि वह कीव को लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली बेचने की सहमति देने को तैयार नहीं हैं। हालांकि यूक्रेन को इसकी सख्त जरूरत है।

जेलेंस्की अपने शीर्ष सहयोगियों के साथ दोपहर के भोजन पर ट्रंप के साथ नवीनतम घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए यहां पहुंचे। इससे एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर लंबी बातचीत हुई थी, जिसमें युद्ध का मुद्दा छाया रहा था।

जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति से बातचीत की शुरुआत में गाजा में पिछले सप्ताह हुए युद्धविराम और बंधक समझौते पर उन्हें (ट्रंप को) बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब ट्रंप के पास रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने का बड़ा मौका है।

ज़ेलेंस्की ने कहा, ''राष्ट्रपति ट्रंप के पास अब इस युद्ध को समाप्त करने का एक बड़ा मौका है।'' हाल ही में ट्रंप ने यूक्रेन को लंबी दूरी की 'टॉमहॉक क्रूज' मिसाइलें बेचने की मंशा दिखाई थी, जबकि पुतिन ने चेतावनी दी थी कि इस तरह के कदम से अमेरिका-रूस संबंधों में और तनाव पैदा होगा।

# नेपाल- काठमांडू के संवेदनशील पांच इलाकों में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाया गया

**● मुख्य जिला प्रशासन अधिकारी ईश्वर राज पौडेल द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है कि नेपाल के संविधान के तहत अन्य सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण सभाओं एवं विरोध प्रदर्शनों की अनुमति है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नेपाली प्राधिकारियों ने राजधानी काठमांडू के पांच संवेदनशील क्षेत्रों में दो महीने की अवधि के लिए विरोध प्रदर्शनों पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध शनिवार से प्रभावी होगा।

काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास, सिंहदरबार सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, लैंचौर स्थित उपराष्ट्रपति आवास और नारायणहिती संग्रहालय के आसपास के क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं। सभी पांच स्थानों पर विरोध कार्यक्रम, सभा, धरना, भूख हड़ताल और प्रदर्शन प्रतिबंधित कर दिए गए।

नोटिस के अनुसार, ''इन संवेदनशील क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन, सभाएं और मार्च आयोजित करने से कानून-व्यवस्था की स्थिति खतरे में पड़ सकती है और शांति भंग हो सकती है, साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा भी हो सकता है, जिसे देखते हुए यह प्रतिबंध लगा दिया गया है।''

मुख्य जिला प्रशासन अधिकारी ईश्वर राज पौडेल द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है कि नेपाल के संविधान के तहत अन्य सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण सभाओं एवं विरोध प्रदर्शनों की अनुमति है। ये प्रतिबंध पिछले महीने 'जेन-जेड' के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के बाद लगाए गए हैं। 'जेन जेड' उस पीढ़ी को कहा जाता है जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई है।

# ऑपरेशन सिंदूर भूले पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर, भारत को दी गीदड़भभकी, कहा- निर्णायक जवाब देंगे

**● पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भारत को फ्रउम्मीद से परेफ्र जवाब देने की गीदड़भभकी दी, जबकि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के कई लड़ाकू विमान और हवाई अड्डों को भारी नुकसान पहुँचाया था। मुनीर ने इन तथ्यों को छिपाते हुए परमाणु क्षमता वाले माहौल में भारत को गंभीर सैन्य और आर्थिक परिणामों की चेतावनी दी, जिसे भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव में वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने एक बार फिर भारत विरोधी बयानबाजी की, जबकि उनके सैनिकों को तालिबान के साथ चल रहे संघर्ष में कई झटके लगे हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, काकुल स्थित पाकिस्तान सैन्य अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा कि ÷परमाणु ऊर्जा से लैस माहौल में युद्ध की कोई गुंजाइश नहीं है।" ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के साथ हुए संक्षिप्त संघर्ष में मुनीर की सेना ने अपने कई प्रमुख हवाई अड्डे खो दिए थे। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान डरेगा नहीं।

भारतीय हमलों से तबाह होने के बाद उनके डीजीएमओ ने ही युद्धविराम की मांग की थी। हालांकि, मुनीर ने इस तथ्य को छिपाने की कोशिश करते हुए कहा कि हम आपकी बयानबाजी से न तो कभी डरेंगे और न ही दबाव में आएंगे और बिना किसी झिझक के, मामूली उकसावे का भी, पूरी तरह से, निर्णायक जवाब देंगे। आगे चलकर तनाव बढ़ने की ज़िम्मेदारी, जिसके अंततः पूरे क्षेत्र और उसके बाहर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं, पूरी तरह से भारत पर होगी।

मुनीर ने कहा, "अगर शत्रुता की एक नई लहर शुरू होती है, तो पाकिस्तान अपनी उम्मीदों से कहीं ज़्यादा जवाब देगा।" ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के 12-13 लड़ाकू विमानों को नष्ट कर दिया, जिनमें ज़मीन पर चार से पाँच JF-16 और हवा में पाँच JF-16 और JF-17 के साथ-साथ दो जासूसी विमान भी शामिल थे। भारतीय वायु सेना ने कई पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर भी हमले किए, रडार, कमांड सेंटर, रनवे, हैंगर और एक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM) प्रणाली को नुकसान पहुँचाया। इस स्थिति का सामना करते हुए, मुनीर ने तथ्यों को छिपाने के लिए बयानबाजी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष और संचार क्षेत्रों के बीच कम होते अंतर के साथ, हमारी हथियार प्रणालियों की पहुँच और मारक क्षमता भारत के भौगोलिक युद्ध-क्षेत्र की गलत धारणा को चकनाचूर कर देगी। इससे होने वाला गहरा दर्दनाक प्रतिशोधात्मक सैन्य और आर्थिक नुकसान अराजकता और अस्थिरता फैलाने वालों की कल्पना और गणना से कहीं परे होगा।

# JK: HC की सरकार को निर्देश, तय करें कि जेल में कैद AAP विधायक मलिक राज्यसभा चुनाव में वोट डाल सकें

**● हाई कोर्ट की ओर से यह आदेश ,क्कविधायक की ओर से दाखिल उस अनुरोध पर आया है, जिसमें उन्होंने 23 अक्टूबर से श्रीनगर में शुरू होने वाले आगामी विधानसभा सत्र में भाग लेने और अगले दिन होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति मांगी थी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने आज शनिवार को राज्य की उमर अब्दुल्ला सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि वह आम आदमी पार्टी (AAP) के विधायक मेहराज मलिक को केंद्र शासित प्रदेश की 4 सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने की अनुमति सुनिश्चित करे.

सुनवाई के दौरान राज्य के वकील ने हाई कोर्ट को बताया कि अधिकारियों ने कठुआ जेल में पोस्टल बैलेट (Postal Ballots) पहले ही भेज दिए हैं, जहां विधायक मलिक 8 सितंबर से जन सुरक्षा अधिनियम (Public Safety Act, PSA) के तहत बंद हैं.

कोर्ट की ओर से यह आदेश,क्कविधायक की ओर से दाखिल उस अनुरोध पर आया है, जिसमें उन्होंने 23 अक्टूबर से श्रीनगर में शुरू होने वाले आगामी विधानसभा सत्र में भाग लेने और अगले दिन होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति मांगी थी।

**सरकार का कोर्ट में क्या दी दलील**

जस्टिस राजेश सेखरी ने सरकार को निर्देश दिया कि वह यह तय करे कि कैदी को अपना वोट डालने की अनुमति दी जाए, जो आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता भी हैं. कोर्ट में AAP विधायक का प्रतिनिधित्व सीनियर एडवोकेट राहुल पंत, और एडवोकेट एसएस अहमद, मुजफ्फर इकबाल खान, अप्पू सिंह सलाथिया, तारिक मुगल और एम. जुल्करनैन चौधरी ने किया. वकीलों ने जोर देकर कहा कि आवेदन पर आज ही विचार किया जाना चाहिए।

सीनियर एडिशनल एडवोकेट मोनिका कोहली, सीनियर एडवोकेट सुनील सेठी के साथ, सरकार की ओर से पेश हुई और उन्होंने कोर्ट को बताया कि उन्होंने कल शुक्रवार को ही आवेदन का जवाब दाखिल कर दिया था. हालांकि कोर्ट ने जवाब दिया कि रिकॉर्ड में नहीं है. इस पर सेठी ने दलील दी कि सरकार ने पहले ही पोस्टल बैलेट अथॉरिटी को भेज दिए हैं ताकि हिरासत में लिए गए विधायक अपनी पसंद के हिसाब से वोट दे सकें।

**राज्यसभा चुनाव में NC-BJP में टक्कर**

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा सचिव मनोज पंडित, जो राज्यसभा चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर भी हैं, ने मेहराज मलिक की वोटिंग के लिए कठुआ जेल में 3 पोस्टल बैलेट भेजे हैं, जो कानून के अनुसार हिरासत में लिए गए विधायक को मतदान में भाग लेने की अनुमति देता है।

राज्यसभा की 2 सीटों के लिए अलग-अलग चुनाव हो रहे हैं, जबकि 2 अन्य सीटों को एक ही अधिसूचना के तहत एक साथ जोड़ दिया गया है, जिससे हर विधायक के पास 3 वोट डाल सकेगा. राज्यसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 4 उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 3 उम्मीदवार उतारे हैं।

# IND W vs ENG W- जीत की राह पर लौटना चाहेगी भारतीय टीम, सेमीफाइनल की सीट लगी है दांव पर

**● इंदौर में शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी के बाद शनिवार दोपहर बाद करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम साफ रहेगा और मैच बिना किसी रुकावट के पूरा हो सकेगा। भारतीय टीम को अपने पिछले दो मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। अंतिम चार टीमों में ऑस्ट्रेलिया (नौ अंक) पहले ही स्थान पक्का कर चुकी है।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**इंदौर।** पिछले दो मैचों में मिली हार से मेजबान भारतीय महिला क्रिकेट टीम का वर्ल्ड कप में सफर कुछ लड़खड़ाया है। अब रविवार को होने वाले मुकाबले में चुनौती इंग्लैंड की है। सेमीफाइनल में होड़ में बने रहने के लिए इस मैच का परिणाम महत्वपूर्ण होगा। इंग्लैंड की टीम अब तक एक भी मैच नहीं हारी है, लेकिन राहत की बात है कि दोनों टीमों के बीच पिछली टक्कर में भारत ने ही जीत दर्ज की थी। इंदौर में शुक्रवार को हुई बूंदाबांदी के बाद शनिवार दोपहर बाद करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम साफ रहेगा और मैच बिना किसी रुकावट के पूरा हो सकेगा। भारतीय टीम को अपने पिछले दो मैचों में लगातार हार का सामना करना पड़ा है। अंतिम चार टीमों में ऑस्ट्रेलिया (नौ अंक) पहले ही स्थान पक्का कर चुकी है।

**साउथ अफ्रीका की भी सीट पक्की**

साउथ अफ्रीका (आठ अंक) दूसरे नंबर पर है। इंग्लैंड चार मैचों में तीन जीत और एक बिना रिजल्ट मैच से सात अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत चार मैचों में दो जीत और दो हार से चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। भारत को इंग्लैंड के बाद न्यूजीलैंड से 23 अक्टूबर को और बांग्लादेश से 26 अक्टूबर को मैच खेलना है।

**एक हफ्ते का मिला है आराम**

ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद टीम को करीब एक सप्ताह का आराम मिला है। टीम के खिलाड़ियों ने इस समय का पूरा उपयोग कर अपनी कमजोरियों को दूर करने का प्रयास किया। भारतीय टीम ने शनिवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में केवल स्मृति मंधाना ही स्टेडियम पहुंची थी। स्मृति ने इनडोर नेट्स पर अभ्यास किया।

**300 रन के बाद भी मिली हार**

भारतीय टीम को पिछले मैच में 300 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी हार मिली थी। टीम के लिए बल्लेबाजी ज्यादा परेशानी नहीं हैं। दोनों सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना अच्छी लय में हैं और पिछले मैच में अर्धशतक बनाया था। कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरलीन देओल, जेमिमा राड्रिग्स और रिचा घोष ने उपयोगी योगदान दिया था।

**निचले क्रम की बल्लेबाजी चिंता का विषय**

हालांकि, निचले क्रम की लड़खड़ाहट टीम के लिए चिंता है। ऐसे ही टीम की गेंदबाजी भी चिंता का कारण है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह 300 से ज्यादा के स्कोर की भी रक्षा नहीं कर सके थे। उन्हें इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## राजनीतिक गतिविधियों में शामिल पुलिसकर्मियों पर होगी कार्रवाई, जारी हुआ निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पटना। विधानसभा चुनाव के दौरान बिहार पुलिस के पदाधिकारियों व कर्मियों को राजनीतिक रूप से निष्पक्ष रहते हुए अपना काम करने को कहा गया है। अगर कोई पुलिस पदाधिकारी या कर्मी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में काम करता पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बिहार पुलिस मुख्यालय ने इस बाबत सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) और पुलिस उप-महानिरीक्षक (डीआईजी) को पत्र लिखकर इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया है।

पुलिस मुख्यालय के पत्र में कहा गया है कि विधानसभा चुनाव को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराना पुलिस का महत्वपूर्ण दायित्व है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहें और किसी खास राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में मतदाताओं को प्रभावित करने वाला काम न करें। यदि कोई पुलिस पदाधिकारी या कर्मी राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है अथवा किसी दल या उम्मीदवार के पक्ष में काम करते हैं तो उन्हें चुनाव कार्य से हटा दिया जाए।

पुलिस मुख्यालय ने सभी क्षेत्रीय आइजी और डीआइजी को चुनाव के दौरान पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को निष्पक्षता बरतने का निर्देश देने को कहा गया है। इसके बावजूद अगर कोई पुलिस पदाधिकारी या कर्मी राजनीतिक गतिविधियों या दल व उम्मीदवारों के पक्ष में काम करता पाया जाता है, तो इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को देने का निर्देश आईजी-डीआजी को दिया गया है। इस निर्देश की प्रति सभी एसएसपी और एसपी को भी दी गई है।

## दिल्ली- संसद के करीब ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में भीषण आग, कई सांसदों का आवास है यहां



**नई दिल्ली** स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर दमकल की टीमें मौके पर पहुँचीं और राहत कार्य शुरू किया। छह गाड़ियाँ घटनास्थल पर भेजी गई हैं। ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट, नई दिल्ली में डॉ. बिशंभर दास मार्ग पर स्थित राज्यसभा सांसदों के लिए एक आवासीय परिसर है। ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट के निवासी विनोद ने कहा कि मेरा कुत्ता अंदर फंस गया था। मेरी बेटी की शादी कुछ ही महीनों में होने वाली है, और जो भी गहने, सोना और कपड़े हमने खरीदे थे, वे भी अंदर हैं... मेरी पत्नी और मेरा एक बच्चा भी जल गया। वे अस्पताल में हैं... हमें कोई सुराग नहीं है कि आग कैसे लगी... मेरा घर तीसरी मंजिल पर है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने कहा कि अपार्टमेंट संसद भवन से सिर्फ़ 200 मीटर की दूरी पर है। एक एक्स (पहले ट्विटर) पोस्ट में, उन्होंने दिल्ली सरकार की भी आलोचना की और कहा कि दमकल विभाग ने आग लगने की सूचना पर तुरंत कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा, "सभी निवासी राज्यसभा सांसद हैं। इमारत संसद भवन से 200 मीटर की दूरी पर है।" 30 मिनट से कोई दमकल विभाग नहीं आया है। आग अभी भी जल रही है और बढ़ती जा रही है। बार-बार सूचना देने के बावजूद दमकल गाड़ियाँ गायब हैं। दिल्ली सरकार, कुछ तो शर्म करो।"